गणितानुयोग

[जैनागमों में वर्णित भूगोल-खगोल का संकलन और वर्गीकरण]

संकलनकर्त्ता :

मुनि कन्हैयालाल 'कमल'

अनुवादक :

डा० मोहनलाल महता, एम. ए., पी-एच. डी.

सम्पादक :

पं० शोभाचन्द्र भारिल्ल

आगम-अनुयोग प्रकाशन, सांडेराव [राजस्थान]

GANITĀNUYOGA

[Selection and classification of Geographical and Astronomical data from Jaina Sutras]

Compiled by

Muni Kanhaiyalal 'Kamala'

Translated by

Dr. Mohanlal Mehta, *M. A., Ph. D.*

Edited by

Pt. Shobhachandra Bharilla

Agama-Anuyoga Publication, Sanderao (Rajasthan)

न नायपुत्ता परमत्थि नाणी

श्रमण भगवान महावीर की
निर्वाण-सार्द्ध द्विसहस्राब्दी
के उपलक्ष में

जयइ जगजीवजोणी-वियाणओ जगगुरू जगाणंदो,
जगणाहो जगबंधू, जयइ जगप्पियामहो भगवं ।।१
जयइ सुआण पभवो, तित्थयराणं अपच्छिमो जयइ ।
जयइ गुरू लोगाणं, जयइ महप्पा महावीरो ।।२

सुदंसणस्सेव जसो गिरिस्स, पवुच्चइ महतो पव्वयस्स ।
एतोवमे समणे नायपुत्ते, जाइजसो दंसण-णाणसीले ॥

• • • •

गिरीवरे वा निसहाऽऽययाणं, रुयए व सेट्ठे वलयायताणं ।
तओवमे से जगभूइपण्णे, मुणीण मज्झे तमुदाहु पण्णे ॥

• • • •

रुक्खेसु णाए जह सामली वा, जस्सि रइं वेययति सुवण्णा ।
वणेसु वा णंदणमाहु सेट्ठं, णाणेण सीलेण य भूइपण्णे ॥

• • • •

जहा सयंभू उदहीण सेट्ठे, णागेसु वा धरणिंदमाहु सेट्ठे ।
खोओदए वा रसवेजयंते, तवोवहाणे मुणिवेजयंते ॥

• • • •

हत्थीसु एरावणमाहु णाए, सीहो मिगाण सलिलाण गंगा ।
पक्खीसु वा गरुले वेणुदेवो, निव्वाणवादीणिह णायपुत्ते ॥

समप्पणं

णियनामेणं जेणं, महप्पणा पुज्जसामि-दासेणं,
सक्खं जयइ पयडिओ, दंसणरयणं अणेगन्तो ॥१॥
जिणसुयणिम्मलसोओ, सुरक्खिओ जेण सूरिपवरेणं,
लिहिऊणं सुत्ताणि य, अणेगवारं अणेगाणि ॥२॥
तस्स महेसिवरस्स हि, सिस्स-पसिस्सक्कमेणऽणुग्गहिओ ।
गणितानुयोगसत्थं, अप्पेइ सभत्तिं—

—मुणी 'कमलो' ॥३॥

प्रकाशकीय निवेदन

समस्त जैनागमो मे से चरणानुयोग आदि चारो अनुयोगो का चार विभागों मे सकलन एव उनका विषयानुक्रम से वर्गीकरण करने का प्रयास, आगम-साहित्य के इतिहास मे एक नूतन, अत्यन्त महत्त्वपूर्ण और उपयोगी प्रयास है। यह प्रयास जितना महत्त्वपूर्ण और उपयोगी है, उतना ही जटिल, श्रमसाध्य और सूक्ष्म अध्ययन की अपेक्षा रखने वाला है। हर्ष है कि पण्डितरत्न **मुनि श्री कन्हैयालालजी म० सा० 'कमल'** ने इस गुरुतर कार्य को अपने हाथ मे लिया और लगातार कई वर्षों तक सलग्न रहकर इसका अधिकाश सम्पन्न किया। मुनिश्री के इस पुण्य-प्रयास को देखकर हमारे मन मे यह सकल्प जागृत हुआ कि मुनिश्री के तत्त्वावधान मे ही चारो अनुयोगो का प्रकाशन हो।

सर्वप्रथम चरणानुयोग का मुद्रण देहली मे प्रारम्भ हुआ। २५ फॉर्म मुद्रित भी हुए। किन्तु पू० प्रवर्त्तक मरुधरकेसरी प० र० श्री मिश्रीमलजी म० सा० के स्नेहपूर्ण आग्रह से, उनकी दीक्षा-अर्धशताब्दी के अवसर पर होने वाले अभिनन्दन-समारोह मे सम्मिलित होने के लिए मुनिश्री को देहली छोडकर सोजत आना पडा। साडेराव-वर्षावास के पश्चात् श्रीविद्याकुमारजी की भागवती दीक्षा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तब तक गर्मियो के दिन आ जाने से और स्वास्थ्य अनुकूल न होने से आपका तत्काल पुन दिल्ली जाना न हो सका। फलस्वरूप चरणानुयोग का कार्य अधूरा ही रह गया है। उसे अब यथासम्भव शीघ्र पूर्ण करना है।

इस बीच गणितानुयोग की सामग्री तैयार हो जाने के कारण राजस्थान के प्रमुख प्रेस 'वैदिक यन्त्रालय' मे उसके मुद्रण का कार्य आरम्भ करा दिया गया। मुनिश्री का स्वास्थ्य ठीक नही था, किन्तु प० श्रीशोभाचन्द्रजी सा० भारिल्ल का उदार सहयोग इस अवधि मे सम्पादनकार्य मे लिया गया। इससे कार्य यथासमय सम्पन्न हो सका। इसका अनुवाद डॉ श्री मोहनलालजी मेहता एम ए, पी-एच. डी. ने किया है।

प० र० मुनिश्री, डॉ० महता और श्री भारिल्लजी के परिश्रम से गणितानुयोग का यह प्रकाशन इस रूप मे सम्भव हो सका है। इसके लिए हम इनके कृतज्ञ हैं।

अजमेर निवासी सेवाभावी श्री रूपराजजी सा. कोठारी, श्री हसराज बच्छराजजी कोठारी (गोटे वाले) आदि महानुभावो ने मुद्रणकार्य मे सहयोग देकर हमारे उत्तरदायित्व को हल्का कर दिया। इसके लिए हम उनके अतीव आभारी हैं।

नियत अवधि मे मुद्रणकार्य सम्पन्न कर देने के लिए वैदिक यन्त्रालय के अधिकारी और कार्यकर्त्ता भी कम धन्यवाद के पात्र नही हैं।

निवेदक

—मंत्री, आगम-अनुयोग प्रकाशन,

सांडेराव (राजस्थान)

श्रावणकृष्णा १, वी स. २४९५

संकेतसूची

अ०	— अध्ययन
अनु०	— अनुयोगद्वार
आ०	— आचारांग
उ०	— उद्देशक
उत्तर०	— उत्तराध्ययन
गा०	— गाथा
चन्द्र०	— चन्द्रप्रज्ञप्ति
जम्बू०	— जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति
जीवा०	— जीवाभिगमसूत्र
जीवा० प्र०	— जीवाभिगमसूत्र प्रतिपत्ति
ठा०	— ठाणांग—स्थानांगसूत्र
ठाणा०	— ,, ,,
पण्ण०	— पण्णवणा
पन्न०	— ,,
पृ०	— पृष्ठ
प्र०	— प्रश्न
प्रज्ञा०	— प्रज्ञापनासूत्र
भग०	— भगवतीसूत्र
भा०	— भाग
वक्ष०	— वक्षस्कार
विया०	— वियाहपण्णत्ति (भगवतीसूत्र)
श०	— शतक
श्रु०	— श्रुतस्कन्ध
[illegible]	— समवाय
[illegible]	— समवायांगसूत्र
[illegible]	— सूत्र
[illegible]	— सूत्रकृतांगसूत्र
[illegible]	— सूर्यप्रज्ञप्ति

प्राक्कथन

अनुयोग–वर्गीकरण

विगत दो-चार दशको मे प्राच्यविद्या प्रेमियो ने प्राकृत–भाषा का महत्त्व समझा है। और कतिपय विश्व-विद्यालयो मे प्राकृत अध्ययन-केन्द्र स्थापित किये हैं, प्राकृत टेक्स्ट सोसायटियो से महत्त्वपूर्ण प्राचीन-ग्रन्थ आधुनिक शैली के सम्पादित होकर प्रकाशित हुए हैं। कुछ प्रकाशन-सस्थान शोध पूर्ण एव समीक्षात्मक जैनागमो के प्रकाशन कर रहे हैं। किन्तु शोध निबन्धो के आधुनिक लेखक विषय प्रतिपादन के लिए सदर्भ ग्रन्थो के रूप मे यदि समस्त जैनागमो को देखना चाहे, तो उन्हे आगमो के ये सस्करण देखकर निराशा ही होती है। क्योंकि स्वर्गीय पूज्य श्री अमोलक ऋषिजी महाराज सपादित (मूल एवं हिन्दी अनुवाद सहित) बत्तीस शास्त्रो के तथा श्री पुष्फ भिक्खु सपादित (केवल मूलपाठ सुत्तागमे) बत्तीस शास्त्रो के अतिरिक्त समग्र आगमो का मुद्रण अद्यावधि नही हुआ है। ये आगम भी भारत के समस्त उच्चतम विद्यालयो या विश्वविद्यालयो के पुस्तकालयो में उपलब्ध नही हैं। दो-दो, चार-चार आगम अनेक प्रकाशन सस्थाओ ने प्रकाशित किये हैं। उनका भी प्रचार सीमित ही है। अत वे सर्वत्र सुलभ नही हैं। आधुनिक शैली से सम्पादित कुछ आगम मूल मात्र के और कुछ सानुवाद के प्रकाशित हो रहे हैं। परन्तु सम्पूर्ण आगमो के प्रकाशित होने मे न जाने कितने युग बीतेंगे !

जैन पुस्तकालयो की व्यवस्था भी सर्वत्र समीचीन न होने से शोध-निबन्ध लेखको को यथेष्ट लाभ नही मिल पाता। यदि साहसी शोध-निबन्ध लेखक किसी प्रकार सभी जैनागमो का सग्रह कर भी लें तो उनमे से अभीष्ट विषय का परिपूर्ण शोध कर सकना उनके लिए कितना कठिन होता है इसका अनुभव तो शोध निबन्ध लेखको को ही हो सकता है। एक विषय के पाठो को एकत्रित करने मे कितने समय व श्रम की अपेक्षा होती है, यह भी एक असाधारण तथ्य है।

जैनागम सम्बन्धित शोध-निबन्ध के लेखक को प्रौढ आगम-अभ्यासी निर्देशक का मिलना भी उतना ही कठिन है जितना आधुनिक शैली के सपादित समस्त आगमों का मिलना। इन सब समस्याओ मे उलझकर अनेक शोध-निबन्ध लेखक विषय परिवर्तन का सकल्प कर लेते थे या विषय का यथेष्ट प्रतिपादन न कर पाते थे, इसलिए शोध कार्य अधूरा रह जाता था।

इत्यादि अनेक अनुपेक्षणीय तथ्यो से प्रेरित होकर मैने जैनागमो के समस्त विषयो का वर्गीकरण करके उसे चार अनुयोगो मे विभक्त करने का सकल्प किया है। यद्यपि अनुयोग वर्गीकरण का कार्य समूह साध्य एवं श्रम साध्य था, साथ ही अद्यावधि उपलब्ध समस्त आगमो के प्रकाशन तथा अनेक सदर्भ ग्रथ अपेक्षित थे, किन्तु ये सब सुलभ नही हुए। और न इस महान कार्य मे मुझे किसी बहुश्रुत का उदार सहयोग या निरन्तर निर्देशन ही प्राप्त हुआ। फिर भी जितना कार्य किया है उसे क्रमश: प्रस्तुत करते रहने का संकल्प है।

इन अनुयोग–विभागो के स्वाध्याय का सुफल यह होगा कि प्राचीन चिन्तन का किस प्रकार क्रमिक विकास हुआ है ? कौन सा पाठ आगम सकलन काल के पश्चात् परिवर्धित या प्रक्षिप्त किया गया है ? आगमो के लिपिबद्ध होने के पश्चात कौन सा आगम अगविच्छिन्न हुआ और कौन सा नया अग आगम स्थानापन्न हुआ है ? किस आगम पाठ की कहा पूर्ति हुई है ? कौन सा आगम पाठ परमत की मान्यता का है और कौन सा स्वमत की मान्यता का है ? कौन सा परमत का पाठ भ्रान्ति से स्वमत का मान लिया गया है ? इत्यादि उपलब्धिया शोध निबन्ध लेखको के लिए यदि उपयोगी हुईं तो यह श्रम सफल होगा।

वर्गीकरण का यह कार्य स्वर्गीय गुरुदेव के जीवन काल मे प्रारभ किया था। परन्तु कार्य काल मे कई वाधायें आई, जिनसे तथा सेवाकार्य मे सलग्न रहने के कारण कार्य स्थगित भी करना पडा। सन् १९६३ मे मेरे आराध्य गुरुदेव का स्वर्गवास हो गया, पश्चात् सन् १९६५ मे देहली मे जैनागम निर्देशिका और समवायाग का प्रकाशन परिपूर्ण होने पर तथा स्थानाग के पृष्ठ छपने पर और चरणानुयोग के केवल २५० पृष्ठ छपने पर प्रकाशन कार्य स्थगित कर राजस्थान मे आना पडा। पुन सन् १९६९ मे अजमेर मे गणितानुयोग का प्रकाशन कार्य प्रारभ हुआ। अस्वस्थ शरीर एव यथेष्ट सामग्री के अभाव मे भी यह गणितानुयोग पाठको के समक्ष समुपस्थित किया गया है। आशा है श्रुत सेवी सज्जन इसे अपना कर अपना अभिमत व्यक्त करेंगे।

गणितानुयोग का संकलन

जैनागमो मे जहा-तहा उपलब्ध भूगोल-खगोल सम्बन्धित समस्त कथनो को इसमे सकलित किया गया है। इसमे सर्व प्रथम अलोक का वर्णन है, पश्चात्-अलोक के मध्यस्थित लोक का वर्णन है। अधोलोक, मध्यलोक और ऊर्ध्वलोक—ये लोक के ही तीन विभाग हैं। इनका क्रमश इस गणितानुयोग मे सकलन है। ग्रथ के प्रारम्भ मे प्रस्तावना और अन्त मे कतिपय परिशिष्ट हैं।

[१] भूगोल-खगोल सम्बन्धी आगम-पाठ जो भाव एव भाषा मे साम्य रखते हैं, उनमे से एक आगम का पाठ मूल सकलन मे सकलित किया गया है, शेष आगमों के समग्र पाठो का स्थल निर्देश मूल सकलन मे अकित किया गया है।

[२] जैनागमो मे भूगोल-खगोल सबधी कुछ पाठ ऐसे हैं जिनमे एक वस्तु के अल्पसख्यक और बहु-सख्यक प्रकार मिलते हैं। उनमे से बहु सख्या वाला एक पाठ मूल सकलन मे लिया है और अल्प सख्या वाले सभी पाठो के स्थल निर्देश-उसी पाठ के नीचे या टिप्पण मे दिये हैं। उदाहरण के लिये देखिए पृष्ठ ९ "लोकस्थिति" शीर्षक।

[३] सकलित आगम पाठो पर जहा १, २ आदि अक दिये हैं वे सब टिप्पण के अक हैं। जितने अश पर अक हैं उतने ही अश से सम्बन्धित अन्य आगम पाठ का स्थल निर्देश टिप्पण मे दिया है।

[४] प्रस्तुत सकलन मे प्रत्येक विषय का वर्गीकरण किया गया है और एक विषय के वर्गीकरण मे सम्बन्धित विषय के सभी पाठ एक साथ सकलित किए गए हैं। विषय प्रतिपादन मे भी पूर्वापर का क्रम बना रहे—इस ओर अधिक ध्यान दिया गया है।

[५] प्राकृत मूल पाठो के मुद्रण मे "मूल सुत्ताणि" की शैली ही अपनायी गई है। क्योंकि इस प्रकार मुद्रित प्राकृत पाठ का भाव सस्कृत या हिन्दी के अभ्यासी सरलता पूर्वक समझ सकते हैं।

[६] हिन्दी अनुवाद डॉ मोहन लाल महता ने किया है जो इस समय पार्श्वनाथ विद्याश्रम मे शोध-सस्थान के अध्यक्ष हैं। अनुवाद की भाषा सरल है अत सामान्य हिन्दी का ज्ञान रखने वाले पाठको को भी समझने मे कोई कठिनाई नही होगी। मूल पाठ का केवल शब्दानुलक्षी अनुवाद किया गया है। इसलिए कही-कही गणित का विषय स्पष्ट नही हो पाया है। अत जिज्ञासु पाठक एतद् विषयक किसी गणित विशेषज्ञ से या किसी ग्रन्थ से विषय को समझने का प्रयत्न करेंगे तो आशा है कि गणित के तथ्य समझ मे आ सकेंगे।

[७] जैनागमो से सम्बन्धित विषयो पर शोध-निबन्ध लिखने वाले या सामान्य जिज्ञासु सुविधा पूर्वक अभीष्ट विषय की उपलब्धि कर सकें, इसके लिए प्रस्तुत सकलन मे सभी शीर्षक हिन्दी मे दिये गए है ।

[८] प्रस्तुत सकलन मे चन्द्र-प्रज्ञप्ति के सूत्राक स्थल निर्देशन मे दिये हैं किन्तु वे सब सूर्य-प्रज्ञप्ति के ही सूत्राक है[1] ऐसा समझे, क्योकि चद्र-प्रज्ञप्ति की पूर्ण प्रति व टीका प्रयत्न करने पर भी हमे प्राप्त नही हो सकी अत ऐसा किया गया है ।

[९] गणितानुयोग के सकलन एव सपादन मे जो त्रुटिया रही है, उनका परिमार्जन जानते हुए भी नही किया जा सका, इसके लिये हम अन्य किसी को दोषी नही ठहराते । यदि द्वितीय सस्करण होने का सुअवसर प्राप्त होगा तो अवश्य सशोधन किया जाएगा । जो त्रुटिया है वे केवल आगमो के स्थल निर्देशन मे बरती गई असमानरूपता सबन्धी है । मूल सकलन मे भी यदि भूगोल-खगोल सबन्धी कतिपय पाठ छूट गए हो तो हमारे पूज्य बहुश्रुत एव स्वाध्याय-शील सद्गृहस्थ अपना कर्तव्य समझ कर हमें अवश्य सूचित करेंगे—ऐसी आशा है ।

अनुयोग-व्याख्या पद्धति

जिस प्रकार नगर की चारो दिशाओ मे चार द्वार हो तो उसमे प्रवेश करना सबके लिए सरल है, उसी प्रकार १. उपक्रम, २. निक्षेप, ३ अनुगम और ४. नय—इन चार अनुयोग द्वारो से आगम रूप नगर मे प्रवेश करना सबके लिये सरल होता है । अर्थात् इन चार अनुयोग द्वारो का आधार लेकर जो आगम पद्धति की व्याख्या करते हैं उन सबके लिये आगम ज्ञान प्राप्त करना अति सरल है ।

जैनागमो की यह अनुयोग व्याख्या पद्धति अति चिरतन काल से उपयोगी रही है । जैनागमों की उपलब्ध टीकाओ के टीकाकारो ने भी इसी अनुयोग व्याख्या पद्धति का अपनी टीकाओ मे प्रयोग किया है ।

नदी-सूत्र निर्दिष्ट श्रुतज्ञान के विवरण मे अग प्रविष्ट, अग-बाह्य, कालिक और उत्कालिक आदि सभी आगमो की व्याख्या करने के लिए इन चार अनुयोग द्वारो का ही प्रयोग करने की सूचना दी गई हैं। और इसी आधार पर अंगबाह्य, उत्कालिक आवश्यक की विस्तृत व्याख्या अनुयोग द्वार-सूत्र मे इन चार अनुयोग द्वारो द्वारा ही की गई है ।

---

१ (क) चद्र प्रज्ञप्ति वर्तमान मे अनुपलब्ध है । यह आगम-साहित्य के इतिहासज्ञों का अभिमत है ।

अनुयोग-विभाजन

चार अनुयोगो के नाम —

१—चरणानुयोग, २—धर्मकथानुयोग, ३—गणितानुयोग ४—द्रव्यानुयोग ।

उपलब्ध अग-उपाग आदि आगमो मे इन चार अनुयोगो के नाम क्रमश कही नही मिलते हैं ।

१—**द्रव्यानुयोग का नाम**—स्थानाग के दशम स्थान मे मिलता है[1] ।

२—**चरणानुयोग का नाम**—उत्तराध्ययन के अध्ययन के आधार पर नामकरण हुआ है ।

३—**धर्मकथानुयोग का नाम**—ज्ञाताधर्म कथा के आधार पर नामकरण हुआ है ।

४—**गणितानुयोग का नाम**—चद्र-सूर्य-प्रज्ञप्ति आदि के आधार पर नामकरण हुआ है[2] ।

आगमोत्तर कालीन ग्रन्थ मे तथा जैनागमो की उपलब्ध टीका, निर्युक्ति तथा भाष्य आदि मे चारो अनुयोगों के नाम और अनुयोगो के अनुसार आगमो का विभाजन मिलता है ।

जैनागमो मे वर्णित विविध विषय भगवान महावीर से लेकर श्री आर्य वज्र पर्यन्त अनुयोगो मे विभक्त नही हुऐ थे । क्योकि प्रत्येक पद में चारो अनुयोगो का तथा सातो नयो का चिन्तन किया जाता था इसलिए विभाजन की कोई उपादेयता ही नही थी, किन्तु ह्रास काल के प्रभाव से जब महान् मेघावियो को भी एक पद मे चारो अनुयोगो तथा सातो नयो का चिन्तन पहेली प्रतीत होने लगा तो श्री आर्य रक्षित ने आगमो मे प्रतिपादित समस्त विषयो (पदो) को चार अनुयोगो मे विभक्त कर दिया था ।

इस अनुयोग विभाजन की क्या रूप रेखा थी ? विषय सकलन किस क्रम से किया गया था ? और इस अनुयोग विभाजन की परपरा कब विनष्ट हुई ? इत्यादि ऐतिहासिक तथ्यो के अन्वेषण का उपक्रम अब तक किसी ने किया या नही ? यह मेरे जानने मे नही आया है ।

नन्दी-सूत्र की स्थविरावली मे अनेक अनुयोगधर आचार्यों का उल्लेख है । ये आचार्य चार अनुयोग-द्वार वाली अनुयोग-व्याख्या पद्धति के धारक थे या द्रव्यानुयोग आदि चार अनुयोगो के धारक थे ? इस सबध मे अभी तक ऐतिहासिक तथ्यो का अन्वेषण होना आवश्यक है ।

१—करणानुयोग का नाम—द्रव्यानुयोग के एक भेद के रूप मे मिलता है । देखिए—स्थानाग अ० १० सूत्र ।

२—यह केवल हमारी कल्पना है ।

लोक-विज्ञान और आत्म-साधना

लोक-विज्ञान दो प्रकार का है :—लोक स्वरूप विज्ञान और लोक स्वभाव विज्ञान ।

लोक का आकार आयाम-विष्कम्भ, मध्यभाग, समभाग, विशालता-विभाग, लोकस्थिति आदि का विशिष्ट-ज्ञान, लोक स्वरूप विज्ञान है ।

प्राचीन और अर्वाचीन भूगोल-खगोल साहित्य के स्वाध्याय से लोक स्वरूप का विज्ञान होता है ।

प्राणियो की उत्पत्ति, स्थिति, विनाश, जन्म-मरण, सुख-दुख, पुण्य-पाप, स्वार्थपरता, छल-छिद्र, घृणा, जुगुप्सा, राग द्वेष, ईर्ष्या आदि का ज्ञान लोक स्वभाव विज्ञान है ।

आगमो के स्वाध्याय से लोक स्वभाव का विज्ञान होता है । यद्यपि लोक स्वरूप विज्ञान और लोक स्वभाव विज्ञान ये दोनो भिन्न-भिन्न हैं, तथापि इन दोनो का परस्पर आधार-आधेय भाव का सबध है । क्योकि लोक स्वरूप का विज्ञान होने पर ही लोक स्वभाव का विज्ञान हो सकता है । इसी कार्य कारण-भाव का द्योतक धर्म-ध्यान का एक प्रकार सस्थान–विचय है ।

आचार्य उमा स्वाति ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि लोक के (सस्थान) स्वरूप का विचार करने मे मनोयोग लगाना सस्थान विचय धर्मध्यान है ।[1]

इसी प्रकार लोकानुप्रेक्षा[2] का भी यही भाव है । दशवैकालिक-सूत्र के अ० ४ मे मोक्ष-साधना का क्रम-बताते हुए कहा गया है कि जब आत्मा को परिपूर्ण ज्ञान प्राप्त होता है तो वह (सर्वज्ञ) लोकालोक को जान लेता है ।

जैन-दर्शन का एक प्रमुख सिद्धान्त कर्मवाद है । और कर्मबध से विरत होकर कर्म मुक्त होना ही आत्म-साधना है । बन्ध ससार है और बन्धमुक्ति मोक्ष है—ये दोनो इसी लोक मे है । शुभाशुभ कर्मो का बन्ध, फलभोग और मुक्ति का चिन्तन-मनन ही लोक-स्वभाव का चिन्तन-मनन है, किन्तु शुभाशुभ कर्मो का बध, फलभोग और उनकी मुक्ति इस लोक मे होते है ।

[क] शुभाशुभ कर्मो का बन्ध तीनो लोक मे होता है, किन्तु फलभोग भिन्न लोक मे होता है ।
[ख] अशुभ कर्मो का फलभोग प्राय अधोलोक मे होता है ।
[ग] शुभ कर्मो का फलभोग प्राय मध्यलोक और ऊर्ध्वलोक मे होता है ।
[घ] आत्मायें कर्म मुक्त होती हैं मध्यलोक मे और स्थित होती हैं लोक के अग्रभाग पर ।

इन उक्त फलितार्थों की दृष्टि मे लोक स्वभाव के चिन्तन-मनन की जितनी उपादेयता आत्म साधना मे है उतनी ही या उससे कही अधिक लोक स्वरूप के चिन्तन-मनन की है । क्योकि लोक स्वरूप-विज्ञान की पृष्ठ भूमि पर ही लोक स्वभाव-विज्ञान-भवन का निर्माण सभव है । अत लोक स्वरूप-विज्ञान आत्म-साधना का एक अभिन्न अग है । यदि आत्म साधक तीन लोक के स्वरूप का ज्ञाता होगा तो वह लोक स्वभाव का चिन्तन-मनन भी सहज भाव से कर सकेगा ।

---

१. त्रिभुवन सस्थान स्वरूप विचयाय स्मृति
समन्वाहारो संस्थान विचयो निगद्यते ।
तत्त्वार्थ वृत्ति अ० ९, सू० ३६, पृ० ३–९ ।

२. अधस्तादुपरि तिर्यक् च सर्वत्रा काशोऽनन्तोवर्तते
तस्यानन्ता काशस्यो लोकाकाशा पर सन्नस्यातिशयेन
मध्य प्रदेशे लोको वर्तते तस्य लोकस्य स्वभाव
सस्थाना धनु चिन्तन कुर्वतो भव्य जीवस्य
तत्त्वज्ञानस्य विशुद्धिर्भवतोति लोकानुप्रेक्षा ।
तत्त्वार्थवृत्ति अ० ९, सू० ७, पृ० २८८ ।

गणितानुयोग का प्रकाशन और आधुनिक भूगोल खगोल

लगभक २५०० वर्ष पूर्व द्वादशाङ्गी का सूत्र रूप मे गौतमादि गणधरो ने ग्रन्थन किया था। अतः उस समय के इतर दार्शनिको की भूगोल–खगोल सम्बन्धी मान्यताओ का निराकरण करके जो परपरागत (पूर्व तीर्थंकरो से प्रचलित) मान्यताऐं थी, उनका ही सकलन द्वादशाङ्गी में किया गया था।

मध्यकालीन आचार्यो ने द्वादशाङ्गी मे के कतिपय सक्षिप्त कथनो को अनिवर्धित कर तथा मध्यकालीन इतर दार्शनिको की भूगोल–खगोल सबधी मान्यताओ का क्रमश निराकरण करके उपाङ्गादि आगमो मे स्वसम्मत मान्यताओ का प्रतिपादन किया था।

गणितानुयोग के प्रस्तुत सकलन में अग उपाग आदि आगमो के भूगोल-खगोल सबधी समस्त पाठो का सग्रह किया गया है। इस प्रकाशन का एक मात्र उद्देश्य यही है कि जैनागम–साहित्य में उपलब्ध भूगोल–खगोल सबधी समस्त कथनो के सकलन को शोध-निबन्ध लेखको के हितार्थ सदर्भ-ग्रन्थ के रूप में प्रस्तुत करना।

यद्यपि कतिपय अहम्मन्य विचारक यह कहते हैं कि इस भौतिक युग मे विज्ञान का विकास जब चरम सीमा पर पहुँच रहा है तब गणितानुयोग के प्रकाशन की क्या उपादेयता है? उनकी दृष्टि मे यह प्रकाशन व्यर्थ है, किंतु चिन्तनशील साहित्य-सेवियो की यह आम धारणा है कि प्राचीन विज्ञान ही आधुनिक विज्ञान के विकास की मूल भूमिका है। अत. इस धारणा के अनुसार गणितानुयोग के प्रकाशन की उपयोगिता निर्विवाद है।

प्राचीन और अर्वाचीन भूगोल-खगोल का समन्वय एक भगीरथ कार्य है। जैनागमों में वर्णित भूगोल-खगोल और आधुनिक भूगोल-खगोल का समन्वय यद्यपि सदिग्ध है, फिर भी यह कार्य बहुश्रुतो का है।

मुनि-कन्हैयालाल 'कमल'

आभार–प्रदर्शन

प्रस्तुत सकलन में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में जिन व्यक्तियो का सहयोग रहा है, उन सब का मैं हृदय से कृतज्ञ हूँ। विशेष रूप से मुनि श्री मिश्रीमलजी म. 'मुमुक्षु', मुनि श्री चादमल जी, श्री विनय मुनिजी तथा तपस्वी श्री गौरीलालजी म, श्री नवीन मुनिजी आदि ने उदार हृदय से सेवा कार्य कर सहयोग दिया—तथा प हीरालालजी शास्त्री—प्रबधक—श्री श्वेताम्बर जैन–मदिर, ज्ञान–भण्डार रूपनगर, दिल्ली का सहयोग चिरस्मरणीय रहेगा। जिन्होंने समय—समय पर आवश्यक ग्रन्थ-साहित्य की सुविधा प्रदान कर अनेक समस्याओ के सुलझाने मे सहयोग दिया है।

गणितानुयोग एक अध्ययन के कुछ पृष्ठ

गणितानुयोग के वर्णन प्राय गणित से सबंधित है—इसलिए सर्वसाधारण की अभिरुचि के अनुसार इसे प्रस्तुत करना तो अति कठिन है, फिर भी इस विषय की विशिष्ट जिज्ञासा वाले बन्धुओ के लिए "गणितानुयोग एक अध्ययन" लिखने का सकल्प मुनिश्री ने किया और कुछ पृष्ठ लिखे भी, किन्तु पर्याप्त समय एवं साहित्य-सामग्री के अभाव मे यह सभव नही था—इधर प्रकाशन मे अधिक विलम्ब हम सबको अखर रहा था।

परिचय के लिए कुछ पृष्ठ यहा पढिए.—

—प्रबन्धक

अलोकाकाश—अनन्त शून्य आकाश

(१) जैनागमों में यह अनन्त आकाश एक द्रव्य माना गया है। और इसके दो विभाग माने गये हैं—अलोकाकाश और लोकाकाश।[1]

अलोक का व्युत्पत्तिपरक अर्थ

(२) जो नही देखा—जाना वह अलोक है। यह अलोक अतीन्द्रिय पदार्थ है इसलिये इसके ज्ञाता सर्वज्ञ के अतिरिक्त कोई नही है। अत' अलोक का व्युत्पत्तिपरक अर्थ सगत है।

अलोकाकाश का अस्तित्व

(३) लोकाकाश मे जिन पदार्थों का सद्भाव है उनका अभाव जिस आकाश मे हो, वह अलोकाकाश है। यह निषेधवाचक स्वत अलोकाकाश का अस्तित्व सिद्ध करता है। इसके लिए यह उदाहरण है कि जिस व्यक्ति मे पण्डित के गुण नही हैं वह व्यक्ति अपण्डित कहा जाता है। अपण्डित का अस्तित्व सिद्ध करने के लिए किसी प्रमाण की आवश्यकता नही होती। इसी प्रकार अलोक का अस्तित्व सिद्ध करने के लिये किसी अन्य प्रमाण की आवश्यकता नही है।

अलोकाकाश एक अखण्ड द्रव्य है।[2] इसके अनन्त प्रदेश हैं।[3] इसमे एक आकाश द्रव्य के अतिरिक्त कोई द्रव्य नही है। अर्थात् यह अनन्त शून्य आकाश है। इसमे या इसके किसी एक प्रदेश मे धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, काल, जीवास्तिकाय और पुद्गलास्तिकाय का सर्वथा अभाव है।

टिप्पण—

(१) औपपातिक-सूत्र।

(२) ठाणा० अ० १, सूत्र ६। सम० १, १।

(३) सिद्ध, निगोद जीव, वनस्पति कायिक-जीव, विश्व के परमाणु और त्रिकाल के समयो से भी अनन्तानन्त अलोकाकाश के प्रदेश हैं।

किन्तु अलोक मे इन द्रव्यो के अभाव का कारण क्या है ? यह एक प्रश्न है—इसके दो समाधान है —

(१) अलोक मे जीवादि द्रव्यो की गति ही नही है। क्योकि वहा न जीव है और न पुद्‌गल। यदि शक्तिशाली देव भी अलोक में हाथ-पैर फैलाना चाहे तो नही फैला सकता—क्योंकि वहा गति का अभाव है। और गति-सहायक धर्मास्तिकाय का भी अभाव है। गतिशील द्रव्य-जीव और पुद्‌गल हैं। इन दो द्रव्यो के निमित्त से ही प्रत्येक पदार्थ की गति है।[1]

(२) लोकाकाश मे से अलोकाकाश मे कोई द्रव्य नही जा सकता। क्योकि लोकाकाश के अन्त मे बालु मिट्टी जैसे अत्यन्त रुक्ष पुद्‌गल हैं। रुक्षता प्रधान पुद्‌गलो की गति नही होती। गति सदा स्निग्धता प्रधान पुद्‌गलो की होती है। अथवा लोक का स्वभाव ही ऐसा है कि जीवादि द्रव्य उसके बाहर नही जा सकते।[2]

अलोकाकाश का आकार

(४) अलोकाकाश का आकार पोले गोले में रही हुई पोल जैसा है—आगमोक्त इस उपमा के सबध मे यहा कुछ चिन्तन करना है।

अलोकाकाश अनन्त और असीम है अतः उसका आकार बताने के लिए पोले गोले के अन्दर की पोल की उपमा उपयुक्त प्रतीत नही होती। क्योकि गोले के अन्दर की पोल अनन्त और असीम कैसे हो सकती है !

"गोल वस्तु का कही अन्त नही माना जाता अत वह अनन्त होती है" इस अपेक्षा से गोले के अन्दर का आकाश अनन्त तो माना जा सकता है किन्तु असीम नही माना जा सकता। यदि अलोकाकाश अनन्त होते हुए भी असीम है तो उस सीमा से आगे क्या है ? यह प्रश्न पैदा होगा। अत पोले गोले के अन्दर की पोल की उपमा लोकाकाश के आकार को तथा गोले के बाहर की पोल की उपमा अलोकाकाश के आकार को दी जाये तो अलोकाकाश का आकाश अनन्त और असीम सिद्ध हो सकेगा[3]।

टिप्पण:—

(१) अलोक मे अन्य द्रव्यो के अभाव का एक मात्र हेतु गति अभाव है। विवाह प्रज्ञप्ति (भगवती) श० १६—उ० ८ मे इसी एक हेतु का कथन है। यह गति अभाव अलोक मे है। किन्तु स्था० अ० ४ उ० ३ मे गति अभाव और गति अभाव के तीन हेतु भी कहे गए हैं —
 (१) गति सहायक धर्मास्तिकाय का अभाव।
 (२) लोक के अन्त मे स्थित रुक्ष पुद्‌गल।
 (३) लोक स्वभाव।
 इनमें गति अभाव का प्रथम हेतु अलोक मे है और शेष दो हेतु लोक मे हैं। अलोक मे अन्य द्रव्यों के अभाव का एकमात्र हेतु गति अभाव का कथन—संग्रहनय की अपेक्षा से है। और गति अभाव के तीन हेतुओं का कथन व्यवहारनय की अपेक्षा से है।

(२) अलोक में अन्य द्रव्यो के अभाव का हेतु यदि अलोक का स्वभाव मान लिया जाय तो कोई असगति नहीं होगी। क्योकि अलोक मे अन्य द्रव्यों के अभाव का हेतु जो गति अभाव माना गया है, उसका भी हेतु जीव और पुद्‌गल द्रव्य का अभाव है। किन्तु जीव और पुद्‌गल द्रव्य के अभाव का हेतु अलोक के स्वभाव के अतिरिक्त कोई नहीं है।
 लोक के बाहर जीवादि द्रव्यो के न जा सकने मे भी प्रमुख कारण लोक स्वभाव ही है। इसी प्रकार अलोक स्वभाव भी अलोक मे अन्य द्रव्यो के अभाव का प्रमुख हेतु है।

(३) विवा० श० ११, उ० १०।

एक असत्कल्पना से अलोक की अनन्तता का अंकन

(५) इस मनुष्य क्षेत्र को चारो ओर से घेर कर दस महर्धिक देव खड़े रहे और (मानुषोत्तर पर्वत के) नीचे आठ दिक्कुमारिया वलिपिण्ड लेकर चार दिशाओ मे तथा चार विदिशाओ मे (मनुष्य क्षेत्र के वाहर की ओर मुह करके) खडी रहे। आठ दिक्कुमारिया एक साथ वाहर की ओर वलिपिण्ड फेंके। जमीन पर गिरने से पूर्व वे देव उन्हे ग्रहण कर लें। ऐसी दिव्य त्वरित गतिवाले वे देव अलोक का अन्त पाने के लिए लोकान्त से एक नीचे की ओर, एक ऊपर की ओर तथा शेष आठ चार दिशा एव विदिशाओ मे जिस समय जावें, उस समय एक लाख वर्ष की आयु वाला वालक उत्पन्न हो, उसके माता-पिता तथा वह आयु भोगकर समाप्त हो जाएँ, तथा उसकी सात पीढिया एक-एक लाख वर्ष की पूर्णायु भोगकर मृत्यु को प्राप्त हो जायें, और उसके नाम, गौत्र भी नष्ट हो जाये, फिर भी वे देव अलोक का अन्त नही पा सकते। इतने लम्बे समय मे भी उन देवो ने केवल अलोक का अनन्तवा भाग ही पार किया है। इस प्रकार अलोक की अनन्तता इस दृष्टान्त से निर्धारित की गई है। [१]

लोकाकाश–अनन्त पदार्थ सद्भावी–आकाश

जिस आकाश मे लोक है, वह लोकाकाश है। लोक का व्युत्पत्तिपरक अर्थ है कि — "जो देखा जाता है वह लोक है।" लोक मे जो इन्द्रिय प्रत्यक्ष पदार्थ हैं, उनके दृष्टा छद्मस्थ (असर्वज्ञ) हैं। और जो लोक मे अतीन्द्रिय पदार्थ हैं, उनके दृष्टा सर्वज्ञ हैं। इस प्रकार लोक दृश्य है अत. सर्वज्ञ और असर्वज्ञ द्वारा देखा जाता है। लोक के पर्यायवाची विश्व, संसार आदि अनेक हैं —

लोक की व्याख्या अनेक प्रकार से की गई है।

[१] प्राचीन व्याख्या पद्धति "अनुयोग पद्धति" के नाम से प्रसिद्ध है। इस व्याख्या पद्धति को समझाने के लिये पूरे अनुयोग-द्वार की रचना की गई है। लोक की व्याख्या भी इस अनुयोग पद्धति से की गई है —

(क) १– नाम लोक, २– स्थापना लोक, ३– दृश्य लोक।

(ख) १– द्रव्य लोक, २– क्षेत्र लोक ३– काल लोक
४– भाव लोक।

(ग) १– अधोलोक, २– तिर्यक् लोक, ३– ऊर्ध्व लोक।

(घ) १– ज्ञान लोक, २– दर्शन लोक, ३– चारित्र लोक।

[१] नाम लोक [२]

[२] स्थापना लोक,—लोक का आकार अर्थात्–लोक का सस्थान

टिप्पण —

१. विवा० श० ११ उ० १०।

२. अनुयोग-द्वार सूत्रांक।

अलोकाकाश के मध्य मे लोकाकाश है । परन्तु सान्त ससीम है । इसका आकार त्रिसराव सम्पुटाकार है । एक सराव (शिकोरा) उल्टा, उस पर एक सराव सीधा, फिर उस पर एक सराव उल्टा रखने से जो आकार बनता है उसे "त्रिसराव" सम्पुटाकार कहते हैं । शास्त्रीय भाषा मे यह "सुप्रतिष्ठक" आकार कहा जाता है । यह लोक नीचे से विस्तृत, मध्य मे सक्षिप्त और ऊपर से पुन विस्तृत है । [1]

लोक पुरुष और विराट पुरुष

आगमोत्तर कालीन जैन ग्रन्थो मे समस्त लोक (अधोलोक, मध्यलोक, ऊर्ध्वलोक) को लोक–पुरुष के रूप मे चित्रित किया है । किन्तु जैनागमो मे कही भी लोक पुरुष का वर्णन नही है ।

अत विचारणीय प्रश्न यह है कि जैनागमो मे जो "ग्रैवेयक" देवो के नाम गिनाए गए हैं, उनके नामकरण का हेतु क्या है ? उनके विमान लोक पुरुष की ग्रीवा के स्थान पर हैं, इसलिए वे "ग्रैवेयक" देव कहे गए हैं । यदि यह व्युत्पत्तिपरक अर्थ सगत है तो आगमो मे भी किसी समय लोक–पुरुष की कल्पना का अस्तित्व रहा होगा । जब कुटिल काल के कुचक्र से आगमो के अनेक अश विच्छिन्न हुए हैं तो समव है उस समय लोक–पुरुष की कल्पना का अग भी विच्छिन्न हो गया होगा ।

लोक–पुरुष की कल्पना के समान विराट पुरुष की कल्पना वैदिक ग्रथो मे भी मिलती है —

<u>विराट-पुरुष</u>

भूर्लोक· कल्पित पद्भ्या, भूवर्लोकाऽस्य नाभितः ।
हृदा स्वर्लोक उरसा, महर्लोको महात्मन ।।
ग्रीवायां जनलोकश्च, तपोलोक स्तनद्वयात् ।
मूर्धनि सत्यलोकस्तु, ब्रह्मलोक सनातनः ।।
तत्कट्या चातलक्लृप्त, मुरुभ्यां वितल विभो ।
जानुभ्या सुतलं शुद्ध, जघाभ्यां तु तलातलम् ।
पाताल पादतलत, इति लोक मय पुमान् ।।

भागवत् पुराण २/५/ ३८-४०
गीता प्रेस-प्रथम भाग पृ० १६६

---

१ लोकाकाश के आकार को समझाने के लिये श्वेतांबर और दिगम्बर आगमों मे विविध उपमायें दी गई हैः–

श्वेताम्बर आगम

अधोलोक का आकार

१ उल्टे सराव का आकार
(म श ७, उ १)

२. पल्यक का आकार
(म श ७, उ १)

३. तप्राकार का आकार
(म श ११, उ १०)

दिगम्बर आगम

अधोलोक का आकार

१. वेत्रासन का आकार (त्रिलोक प्रज्ञप्ति)

मध्यलोक का आकार

१. झल्लरी का आकार
२ आधे ऊर्ध्व मृदग का आकार
(जबूद्वीप प्रज्ञप्ति सग्रह)

ऊर्ध्वलोक का आकार

१ ऊर्ध्व मृदग का आकार
(त्रिलोक प्रज्ञप्ति)

कतिपय जैन ग्रथों मे लोक का आकार पुरुष सस्थान के समान भी बतलाया है—दोनो हाथ कमर पर रखकर तथा दोनो पैरो को फैला कर कोई पुरुष खडा हो, वैसा ही यह लोक है ।

(लोक प्रकाश १२–३)

वैदिक ग्रथों मे विश्व का आकार विराट पुरुष के रूप मे लिखा है ।

द्रव्य-लोक

लोक में छः द्रव्य हैं, अतः यह द्रव्य-लोक है।

छ द्रव्यो के नाम —

१. धर्मास्तिकाय—गति सहायक द्रव्य,

२. अधर्मास्तिकाय—स्थिति सहायक द्रव्य,

३. आकाशास्तिकाय—आश्रयदाता द्रव्य,

४. काल द्रव्य—स्थिति नियन्ता द्रव्य,

५. जीवास्तिकाय—चेतनाशील द्रव्य,

६. पुद्गलास्तिकाय—मूर्त जड द्रव्य,

(क) इन छ द्रव्यो मे—एक जीव है, शेष पाच अजीव हैं।

(ख) ,, ,, —एक मूर्त है,[1] शेष पाच अमूर्त हैं।

(ग) ,, ,, —एक काल द्रव्य है, शेष पाच अस्तिकाय हैं।

(घ) ,, ,, —चार अस्तिकाय—लोक, अलोक के विभाजक है—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, जीवास्तिकाय और पुद्गलास्तिकाय। धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय—एक-एक द्रव्य है। आकाशास्तिकाय यद्यपि एक द्रव्य है किन्तु लोक—अलोक दोनो मे व्याप्त है। जीवास्तिकाय और पुद्गलास्तिकाय अनन्त द्रव्य हैं।

(ङ) इन छः द्रव्यो मे से, एक काल द्रव्य के प्रदेश नही है। क्योकि अतीत के समय नष्ट हो जाते हैं—और भविष्य के समय अनुत्पन्न है, इसलिए इनका कोई अस्तित्व नही है; केवल वर्तमान का एक समय[2] ऐसा काल-द्रव्य है, जो अविभाज्य है, अत इसके प्रदेश नही हैं। और प्रदेशो के न होने से ही यह काल द्रव्य अस्तिकाय नही है।[3] शेष पाच द्रव्यो के प्रदेश हैं अत वे अस्तिकाय हैं। इन्ही पचास्तिकायो से यह लोक, द्रव्य लोक कहा जाता है।

---

१ पुद्गलास्तिकाय।

२ मुक्त आत्मा को मध्यलोक से, लोक के अग्रभाग तक पहुचने मे एक समय लगता है। मुक्त आत्मा जब मध्य-लोक से एक रज्जु जितनी ऊँचाई तक पहुचता है, तब तक उसे जितना समय लगता है उतना समय, उस एक समय का विभाज्य अंश मान लिया जाए तो क्या आपत्ति है!

३. काय अर्थात्—शरीर के देश—प्रदेशो के समान काल-द्रव्य के देश-प्रदेश नहीं हैं, इसलिए काल द्रव्य होते हुए भी अस्तिकाय नहीं है।

क्षेत्र-लोक

लोक का विस्तार

इस अनन्त आकाश मे प्रतिदिन होने वाले चद्र-सूर्य के उदयास्त को तथा झिलमिलाते अनगिनत तारो को देखकर जब कभी मानव ने कुछ किया तो उनके मन मे विश्व के विस्तार की परिकल्पना जागृत हुई और वह यह सोचने लगा कि नीचे ऊपर और दायें—बायें यह लोक (विश्व) कितनी दूरी तक फैला हुआ है ? यह असीम—अनन्त है या ससीम—सान्त है ?

जैनागमो मे तथा ग्रथो मे उक्त जिज्ञासाओ के तीन समाधान मिलते हैं —

(१) यह लोक नीचे—ऊपर और दायें-बायें असख्य कोटा-कोटी योजन पर्यन्त फैला हुआ है ।

(२) **एक असत्कल्पना से लोक के विस्तार का अकन**

जम्बूद्वीप के मध्य मे स्थित मेरू-पर्वत की चूलिका को घेर कर खडे रहे और नीचे जम्बूद्वीप की परिधि पर चार दिक्कुमारिया चारो दिशाओ मे बाहर (लवण-समुद्र) की ओर मुंह करके खडी रहे । वे चारो एक साथ चारो बलि-पिण्डो को बाहर की ओर फैंके । पृथ्वी पर गिरने से पूर्व उन बलिपिण्डो को वे देव एक साथ ग्रहण कर सकें, ऐसी दिव्यगति वाले वे देव, लोक का अन्त पाने के लिये पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर, ऊपर और नीचे की ओर एक साथ चलें । जिस ससय वे देव मेरु की चूलिका से चलें, उसी समय एक हजार वर्ष की आयु वाली उनकी सात पीढिया भी समाप्त हो गईं, तत्पश्चात् उनके नाम-गोत्र भी नष्ट हो गये । फिर भी वे देव लोक के अन्त को न पा सके । किन्तु उस समय तक देवताओ ने जितना क्षेत्र पार किया है वह अधिक है और शेष क्षेत्र अल्प है ।

(३) **चौदह रज्जु प्रमाण लोक तथा एक रज्जु का औपमिक माप ।**

तीन क्रोड, इक्यासी लाख, सत्ताईस हजार, नौ सो सत्तर मण वजन का "एक भार" होता है । ऐसे हजार भार अर्थात्—(३८ अरब, १२ क्रोड, ७९ लाख, ७०००० सत्तर हजार) मण वजन का एक लोहे का गोला छ मास, छ: दिन, छ प्रहर और छ घडी मे जितनी दूरी तय करे उतनी लम्बी दूरी एक रज्जु होता है । ऐसे चौदह रज्जु प्रमाण यह लोक नीचे से ऊपर पर्यन्त है ।

उक्त तीन समाधानों की क्रमशः समीक्षा

(१) प्रथम समाधान, द्वितीय और तृतीय समाधान की अपेक्षा प्राचीन तथा तर्क सगत प्रतीत होता है । आधुनिक विज्ञान भी विश्व का विस्तार असख्य योजन का ही मानता है । यथा एक घटे में प्रकाश की गति ६७८७४४० मील है । इस अनन्त आकाश में अनेक ग्रह ऐसे हैं जिनका प्रकाश पृथ्वी पर अनेक प्रकाश वर्षो मे पहुँचता है, अत लोक का विस्तार असख्य कोटा-कोटी मानना ही ठीक है ।

(२) प्रस्तुत असत्कल्पना के सम्बन्ध मे निम्नलिखित मुद्दे विचारणीय हैं —

(क) पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर मे जाने वाले देवो का केवल आधे रज्जु की दूरी ही तय करनी है, जबकि नीचे, ऊपर जाने वाले देवो को लगभग सात-सात रज्जु की दूरी तय करनी है । अत समान वेग वाले देवो ने समान समय मे, समान दूरी तय कर ली—यह कैसे सगत हो सकता है ?

टीकाकार आचार्य ने भी इस सबंध मे अपना अभिमत प्रस्तुत करते हुए कहा है कि लोक का आकार यदि सम चतुरस्र मान लिया जाए तो समान वेग वाले देव समान समय मे समान दूरी तय कर सकते हैं, अन्यथा आगमोक्त उदाहरण की सगति सभव नही है ।

(ख) देवो द्वारा नही पार किया हुआ क्षेत्र, पार किये हुए क्षेत्र के असख्यातवें भाग जितना है । अर्थात्—देवो द्वारा नही पार किये हुए क्षेत्र से पार किया हुआ क्षेत्र असख्यात गुणा अधिक है । इस आगम निर्णय की सगति किस प्रकार की जाये !

(ग) बलि-पिण्ड लेने के लिये जिस देव को मेरु की चूलिका से जबूद्वीप के विजय द्वार तक आना होता है, उसे लगभग १,१२२०० योजन की दूरी तय करनी पडती है । इतनी दूरी कम से कम एक चुटकी बजे जितनी देर मे तय कर लेता होगा, जबकि कुछ ऐसे दिव्य गति वाले देव हैं जो एक चुटकी बजे जितनी देर मे पूरे जबूद्वीप की परिक्रमा कर लेते है । अर्थात्—बलिपिण्ड पकडने वाले देव से एक चुटकी मे तिगुनी दूरी तय कर लेते हैं । कुछ देव ऐसी दिव्य गति वाले भी हैं जो तीन चुटकी बजे उतनी देर मे जबूद्वीप की इक्कीस परिक्रमा कर लेते हैं । अब विचारणीय विषय यह है कि उक्त कल्पना मे लोक का अत पाने के लिये ऐसी दिव्य गतिवाले देवो की गति का उदाहरण क्यो नही दिया गया ?

(घ) उक्त कल्पना मे लोक का अन्त पाने के लिए जाने वाले देव लगभग आठ हजार वर्ष में भी लोक का अन्त नही पा सकते, जबकि तीर्थंकर भगवान के जन्माभिषेक आदि महोत्सवो में अच्युतेन्द्र आदि आते हैं तो वे एक मुहूर्त (लग-भग ४८ मिनिट) मे पौने चार रज्जु की दूरी तय कर लेते हैं । यदि (असत्कल्पनासे) अच्युतेन्द्र लोक का अन्त पाने के लिए तीव्रतम गति से चलें तो लग-भग चार मुहूर्त मे लोक के अन्त तक पहुच सकते हैं । अत. आठ हजार वर्ष तक लोक का अन्त न पा सकना विचारणीय अवश्य है ।

(ङ) चमरेन्द्र भगवान महावीर की शरण लेकर शक्रेन्द्र को अपमानित करने के लिए सौधर्म देवलोक तक गया । और वज्र की मार से बचने के लिए वह वहा से लौट कर भगवान महावीर के समीप पहुँचा । शक्रेन्द्र भी वज्र को पकडने के लिए तीव्रतम गति से चला । "प्रस्तुत प्रसग मे चमरेन्द्र लगभग डेढ रज्जु गया और आया, शक्रेन्द्र केवल डेढ रज्जु आया ।" चमरेन्द्र को आने-जाने मे अधिक से अधिक एक मुहूर्त लगा होगा ! जबकि उक्त असत्कल्पना मे देव लोकान्त तक आठ हजार वर्ष मे भी नही पहुच पाते । अत यह अवधि विचारणीय है ।

(३) **एक रज्जु के औपमिक परिमाण के संबन्ध मे निम्न लिखित तथ्य विचारणीय हैं:—**

(क) एक रज्जु का जो औपमिक परिमाण बताया है उस हिसाब से उक्त भारवाला लोहे का गोला सात वर्ष, तीन मास और आठ दिन मे चौदह रज्जु की दूरी पार कर सकता है । जब कि उक्त असत्कल्पना मे तीव्रतम गतिवाले देव भी आठ हजार वर्ष मे लोकान्त तक नही पहुच सके ।

इसका फलितार्थ यह हुआ कि लोहे के गोले की गति से देवताओ की गति मन्द है जबकि देवताओ की गति से लोहे के गोले की गति मन्द होनी चाहिये । "शक्रेन्द्र की गति से वज्र की गति मन्द रही है ।" यह तथ्य व्याख्या प्रज्ञप्ति मे वर्णित है ।

(ख) एक रज्जु का यह औपमिक परिमाण "जैनतत्त्व-प्रकाश" (स्व० पूज्य श्री अमोलक ऋषिजी म० लिखित) मे दिया गया है । किंतु किस ग्रथ से उद्धृत किया गया—यह अज्ञात है । यदि किसी प्राचीन ग्रन्थ में यह है तो अवश्य विचारणीय है ।

(ग) आधुनिक वैज्ञानिको की यह मान्यता है कि लोहे का गोला एक मण वजन का हो चाहे हजार मण वजन का हो, परन्तु किसी निर्धारित ऊचाई से गिराने पर एक समान गति से गिरता है। एक घटे में लोहे के गोले की गति ऊपर से नीचे की ओर केवल ७८ हजार ५५२ माइल की होती है। पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में ही यह गति आधुनिक वैज्ञानिको ने मानी है।

यदि विज्ञान सम्मत लोहे के गोले की गति का आधार लेकर एक रज्जु का परिमाण निकालें तो इस प्रकार आयगा —

यथा—छ मास, छ दिन, छ प्रहर और छ घडी के ४४८४ घटे और २४ मिमिट होते हैं। इतने समय में लोहे का गोला ३५ करोड, २२ लाख, ५८ हजार और ५८६ माइल की दूरी पार कर लेगा—ये एक रज्जु के माइल हुए।

इस प्रकार चौदह रज्जु के ४ अरब, ६३ करोड, १७ लाख और २४३ माइल हुए। लोहे के गोले की गति से लोक का विस्तार इतना ही होता है, किंतु यह लोक का विस्तार सर्वथा असगत है।

(घ) तोल में 'मण' सज्ञा किस युग में निर्धारित की गई ? इसका ऐतिहासिक दृष्टि से निर्णय होना आवश्यक है। क्योंकि राजाओ के शासन काल में तोल में 'मण' प्रचलित था।

(ङ) आगम काल में 'मण' तोल प्रचलित नही था, अत यह मध्यकालीन तोल का नाम है। फिर भी इस सम्बन्ध में शोध कार्य होना आवश्यक है।

काल–लोक

यह लोक (विश्व) सान्त है या अनन्त ? यह एक प्रश्न है। इसका समाधान वैदिक-परम्परा ने इस प्रकार किया है·—"विश्व की आदि भी है और अन्त भी है, अर्थात् सृष्टि का सर्जन और सहार दोनो होते हैं।" जैन-दर्शन ने इसका समाधान अनेकान्त-दृष्टि से इस प्रकार किया है —

"यह लोक द्रव्य[1] और क्षेत्र[2] की अपेक्षा से सान्त है, काल[3] और भाव[4] की अपेक्षा से अनन्त है।"

---

१. जहां तक यह लोक है वहां तक ही धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय हैं। जीवास्तिकाय और पुद्गलास्तिकाय भी लोकान्त तक ही हैं। अत यह लोक द्रव्यापेक्षया सान्त है।

२ यह लोक क्षेत्र से असख्य कोटा-कोटी योजन पर्यन्त है, आगे अलोक है। अत यह लोक क्षेत्रापेक्षया भी सान्त है।

३. काल दो प्रकार का है —नैश्चयिक काल और व्यावहारिक काल। नैश्चयिक काल अनन्त है। अत इसकी अपेक्षा यह लोक भी अनन्त है। और यह काल लोक व्यापी है। अत यह धर्मास्तिकाय के समान लोक-अलोक का विभाजन भी है।

समय, आवलिका-यावत्-कालचक्र पर्यन्त व्यावहारिक काल है। चन्द्र, सूर्य आदि ग्रहों के निमित्त से मानव ही व्यावहारिक-काल के विभाग स्थिर करता है, इसलिए मनुष्य–क्षेत्र को समय-क्षेत्र कहते हैं। यह मनुष्य-क्षेत्र अढाई द्वीप पर्यन्त है।

४ जीव द्रव्य, काल की अपेक्षा से अनन्त है, अत जीव समुदाय के औपशमिकादि भाव भी काल की अपेक्षा से अनन्त हैं। और इन औपशमिकादि भावो की अपेक्षा यह लोक अनन्त है।

भाव लोक

भाव पाच प्रकार के हैं—१—औपशमिक[1] २—क्षायोपशमिक[2] ३—क्षायिक[3] ४—औदयिक,[4] ५—पारिणामिक[5]। ये पाचो भाव जीव के स्वरूप हैं। इन पाचो मे एक औदयिक भाव वैभाविक है—शेष चार स्वाभाविक हैं। औपशमिक आदि तीन भाव उत्तरोत्तर आत्मशुद्धि के द्योतक हैं।[6]

मुक्त जीवो मे दो भाव है—१—क्षायिक और २—पारिणामिक।

ससारी जीवो मे से किसी के तीन भाव, किसी के चार भाव और किसी के पाच भाव हैं। दो या एक भाव किसी ससारी जीव मे नही होते। यह लोक अनन्त जीवो से व्याप्त है। और वे अनन्त जीव इन पाच भावो से युक्त हैं। इसलिये यह भावलोक भी है।

---

१. औपशमिक भाव दो प्रकार का है:—१—सम्यक्त्व, २—चारित्र।

२. क्षायिक भाव नव प्रकार का है:—१—ज्ञान, २—दर्शन, ३—दान, ४—लाभ, ५—भोग, ६—उपभोग, ७—वीर्य, ८—सम्यक्त्व, ९—चारित्र।

३. क्षायोपशमिक भाव अठारह प्रकार का है:—

१—चार ज्ञान, २—तीन अज्ञान, ३—तीन दर्शन, ४—पांच दानादि लब्धियां, ५—सम्यक्त्व, ६—चारित्र-सर्वविरति, और ७—संयमासयम-देश विरति।

४. औदयिक भाव इक्कीस हैं—१—चार गतियां, २—चार कषाय, ३—तीन लिंग-वेद, ४—एक मिथ्यादर्शन, ५—एक अज्ञान, ६—एक असयम, ७—एक असिद्ध भाव, ८—छः लेश्यायें।

५. पारिणामिक भाव अनेक प्रकार के हैं.—जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व ये तीन तथा अन्य भी पारिणामिक भाव हैं।

६. स्थानांग—अ. ३, उ. २, सूत्र १५३ मे ज्ञान, दर्शन, चारित्र को ही भाव-लोक कहा है। केवलज्ञान, केवल-दर्शन और यथाख्यात चारित्र क्षायिक भाव हैं। शेष चार चारित्र क्षायोपशमिक भाव एवं औपशमिक भाव हैं। आत्म शुद्धि की अपेक्षा से औपशमिकादि तीन लोक ही भाव लोक हैं।

सम्पादकीय

प्रवुद्ध पाठको के मन मे सहज ही यह सन्देह हो सकता है कि आखिर प्रस्तुत गणितानुयोग-सकलन का उद्देश्य क्या है ? इस युग मे, जव कि वैज्ञानिक ज्योतिष्क-लोक की सैर कर चुके हैं और गहरी जानकारी प्राप्त कर चुके हैं, तव इस सकलन का क्या मूल्य होगा ? इन प्रश्नो का उत्तर भी मुनिश्री ने अपने वक्तव्य मे दिया है । मगर भूगोल-खगोल सबधी जो विवरण प्रस्तुत ग्र थ मे दिया गया है, उसमे शत-शत ऐसे विषय हैं जिनको जानकारी आधुनिक वैज्ञानिको को नही है । जिन विषयो की जानकारी है, वह भी अन्तिम है, यह नही कहा जा सकता । अतएव यह उचित ही है कि इस विपय की पुरातन विचारणाएँ अद्यतन अन्वेपको के समक्ष उपस्थित की जाएं ।

इसके अतिरिक्त प्रस्तुत प्रकाशन एक महती योजना की आशिक पूर्त्ति स्वरूप है—अपने आप मे परिपूर्ण नही । वत्तीस मूल प्राकृत-जैनागमो मे वर्णित समस्त विषयो का सकलन करके प्रकाशित करना आगम-अनुयोग-प्रकाशन की योजना है । सर्व प्रथम तैयार हो जाने के कारण ही यह विभाग पहिले प्रकाशित किया जा रहा है ।

आगम-अनुयोग के वर्गीकरण की कल्पना बडी महत्त्वपूर्ण है । श्री 'कमल' मुनिजी ने इस कल्पना को मूर्त्त रूप देने मे घोर परिश्रम किया है । कई वर्षो से वे इसके लिए निरन्तर प्रयत्न करते आ रहे हैं । इसके लिए उन्होंने दुस्साध्य साधना की है । जिन्होने उन्हे शारीरिक और मानसिक श्रम करते देखा है, वे उनकी गहरी लगन को देख कर चकित रह गए हैं । दिन मे एक ही बार आहार ग्रहण करते हुए वे अधिकाश समय इसी साधना मे लगा रहे हैं ।

मुनि श्री का अध्ययन विशाल है और उनकी कल्पनाशक्ति भी उर्वरा है । सचमुच विज्ञ-समाज के वे धन्यवाद के पात्र हैं और अन्य मुनियो के समक्ष उन्होने एक स्पृहणीय उदाहरण उपस्थित किया है । इस प्रकार की विशुद्ध साहित्य-सेवा में अन्य मुनिजन भी प्रवृत्त हो, यह सर्वथा अनुकरणीय है ।

मुनिश्री कमलजी और पण्डितवर श्री हीरालालजी शास्त्री की विस्तृत प्रस्तावनाएँ प्रस्तुत ग्रन्थ के साथ प्रकाशित हो रही हैं । उनमे प्रस्तुत वक्तव्य के अतिरिक्त कुछ कहना शेष नही रहता । अतएव 'सम्पादकीय' लिखना अपरिहार्य आदेश का पालन मात्र है ।

इस उपयोगी साहित्य-आयोजन मे मैं कुछ योग दे सका, यह मेरे लिए अत्यन्त प्रमोद का विषय है ।

'गणितानुयोग' के सकलन मे त्रुटिया रह जाना स्वाभाविक हैं । आशा है विषय की दुरूहता एव गभीरता को देखते हुए वे क्षम्य मानी जाएँगी ।

अन्त मे, सकलन को मुद्रित करने मे जिन्होंने प्रशसनीय आर्थिक-योग प्रदान किया है, उन महानुभाव को शतश धन्यवाद दिये बिना नहीं रहा जा सकता, जिनकी उदारता और साहित्य-भक्ति के बिना प्रकाशन का कार्य सर्वथा असभव था । बस, इतना ही ।

—शोभाचन्द्र भारिल्ल

प्रस्तावना

(क)-जैन मान्यतानुसार लोक-वर्णन

अनन्त आकाश के ठीक बीचो-बीच यह हमारा लोक अवस्थित है, जो नीचे पल्यक के सदृश, मध्य मे वज्र के समान और ऊपर खडे मृदग के तुल्य है। यह लोक नीचे विस्तीर्ण, मध्य मे सक्षिप्त और ऊर्ध्वमुख मृदग के समान है। यह सब मिलकर लोक का आकार पुरुष के आकार का सा हो जाता है। जैसे कोई पुरुष अपने दोनो पैरो को फैलाकर और दोनो हाथो को कटि पर रख कर खडा हो, तो उसका जैसा आकार होगा, ठीक इसी प्रकार लोक का आकार है। अथवा आधे मृदग के ऊपर पूरे मृदग के रखने पर जैसा आकार होता है, वैसा आकार लोक का समझना चाहिए[1]। कटि से नीचे के भाग को अधो-लोक, ऊपर के भाग को ऊर्ध्व-लोक और कटि-स्थानीय भाग को मध्य-लोक कहते हैं। इस तीन विभाग वाले लोक को लोकाकाश कहा जाता है, क्योकि इसके भीतर ही जीव-पुद्गलादि सभी चेतन और अचेतन द्रव्य पाये जाते हैं। इस लोकाकाश के सर्व ओर पाये जाने वाले अनन्त आकाश को अलोकाकाश कहते हैं, क्योकि इसमे केवल आकाश के अतिरिक्त अन्य कोई चेतन या अचेतन द्रव्य नही पाया जाता है।

१-सामान्य लोक-स्वरूप

लोकाकाश की ऊचाई १४ राजु है[2]। यह अधोलोक मे सबसे नीचे सात राजु विस्तृत है। पुन क्रम से घटता हुआ कटि स्थानीय मध्य—भाग मे एक राजु विस्तृत है। इससे ऊपर क्रम से बढता हुआ दोनो हाथो के कोहिनी-स्थान पर पाच राजु विस्तृत है। पुन क्रमसे घटता हुआ शिर-स्थानीय लोक के अग्र-भाग पर एक राजु विस्तृत है। यह समस्त लोक सर्व ओर घनोदधि, घनवात और तनुवात इन तीन वलयो से वेष्टित है। अर्थात् इनके आधार पर अवस्थित है। प्रथम वलय अधिक सघन है, अत इसे घनोदधि कहते हैं। दूसरा वलय तीसरे वलय की अपेक्षा सघन है, अत' उसे घनवात कहा गया है। तीसरा वलय उक्त दोनो की अपेक्षा अत्यन्त सूक्ष्म या पतला है, इसलिए इसे तनुवात कहते हैं[3]।

२—अधोलोक

कटि-स्थानीय झल्लरी के समान आकारवाले मध्यलोक के नीचे सात पृथिविया हैं— धम्मा, वशा, सेला, अजना, अरिष्टा, मघा और माघवती। रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा, वालुकाप्रभा, पकप्रभा, धूमप्रभा, तम प्रभा और महातम प्रभा—इनके गोत्र कहे गये हैं। इनमे से पहली रत्नप्रभा पृथ्वी के तीन भाग हैं—खरभाग, पकभाग और अब्बहुलभाग। इनमे खरभाग सोलह हजार योजन मोटा है। पकभाग चौरासी हजार योजन और अब्बहुलभाग अस्सी हजार योजन मोटा है। इस प्रकार रत्नप्रभा पृथ्वी की मोटाई एक लाख अस्सी हजार योजन है। इस तीन विभाग—

---

१. देखो प्रस्तुत ग्रन्थ, पृ० ६-७। तिलोयपण्णत्ती, अ०. १ गा० १३७-३८।
उब्भिय दलेक्कमुरवद्धसंचयसण्णिहो हवे लोगो। (त्रिलोकसार गा० ६)

२. चोद्दस रज्जूदयो लोगो (त्रिलोकसार गा० ६) जगसेढिसत्तभागो रज्जू। (त्रिलोकसार गा०७)
चउदसरज्जू लोओ बुद्धिकओ होइ सत्तराजुघणो। कर्म ग्र थ. ५–९७
सयभुपरिमताओ अवरतो जाव रज्जूमाईओ। (प्रवचनसारो० १४३, ३१) राजु का प्रमाण जगच्छ्रेणी के सातवें भाग-बराबर है जो कि स्वयम्भूरमण द्वीप के पूर्व भाग से लेकर पश्चिम भाग-पर्यन्त के प्रमाण है। एक राजु मे असंख्यात योजन होते हैं।

३. दि. शास्त्रों मे घनोदधिवात का वर्ण गोमूत्र-सम, घनवातका मूंग-समान और तनुवात का अव्यक्त वर्ण कहा है।

वाली रत्नप्रभा पृथ्वी के नीचे असख्यात हजार योजन के अन्तराल के बाद दूसरी शर्करा पृथ्वी है। यह एक लाख बत्तीस हजार योजन मोटी है। इसके नीचे पुन असख्यात हजार योजन नीचे जाकर तीसरी बालुका पृथ्वी है। इसकी मोटाई एक लाख अट्ठाईस हजार योजन है। इस तीसरी पृथ्वी का तल भाग मध्यलोक से दो रज्जु प्रमाण नीचा है। तीसरी पृथ्वी से असख्यात हजार योजन नीचे जाकर चौथी पकप्रभा पृथ्वी है। इसकी मोटाई एक लाख चौबीस हजार योजन है। इस पृथ्वी का तल भाग मध्यलोक से तीन राजु नीचा है। इससे असख्यात हजार योजन नीचे जाने पर पांचवी धूमप्रभा पृथ्वी है। इसकी मोटाई एक लाख बीस हजार योजन है। इसका तल भाग मध्यलोक से चार रज्जु नीचा है। पांचवीं पृथ्वी से असख्यात हजार योजन नीचे जाने पर छठी तम'प्रभा पृथ्वी है। इसकी मोटाई एक लाख सोलह हजार योजन मोटी है। इसका तलभाग मध्यलोक से पाच राजु नीचा है। छठी पृथ्वी से असख्यात हजार योजन नीचे जाने पर सातवी महातम प्रभा पृथ्वी है। इसकी मोटाई एक लाख आठ हजार योजन है[१]। इसका तल भाग मध्यलोक से छह राजु नीचा है।

रत्नप्रभा पृथ्वी के एक लाख अस्सी हजार योजन प्रमाण क्षेत्र मे से ऊपर नीचे के एक-एक हजार योजन भाग को छोडकर मध्यवर्ती क्षेत्र में ऊपर भवनवासियों के सात करोड बहत्तर लाख भवन हैं,[२] तथा नीचे नारकियो के तीस लाख नारकावास हैं[३]। किन्तु त्रिलोकप्रज्ञप्ति, तत्त्वार्थ-वार्त्तिक आदि दि० ग्रन्थो मे इससे भिन्न उल्लेख पाया जाता है[४]।

दूसरी पृथ्वी के ऊपर नीचे एक-एक हजार योजन भूमि-भाग को छोडकर मध्यवर्ती भाग मे नारको के २५ लाख नारकावास हैं। इसी प्रकार तीसरी से लगा कर सातवी पृथ्वी तक उनकी मोटाई के ऊपरी-नीचे के एक-एक हजार योजन भाग को छोडकर मध्यवर्ती भागो मे क्रमश १५ लाख, १० लाख, ३ लाख, पाच कम १ लाख और ५ नारकावास हैं। ये नारकावास पटल या पाथडो मे विभक्त हैं। पहली आदि पृथ्वी मे क्रमश १३, ११, ९, ७, ५, ३ और १ पटल हैं। इस प्रकार सातो पृथिवियो के नारकावासो के ४९ पटल हैं। इन ४९ पटलो मे विभक्त सातो पृथिवियो के नारकावासो का प्रमाण ८४ लाख है, जिनमे असख्यात नारकी जीव सदाकाल अनेक प्रकार के क्षेत्रज परस्परोदीरित, शारीरिक और मानसिक दु खो को भोगा करते हैं। इन नरको मे क्रूर कर्म करने वाले पापी मनुष्य और पशु-पक्षी तिर्यंच उत्पन्न होते हैं। वे पहली पृथ्वी में कम से कम १० हजार वर्ष की आयु से लेकर सातवी पृथ्वी में ३३ सागरोपम काल तक नाना दु खों को उठाया करते हैं। उनकी अकाल मृत्यु नही होती है। उनका शरीर वैक्रियिक और औपपातिक होता है। जन्म लेने के पश्चात् अन्तर्मुहूर्त मे ही उनके शरीर का पूर्ण निर्माण हो जाता है और वे उत्पन्न होते ही ऊपर की ओर पैर तथा अधोमुख होकर नीचे नरक-भूमि पर गिरते हैं।

सातवी-पृथ्वी के नीचे एक राजु-प्रमाण मोटे और सात राजु-प्रमाण विस्तृत क्षेत्र मे केवल एकेन्द्रिय जीव ही रहते हैं।

---

१ दि० परम्परा मे शर्करा आदि पृथिवियो की मोटाई क्रमश ३२०००, २८०००, २४०००, २००००, १६००० और ८००० योजन मानी गई है। तिलोयपण्णत्ती मे 'पाठान्तर' देकर उपर्युक्त मोटाई का भी उल्लेख है।

२. देखो प्रस्तुत ग्रन्थ का पृष्ठ ५३।

३. देखो प्रस्तुत ग्रन्थ का पृ० ४३।

४ दिगम्बर परम्परा के अनुसार रत्नप्रभा के तीन भागो मे से प्रथम भाग के एक-एक हजार-योजन क्षेत्र को छोडकर मध्यवर्त्ती १४ हजार योजन क्षेत्र मे किन्नर आदि सात व्यन्तर देवो के, तथा नागकुमार आदि नौ भवनवासी देवो के आवास हैं। तथा रत्नप्रभा के दूसरे भाग मे असुर-कुमार भवनपति और राक्षस व्यन्तर-पति के आवास हैं। रत्नप्रभा के तीसरे भाग मे नारको के आवास हैं।

(देखो तिलोयपण्णत्ती अ० ३ गा ७। तत्त्वार्थवार्तिक अ० ३, सू १)

३—मध्यलोक

मध्यलोक का आकार झल्लरी या चूडी के समान गोल है। इसके सबसे मध्य भाग मे एक लाख योजन विस्तृत जम्बूद्वीप है। इसे सर्व ओर से घेरे हुए दो लाख योजन विस्तृत लवण समुद्र है। इसे सर्व ओर से घेरे हुए चार लाख योजन विस्तृत धातकीखण्ड द्वीप है। इसे सर्व ओर से घेरे हुए आठ लाख योजन विस्तृत कालोद समुद्र है। इसे सर्व ओर से घेरे हुए सोलह लाख योजन विस्तृत पुष्कर द्वीप है, इस पुष्कर द्वीप के ठीक मध्य भाग मे गोल आकार वाला मानुषोत्तर पर्वत है। इससे परवर्ती पुष्करार्घ द्वीप मे, तथा उससे आगे के असख्यात द्वीप-समुद्रो मे वैक्रिय लब्धि-सपन्न या चारणमुनि के अतिरिक्त अन्य मनुष्यो का आवागमन नही हो सकता ऐसी श्वेताम्बर सम्प्रदाय की मान्यता है। किन्तु दिगम्बर-सम्प्रदाय की मान्यता के अनुसार ऋद्धि-सम्पन्न मनुष्य भी नही जा आ सकते हैं।

पुष्कर द्वीप को घेर कर उससे दूने विस्तार वाला पुष्करोद समुद्र है। पुन उसे घेरकर उत्तरोत्तर दूने-दूने विस्तार वाले वरुणवरद्वीप वरुणवर समुद्र, क्षीरवरद्वीप-क्षीरोदसागर घृतवरद्वीप घृतवर-समुद्र, क्षोदवर द्वीप क्षोदवर समुद्र, नदीश्वर द्वीप-नन्दीश्वरवर समुद्र आदि नाम वाले असख्यात द्वीप और समुद्र है। सब से अन्त में असख्यात योजन विस्तृत स्वयम्भूरमण समुद्र है।

इस असख्यात द्वीप--समुद्रो वाले मध्य लोक के ठीक मध्य भाग मे जो एक लाख योजन विस्तृत जम्बूद्वीप है उसके भी मध्य भाग मे मूल मे दस हजार योजन विस्तार वाला और एक लाख योजन ऊचा मेरु पर्वत है। इसके उत्तर दिशा मे अवस्थित उत्तरकुरु मे एक अनादि-निधन पार्थिव जम्बू-वृक्ष है, जिसके निमित्त से ही इस द्वीप का नाम जम्बूद्वीप पडा है। इस द्वीप का विभाजन करने वाले, पूर्व से लेकर पश्चिम तक लम्बे छह वर्षधर पर्वत हैं—हिमवान्, महाहिमवान्, निषध, नील, रुक्मी और शिखरी। इन वर्षधर पर्वतो से विभक्त होने के कारण जम्बूद्वीप के सात विभाग हो जाते हैं, जिन्हे वर्ष या क्षेत्र कहते हैं। इनके नाम दक्षिण की ओर से इस प्रकार है—भरत, हैमवत, हरि, विदेह, रम्यक, हैरण्यवत और ऐरावत वर्ष। इनमे से विदेह क्षेत्र के मध्य-भाग मे मेरु पर्वत है। इसके दक्षिणी भाग मे भरत आदि तीन क्षेत्र हैं और उत्तरी भाग मे रम्यक आदि तीन क्षेत्र हैं।

४–कर्मभूमियां और अकर्मभूमियां

उपर्युक्त सात क्षेत्रो मे से भरत, ऐरावत और देवकुरु-उत्तरकुरु को छोडकर शेष विदेह क्षेत्र को कर्मभूमि कहा जाता है, क्योकि यहा के मनुष्य असि, मषी, कृषि, आदि कर्मों के द्वारा अपना जीवन-निर्वाह करते हैं। यहा के मनुष्य-तिर्यंच अपने अपने पुण्य-पापो के अनुसार नरक, तिर्यंचादि चारो गतियो मे उत्पन्न होते हैं तथा यहा के ही मनुष्य अपने पुरुषार्थ के द्वारा कर्मो का क्षय करके मोक्ष प्राप्त करते हैं। उक्त कर्मभूमि के सिवाय शेष क्षेत्रो को अकर्म भूमि या भोगभूमि कहा जाता है, क्योकि वहा असि-मषी आदि कर्मों के द्वारा जीविकोपार्जन नही करना पड़ता, किन्तु प्रकृति-प्रदत्त कल्पवृक्षो के द्वारा ही जीवन-निर्वाह होता है। भोगभूमि के जीवो की अकाल मृत्यु भी नही होती है, किन्तु वे सदा स्वस्थ रहते हुए पूर्ण आयु-पर्यन्त दिव्य भोगो को भोगते रहते है।

५—अन्तर्द्वीप

प्रथम हिमवान, पर्वत की चारो विदिशाओ मे तीन-तीन सौ योजन लवण-समुद्र के भीतर जाकर चार अन्तर द्वीप हैं। इसी प्रकार लवण-समुद्र के भीतर चार सौ, पाच सौ, छह सौ, सात सौ, आठ सौ और नौ सौ योजन आगे जाकर चारो विदिशाओ मे चार-चार अन्तर-द्वीप और हैं। इस प्रकार चुल्ल हिमवान् के (७×४=२८) सर्व अन्तर-द्वीप २८ होते है। इसी प्रकार छठे शिखरी पर्वत के लवण समुद्रगत २८ अन्तर-द्वीप हैं। दोनो ओर के मिलाकर ५६ अन्तर द्वीप हो जाते हैं[1]। इनमे एकोरुक आदि अनेक आकृतियो वाले मनुष्य रहते हैं। वे कल्प वृक्षो के

१. दिगम्बर परम्परा मे अन्तर द्वीपो की संख्या ९६ बतलायी गयी है। विशेष के लिए देखो-तिलोयपण्णत्ती अ० ४, गा० २४७८-२४९०। तत्त्वार्थवार्त्तिक अ० ३, सूत्र ३७ की टीका आदि।

फल-फूलो को खाकर अपना जीवन-निर्वाह करते हैं, स्त्री-पुरुष के रूप मे युगल ही उत्पन्न होते हैं और साथ ही मरते हैं। इनके मरण से कुछ समय पूर्व युगल-सन्तान उत्पन्न होती है[1]।

ऊपर जिन छह वर्षधर पर्वतो के नाम कहे गये हैं, उनके ऊपर क्रमश पद्म, महापद्म, तिगिञ्छ, केशरी, महापुण्डरीक और पुण्डरीक नामका एक-एक ह्रद या सरोवर है। इन्ही सरोवरो के मध्य मे पद्मो (कमलो) का अवस्थान वतलाया गया है। (विशेष वर्णन के लिए देखिये प्रस्तुत ग्रन्थ का पृ० ८३—८५)

हिमवान पर्वतस्थ पद्मद्रह के पूर्व भाग से गगा महानदी निकली है, जो पर्वत से नीचे गिरकर दक्षिण भरत क्षेत्र मे वहकर पूर्वमुखी होकर पूर्व के लवण-समुद्र मे जाकर मिलती है। इसी पद्म-सरोवर के पश्चिम-भाग से सिन्धु महानदी निकल कर भारतवर्ष के दक्षिण भाग मे कुछ दूर वह कर पश्चिमाभिमुखी होकर पश्चिम लवण-समुद्र मे जाकर मिलती है। इसी सरोवर के उत्तरी भाग से रोहितासन नदी निकली है जो कि हैमवत-क्षेत्र मे वहती है। अन्तिम शिखरी-पर्वत के ऊपर स्थित पुण्डरीक सरोवर के पूर्वी भाग से रक्ता और पश्चिमी भाग से रक्तोदा नदी निकलकर ऐरावत क्षेत्र मे वहती हुई क्रमश पूर्व और पश्चिम समुद्र मे जाकर मिलती हैं। इसी पुण्डरीक सरोवर के दक्षिणी-भाग से सुवर्णकूला नदी निकली है, जो हैरण्यवत-क्षेत्र मे वहती है। शेष मध्यवर्ती वर्षधर पर्वतो के सरोवरो से दो-दो नदिया निकली हैं। वे अपने-अपने क्षेत्रो मे बहती हुई पूर्व एव पश्चिम के समुद्र मे जाकर मिलती हैं। इन प्रधान महानदियो मे सहस्रो अन्य छोटी नदिया आकर मिलती हैं।

विदेह क्षेत्र मे मेरु पर्वत के ईशानादि चारो कोणो मे क्रमश गन्धमादन, माल्यवान्, सौमनस और विद्युत्प्रभ नाम वाले चार पर्वत हैं। इनसे विभक्त होने के कारण मेरु के दक्षिणी भाग को देवकुरु और उत्तरी भाग को उत्तरकुरु कहते हैं। ये दोनो ही क्षेत्र भोगभूमि हैं। मेरु के पूर्ववर्त्ती भाग को पूर्व-विदेह और पश्चिम दिशा वाले भाग को अपर या पश्चिम-विदेह कहते हैं इन दोनो ही स्थानो में सीता—सीतोदा नदी के बहने से दो-दो खण्ड हो जाते हैं। इन चारो ही खण्डो में कर्मभूमि है। इन्ही मे सीमन्धर आदि तीर्थंकर सदा विहार करते और धर्मोपदेश देते हुए विराजते हैं और आज भी वहा के पुरुषार्थी मानव कर्मों का क्षय करके मोक्ष जाते हैं।

६-ज्योतिष्क लोक

जम्बू-द्वीप के समतल भाग से ७९० योजन की ऊचाई से लेकर ९०० योजन की ऊँचाई तक ज्योतिष्क लोक है, जहा पर सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र और तारा, इन पाँच जाति के ज्योतिषी देवो के विमान हैं। ये सभी विमान यत ज्योतिर्मान या प्रकाश-स्वभावी हैं, अत इन्हे ज्योतिष्क कहते हैं। और उनमे रहने वाले ज्योतिष्क देवो के निवास के कारण उक्त क्षेत्र ज्योतिष्क-लोक कहलाता है। तिरछे रूप मे यह ज्योतिष्क-लोक स्वयम्भूरमण समुद्र तक फैला हुआ है। इसमे ७९० योजन की ऊचाई पर सर्व प्रथम ताराओ के विमान है। उनसे १० योजन की ऊचाई पर सूर्य का विमान है। सूर्य से ८० योजन ऊपर चन्द्र का विमान हैं। चन्द्र से ४ योजन ऊपर नक्षत्र हैं। नक्षत्रो से ४ योजन ऊपर बुध का विमान है। बुध से ३ योजन ऊपर शुक्र का विमान है। शुक्र से ३ योजन ऊपर गुरु का विमान है। गुरु से ३ योजन ऊपर मगल का विमान है। और मगल से ३ योजन ऊपर शनैश्चर का विमान है। इस प्रकार सर्व ज्योतिष्क विमान-समुदाय एक सौ दश योजन के भीतर पाया जाता है।

मध्य-लोकवर्ती तीसरे पुष्कर-द्वीप के मध्य मे जो मानुषोत्तर पर्वत है, वहा तक का क्षेत्र मनुष्य लोक कहलाता है। इस मनुष्य लोक के भीतर सर्व ज्योतिष्क-विमान मेरु की प्रदक्षिणा करते हुए निरन्तर घूमते रहते हैं। यहां पर सूर्य के उदय और अस्त से ही दिन-रात्रि का व्यवहार होता है। मनुष्य लोक के वाहिरी भाग से लेकर स्वयम्भूरमण समुद्र तक के असख्यात योजन विस्तृत क्षेत्र मे जो असख्य ज्योतिष्क-विमान हैं, वे घूमते नही, किन्तु

---

१. देखो-तिलोयपण्णत्ती अ० ४, गा० २४८९, तथा २५१२ आदि।

सदा अवस्थित रहते है। जम्बूद्वीप मे मेरु के चारो ओर ११२१ योजन तक ज्योतिष्क-मण्डल नही है। लोकान्त मे भी इतने ही योजन छोडकर ज्योतिष्क-मण्डल अवस्थित है। इसके मध्यवर्ती भाग मे यथा समव अन्तराल के साथ सर्वत्र वह फैला हुआ है।

जैन मान्यता के अनुसार जम्बूद्वीप मे २ सूर्य और २ चन्द्र हैं। एक सूर्य मेरुपर्वत की पूरी प्रदक्षिणा दो दिन-रात में करता है। इसका परिभ्रमण-क्षेत्र जम्बूद्वीप के भीतर १८० योजन और लवण-समुद्र के भीतर ३३०$\frac{४८}{६१}$ योजन है। सूर्य के घूमने के मण्डल १८४ हैं। एक मण्डल से दूसरे मडल का अन्तर दो योजन का है। इस प्रकार प्रथम मण्डल से अन्तिम मडल तक परिभ्रमण करने में सूर्य को ३६८ दिन लगते हैं। सौर मास के अनुसार एक वर्ष में इतने ही दिन होते हैं। चन्द्र के परिभ्रमण के मण्डल केवल १५ हैं। चन्द्र को भी मेरु की एक प्रदक्षिणा करने में दो दिन-रात से कुछ अधिक समय लगता है, क्योकि उसकी गति सूर्य से मन्द है। इसी कारण से चन्द्र के उदय मे सूर्य की अपेक्षा आगा-पीछापन दिखाई देता है। एक चन्द्र अपने १५ मडलो में चन्द्रमास में १४$\frac{१}{४}$+$\frac{१}{१२४}$ मडल ही चलता है, अतः चान्द्रमास के अनुसार वर्ष मे ३५५ या ३५६ ही दिन होते हैं।

जैन मान्यतानुसार लवण-समुद्र मे ४ सूर्य और ४ चन्द्र हैं। धातकी-खण्ड मे १२ सूर्य और १२ चन्द्र है। कालोद-समुद्र मे ४२ सूर्य और ४२ चन्द्र है। पुष्करार्घ-द्वीप मे ७२ सूर्य और ७२ चन्द्र हैं। पुष्करार्घ के परवर्ती अर्घ भाग मे भी ७२-७२ ही सूर्य-चन्द्र है[1]। इससे आगे स्वयम्भूरमण-समुद्र पर्यन्त सूर्य और चन्द्र की सख्या उत्तरोत्तर दूनी-दूनी है।

एक चन्द्र के परिवार मे एक सूर्य, अट्ठाईस नक्षत्र, अठ्यासी ग्रह, और ६६९७५ कोडाकोडी तारे होते हैं। जम्बूद्वीप मे दो चन्द्र होने से नक्षत्रादि की सख्या भी दूनी जाननी चाहिए। इस प्रकार सारे ज्योतिर्लोक मे असख्य सूर्य, चन्द्र है। इनसे अट्ठाईस गुणित नक्षत्र और अठ्यासी गुणित ग्रह है। तथा सूर्य से ६६९७५ कोडाकोड़ी गुणित तारे हैं[2]।

मनुष्य लोकवर्ती ज्योतिष्क-विमान यद्यपि स्वय गमन-स्वभावी है, तथापि आभियोग्य जाति के देव, सूर्य चन्द्रादि के विमानो को गतिशील बनाये रखने मे निमित्त-स्वरूप है। ये देव सिंह, गज, बैल, और अश्व का आकार धारण कर और क्रमश पूर्वादि चारो दिशाओ मे सलग्न रहकर सूर्यादि को गतिशील बनाये रखते है[3]।

७-ऊर्ध्व-लोक

मेरु-पर्वत को तीनो लोको का विभाजक माना गया है। मेरु के अधस्तन भाग को अधोलोक और मेरु से ऊपरके भाग को ऊर्ध्व-लोक कहते है। ऊर्ध्वलोक में श्वेताम्बरीय मान्यतानुसार स्वर्गो की सख्या बारह है और दिगम्बरीय मान्यतानुसार सोलह है। इन स्वर्गो में कल्पवासी देव और देविया रहती हैं। इनसे ऊपर नौ ग्रैवेयक, उनके ऊपर दिगम्बरीय मान्यतानुसार नौ अनुदिश और उनके ऊपर पांच अनुत्तर विमान हैं इन विमानो में रहनेवाले देव कल्पातीत कहलाते हैं, क्योकि उनमें इन्द्र, सामानिक आदि की कल्पना नही है, वे उससे परे है। इन विमानो में रहनेवाले देव समान वैभव वाले है और सभी अपने आपको इन्द्र-स्वरूप से अनुभव करते है, इसलिए वे (अह+ इन्द्रः) 'अहमिन्द्र' कहलाते हैं।

स्वर्गो मे जो कल्पवासी देव रहते है, उनमे इन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंश, पारिषद्, आत्मरक्ष, लोकपाल अनीक, प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषिक नामकी दस जातिया है। जो सामानिक आदि अन्य देवो के स्वामी होते हैं, उन्हे इन्द्र कहते हैं। इनकी आज्ञा सर्व देव शिरोधार्य करते है और उनका वैभव, ऐश्वर्य अन्य सर्व देवो से बहुत बढ-चढा होता है। जो आज्ञा और ऐश्वर्य को छोडकर शेष सब बातो मे इन्द्र के समान होते है उन्हे

---

१. देखो प्रस्तुत ग्रन्थ पृष्ठ २५२-२५६।

२. देखो प्रस्तुत ग्रन्थ पृ० २५२।

३. देखो प्रस्तुत ग्रन्थ पृ० २६१-२६५।

सामानिक कहते हैं। मत्री और पुरोहित का काम करने वाले देव त्रायस्त्रिश कहलाते हैं। इनकी सख्या तैंतीस ही होती हैं, इसलिए ये त्रायस्त्रिश कहे जाते हैं। इन्द्र की सभा या परिषद् के सदस्यो को पारिषद कहते हैं। इन्द्र के अग-रक्षक देव आत्मरक्ष कहलाते हैं। सर्व देवो की रक्षा करने वाले देव लोकपाल कहलाते हैं। सेना में काम करने वाले देवो को अनीक कहते हैं। साधारण प्रजा-स्थानीय देवो को प्रकीर्णक कहते हैं। देव लोक में जो देव सब मे हीन पुण्यवाले होते हैं, उन्हे किल्विपिक कहते हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ में भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिष्क देवो का भी वर्णन किया गया है, उनमें से भवन-वासियो में भी उपर्युक्त दस भेद हैं। किन्तु व्यन्तर और ज्योतिष्क देवो में त्रायस्त्रिश और लोकपाल को छोडकर शेप आठ भेद होते हैं। व्यन्तर देवो के आवास रत्नप्रभा पृथ्वी के प्रथम-द्वितीय-काण्ड में तथा मध्य-लोकवर्ती असख्यात द्वीप और समुद्रो में पाये जाते हैं।

पाचवें ब्रह्म स्वर्ग के अन्त मे सारस्वत आदि लौकान्तिक देव रहते हैं। ये देवर्षि कहलाते हैं। वे स्वर्ग के देवो में सर्वाधिक ज्ञानी होते हैं। वे तीर्थंकरो के अभिनिष्क्रमण कल्याणक के सिवाय अन्य किसी कल्याणक में नही आते हैं और वे सभी एक भवावतारी होते हैं।

भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिष्क और कल्पवासी इन सभी प्रकार के देवो का औपपातिक जन्म होता है। ये अपनी उपपाद शय्या पर जन्म लेने के पश्चात् एक अन्तर्मुहूर्त मे ही पूर्ण युवावस्था को प्राप्त हो जाते हैं।

८-तमस्काय

जम्बूद्वीप से तिर्छे असख्यात द्वीप-समुद्रो को लाघने पर अरुणवर-द्वीप की बाहिरी वेदिका के अन्त से अरुणोदय समुद्र में बयालीस हजार योजन अवगाहन करके जल के ऊपरी भाग से एक प्रदेश की श्रेणी वाला तमस्काय (अन्धकार-पिण्ड) आरम्भ होता है। पुन वह १७२१ योजन ऊपर उठकर विस्तार को प्राप्त होता हुआ सौधर्मादि चार कल्पो को आवृत करके पाचवें ब्रह्म लोक मे रिष्ट विमान को प्राप्त होकर समाप्त होता है। इस तमस्काय का आकार नीचे मल्लकमूल और ऊपर मुर्गे के पीजरे के समान है। इसके लोकतमिस्र आदि १३ नाम हैं और इसकी आठ कृष्णराजियाँ वतलायी गयी हैं। (विशेप के लिए देखें प्रस्तुत ग्रन्थ का पृ० ४२६-३१)

९-सिद्धलोक

ऊर्ध्व लोक के सब से अन्त में स्थित सर्वार्थ सिद्धि विमान के अग्रभाग से वारह योजन ऊपर ईपत्प्राग्भारा नामकी पृथ्वी है। वह पैंतालीस लाख योजन विस्तृत गोल-आकार वाली है। यह बीच मे आठ योजन मोटी है फिर क्रम से घटती हुई सबसे अन्तिम प्रदेशो मे मक्खी के पख से भी पतली हो गई है। दिगम्बर मान्यतानुसार ईपत्प्राग्भार पृथ्वी लोकान्त तक विस्तृत होने से एक राजु चौडी और सात राजु लम्बी है। इसके ठीक मध्य भाग मे मनुष्य क्षेत्र के ऊपर पैंतालीस लाख योजन लम्बा-चौडा गोल-आकार वाला सिद्धक्षेत्र है। इसका आकार रूप्यमय छत्राकार है। इस सिद्धक्षेत्र या सिद्ध लोक मे कर्मो का क्षय करके ससार चक्र से छूटने वाले मुक्त जीव निवास करते हैं और अनन्त काल तक अपने आत्मीक अव्यावाध निरुपम सुख को भोगते रहते हैं।

१०—क्षेत्र—माप

जैन परम्परा मे क्षेत्र-माप इस प्रकार बतलाया गया है —

परमाणु	=	पुद्गल का सबसे सबसे छोटा अविभागी अश
अनन्तपरमाणु	=	१ उस्सण्हसण्हिया (उत्सज्ञसज्ञिका)
८ उस्सण्हसण्हिया	=	१ सण्हसण्हिया (सज्ञासज्ञिका)
८ सण्हसण्हिया	=	१ ऊर्ध्वरेणु
८ ऊर्ध्वरेणु	=	१ त्रसरेणु
८ त्रसरेणु	=	१ रथरेणु
८ रथरेणु	=	१ देवकुरु के मनुष्य का वालाग्र
८ देवकुरु मनुष्य का वालाग्र	=	१ हरिवर्ष " "
८ हरिवर्ष " "	=	१ हैमवत " "
८ हैमवत " "	=	१ विदेहक्षेत्रज " "
८ विदेहक्षेत्रज " "	=	१ भरतक्षेत्रज " "
८ भरतक्षेत्रज " "	=	१ लिक्षा (लीख)
८ लिक्षा	=	१ यूका (जूं)
८ यूका	=	१ यवमध्य
८ यवमध्य	=	१ उत्सेघागुल
६ उत्सेधागुल	=	१ पाद
२ पाद	=	१ वितस्ति
२ वितस्ति	=	१ रत्नि
२ रत्नि	=	१ कुक्षि (दि० पर० किष्कु)
२ कुक्षि (किष्कु)	=	१ दण्ड (धनुष)
२ सहस्र धनुष	=	१ गव्यूति
४ गव्यूति	=	१ योजन

उपर्युक्त माप-वर्णन उत्सेधागुल से है। उत्सेधागुल से प्रमाणागुल पाच सौ गुणा होता है। एक उत्सेधागुल लम्बी एक प्रदेश की श्रेणी (पक्ति) को सूच्यगुल कहते हैं। सूच्यगुल के वर्ग को प्रतरागुल कहते हैं और सूच्यगुल के घन को घनागुल कहते है। असख्यात कोडाकोडी घनांगुल गुणित योजनो की पक्ति को श्रेणी या जगच्छे्रणी कहते हैं। जगच्छे्रणी के वर्ग को जगत्प्रतर कहते हैं और जगच्छे्रणी के घन को लोक या घन—लोक कहते हैं। इनमे से जगच्छे्रणी के सातवें भाग-प्रमाण क्षेत्र को राजु कहते है। लोकाकाश का घनफल ३४३ राजु प्रमाण है।

११-काल-माप

समय		=	काल का सूक्ष्मतम अश
जघन्य युक्त असख्यात समय		=	१ आवलिका
४४४६ $\frac{२४५८}{३७७३}$		=	आवलिका = १ प्राण
७	प्राण	=	१ स्तोक
७	स्तोक	=	१ लव
३८ $\frac{१}{२}$	लव	=	१ घडी
२	घडी	=	१ मुहूर्त (= ४८ मिनिट)
३०	मुहूर्त	=	१ अहोरात्र
३०	अहोरात्र	=	१ मास
१२	मास	=	१ वर्ष
८४ लाख वर्ष		=	१ पूर्वांग
,,	पूर्वांग	=	१ पूर्व
,,	पूर्व	=	१ त्रुटिताग
,,	त्रुटिताग	=	१ त्रुटित
,,	त्रुटित	=	१ अडडाग
,,	अडडाग	=	१ अडड
,,	अडड	=	१ अववाग
,,	अववाग	=	१ अवव
,,	अवव	=	१ हूहूकाग
,,	हूहूकाग	=	१ हूहूक
,,	हूहूक	=	१ उत्पलाग
,,	उत्पलाग	=	१ उत्पल

इसी प्रकार आगे पद्माग, पद्म, नलिनाग, नलिन, अर्थनिपुराग, अर्थनिपुर, अयुताग, अयुत, प्रयुताग, प्रयुत, नयुताग, नयुत, चूलिकाग, चूलिका, शीर्षप्रहेलिकाग और शीर्षप्रहेलिका उत्तरोत्तर चौरासी लाख गुणित जानना चाहिए। यह काल-मान श्वेताम्बर-आगमो के अनुसार है।

दिगम्बर मान्यतानुसार उपर्युक्त कालमाप का वर्णन इस प्रकार है —

	=	
समय	=	काल का सबसे छोटा अविभागी अश
असख्यात समय	=	१ आवली
सख्यात आवली	=	१ प्राण (श्वासोच्छ्वास)
७ प्राण	=	१ स्तोक
७ स्तोक	=	१ लव
७७ लव	=	१ मुहूर्त
३० मुहूर्त्त	=	१ अहोरात्र
१५ अहोरात्र	=	१ पक्ष
२ पक्ष	=	१ मास
२ मास	=	१ ऋतु
३ ऋतु	=	१ अयन
२ अयन	=	१ वर्ष
८४ लाख वर्ष	=	१ पूर्वाङ्ग

समय		काल का सूक्ष्मतम अंश
८४ लाख पूर्वाङ्ग	=	१ पूर्व
८४ „ पूर्व	=	१ पर्वाङ्ग
८४ „ पूर्वाङ्ग	=	१ पर्व
८४ „ पर्व	=	१ नयुताङ्ग
८४ „ नयुताङ्ग	=	१ नयुत
८४ „ नयुत	=	१ कुमुदाङ्ग
८४ „ कुमुदाङ्ग	=	१ कुमुद
८४ „ कुमुद	=	१ पद्माङ्ग
८४ „ पद्माङ्ग	=	१ पद्म
८४ „ पद्म	=	१ नलिनाङ्ग
८४ „ नलिनाङ्ग	=	१ नलिन

इसी प्रकार आगे कमलाङ्ग-कमल, तुट्याग-तुट्य, अटटाङ्ग-अटट, अममाङ्ग-अमम, हूहूअग-हूहू, लताङ्ग-लता, महालताङ्ग-महालता, शिर प्रकम्पित, हस्तप्रहेलित और अचलात्म को उत्तरोत्तर ८४ लाख गुणित जानना चाहिए। ये सभी संख्याएँ संख्यात गणना के ही भीतर हैं। पल्योपम और सागरोपम आदि असंख्यात-गणना के भीतर हैं। इन सबसे ऊपर अन्त-विहीन जो राशि है, वह अनन्त कहलाती है।

(ख)–बौद्ध मतानुसार लोक–वर्णन

१-लोक-रचना

आ० वसुबन्धु ने अपने अभिधर्म-कोश मे लोक रचना इस प्रकार बतलाई है —

लोक के अधोभाग मे सोलह लाख योजन ऊचा, अपरिमित वायु-मण्डल है[1]। उसके ऊपर ११ लाख बीस हजार योजन ऊचा जल मडल है। उसमे ३ लाख वीस हजार योजन कचनमय भूमण्डल है[2]। जल-मण्डल और कञ्चन-मण्डल का विस्तार १२ लाख ३ हजार चार सौ पचास योजन तथा परिधि छत्तीस लाख दस हजार तीन सौ पचास योजन प्रमाण है[3]।

काचनमय भूमण्डल के मध्य मे मेरु-पर्वत है। यह अस्सी हजार योजन नीचे जल मे डूबा हुआ है तथा इतना ही ऊपर निकला हुआ है[4]। इससे आगे अस्सी हजार योजन विस्तृत और दो लाख चालीस हजार योजन प्रमाण परिधि से सयुक्त प्रथम सीता (समुद्र) है। जो मेरु को घेर कर अवस्थित है। इससे आगे चालीस हजार योजन विस्तृत युगन्धर पर्वत वलयाकार से स्थित है। इसके आगे भी इसी प्रकार से एक एक सीता को अन्तरित करके आधे-आधे विस्तार से सयुक्त क्रमश युगन्धर ईशाधर, खदीरक, सुदर्शन, अश्वकर्ण, विनतक, और निमिन्धर पर्वत हैं। सीताओ का विस्तार भी उत्तरोत्तर आधा-आधा होता गया है[5]। उक्त पर्वतो मे से मेरु चतुर्रत्नमय और शेष सात पर्वत स्वर्णमय हैं। सबसे बाहिर अवस्थित सीता (महासमुद्र) का विस्तार तीन लाख बाईस हजार योजन प्रमाण है। अन्त मे लौहमय चक्रवाल पर्वत स्थित है।

निमिन्धर और चक्रवाल पर्वतो के मध्य मे जो समुद्र स्थित है उसमे जम्बूद्वीप, पूर्वविदेह, अवरगोदानीय और उत्तर कुरु, ये चार द्वीप हैं। इनमे जम्बूद्वीप मेरु के दक्षिण भाग मे है, उसका आकार शकट के समान है। उसकी तीन भुजाओ मे से दो भुजाए दो-दो हजार योजन और एक भुजा तीन हजार पचास योजन की है।

मेरु के पूर्व भाग मे अर्द्ध-चन्द्राकार पूर्वविदेह नाम का द्वीप है। इसकी भुजाओ का प्रमाण जम्बूद्वीप की तीनो भुजाओ के समान है[7]। मेरु के पश्चिम भाग में मण्डल-मार अवरगोदानीय-द्वीप है। इसका विस्तार अढाई हजार योजन और परिधि साढे सात हजार योजन प्रमाण है[8]। मेरु के उत्तर भाग मे सम चतुष्कोण उत्तरकुरु-द्वीप है। इसकी एक-एक भुजा दो-दो हजार योजन की है। इनमें से पूर्व विदेह के समीप मे देह-विदेह, उत्तरकुरु के समीप मे कुरु-कौरव, जम्बूद्वीप के समीप मे चामर, अवर-चामर तथा गोदानीय द्वीप के समीप में शाटा-और उत्तरमन्त्री नामक अन्तर्द्वीप अवस्थित हैं। इनमे से चमरद्वीप मे राक्षसो का और शेष द्वीप मे मनुष्य का निवास है[9]।

---

१ अभिधर्मकोश, ३, ४५।
२ " " ३, ४६।
३. " " ३, ४७-४८।
४ " " ३, ५०।
५ " " ३, ५१-५२।
६ " " ३, ५३।
७ " " ३, ५४
८. " " ३, ५५
९. " " ३, ५६

मेरु-पर्वत के चार परिखण्ड (विभाग) हैं। प्रथम परिखड शीता-जल से दस हजार योजन ऊपर तक माना गया है। इसके आगे क्रमशः दस-दस हजार ऊपर जाकर दूसरा, तीसरा और चौथा परिखण्ड है। इनमे से पहला परिखड सोलह हजार योजन, दूसरा परिखड आठ हजार योजन, तीसरा परिखड चार हजार योजन और चौथा परिखड दो हजार योजन मेरु से बाहर निकला हुआ है। पहले परिखंड मे पूर्व की ओर करोट-पाणि-यक्ष रहते हैं। दूसरे परिखड मे दक्षिण की ओर मालाधर रहते हैं। तीसरे परिखड मे पश्चिम की ओर सदामद रहते हैं और चौथे परिखण्ड मे चातुर्महाराजिक देव रहते हैं। इसी प्रकार शेष सात पर्वतो पर भी उक्त देवो का निवास है[1]।

जम्बूद्वीप मे उत्तर की ओर बने कीटादि और उनके आगे हिमवान पर्वत अवस्थित है। हिमवान पर्वत से आगे उत्तर मे पाँच सौ योजन विस्तृत अनवतप्त नाम का अगाध सरोवर है। इससे गगा, सिन्धु, वक्षु और सीता नाम की चार नदियाँ निकली हैं। इस सरोवर के समीप जम्बू-वृक्ष है, जिससे इस द्वीप का नाम जम्बू-द्वीप पडा है। अनवतप्त-सरोवर के आगे गन्धमादक नाम का पर्वत है[2]।

२-नरक-लोक

जम्बूद्वीप के नीचे बीस हजार योजन विस्तृत अवीचि नाम का नरक है। उसके ऊपर क्रमश: प्रतापन, तपन, महारौरव, रौरव, सन्घात, कालसूत्र और सजीव नाम के सात नरक और है[3]। इन नरको के चारो पार्श्व-भागो मे कुकूल, कुणप, क्षुर्मार्गादिक, (असिपत्रवन, श्यामसबलस्वस्थान अय: शाल्मलीवन) और खारोदक वाली वैतरणी नदी ये चार उत्सद हैं। अर्बुद, निरर्बुद अटट उहहब, हुहूब, उत्पल, पद्म और महापद्म वाले ये आठ शीत-नरक और हैं, जो जम्बूद्वीप के अधो-भाग मे महा नरको के धरातल मे अवस्थित हैं[4]।

३-ज्योतिर्लोक

मेरु-पर्वत के अर्द्ध-भाग अर्थात् भूमि से चालीस हजार योजन ऊपर चन्द्र और सूर्य परिभ्रमण करते हैं। चन्द्र-मडल का प्रमाण पचास योजन और सूर्य-मण्डल का प्रमाण इक्यावन योजन है। जिस समय जम्बू-द्वीप मे मध्याह्न होता है उस समय उत्तर-कुरु मे अर्ध रात्रि, पूर्व विदेह मे अस्तगमन और अवर गोदानीय मे सूर्योदय होता है[5]। भाद्र मास के शुक्ल-पक्ष की नवमी से रात्रि की वृद्धि और फाल्गुन मास के शुक्ल-पक्ष की नवमी से उसके हानि का आरम्भ होता है। रात्रि की वृद्धि, दिन की हानि और रात्रि की हानि, दिन की वृद्धि होती है। सूर्य के दक्षिणायन मे रात्रि की वृद्धि और उत्तरायण मे दिन की वृद्धि होती है[6]।

४-स्वर्गलोक

मेरु के शिखर पर त्रयस्त्रिंश (स्वर्ग) लोक है। इसका विस्तार अस्सी हजार योजन है। यहाँ पर त्रायस्त्रिंश देव रहते हैं। इसके चारो विदिशाओ मे वज्रपाणि देवो का निवास है[7]। त्रयस्त्रिंश-लोक के मध्य मे सुदर्शन नाम का नगर है, जो सुवर्णमय है। इसका एक-एक पार्श्व भाग ढाई हजार योजन विस्तृत है। उसके मध्य-भाग मे इन्द्र का अढाई सौ योजन विस्तृत वैजयन्त नामक प्रासाद है। नगर के बाहरी भाग मे चारो ओर चैत्ररथ, पारुष्य, मिश्र और नन्दन ये चार वन है[8]। इनके चारो ओर बीस हजार योजन के अन्तर से देवो के क्रीडा-स्थल हैं[9]।

---

१. अभिधर्मकोश ३, ६३-६४, २—अ. को. ३, ५७, ३—अ. को. ३, ५८, ४—अ को. ३, ५६,
५. अ.को. ३, ६०, ६—अ. को. ३, ६१, ७—अ. को. ३, ६५, ८—अ. को. ३, ६६-६७, ९—३, ६८

त्रयस्त्रिश-लोक के ऊपर विमानो मे याम, तुषित निर्माणरति, और परनिर्मित-वशवर्त्ती देव रहते हैं। कामधातुगत देवो मे से चातुर्महाराजिक और त्रायस्त्रिश देव मनुष्य के समान काम सेवन करते हैं। याम, तुषित, निर्माणरति, परनिर्मितवशवर्ती देव क्रमश आलिंगन, पाणिसयोग, हसित, और अवलोकन से ही तृप्ति को प्राप्त होते हैं [1]।

कामधातु के ऊपर सत्तरह स्थानो से सयुक्त रूपधातु हैं। वे सत्तरह स्थान इस प्रकार हैं। प्रथम स्थान मे ब्रह्मकायिक ब्रह्मपुरोहित, और महाब्रह्म लोक हैं। द्वितीय ध्यान मे परिताभ, अप्रमाणाभ, और आभस्वर लोक हैं। तृतीय ध्यान मे परित्तशुभ, अप्रमाणशुभ, और शुभकृत्स्न लोक हैं, चतुर्थ ध्यान मे अनभ्रक, पुण्यप्रसव, वृहद्फल, पचशुद्धावासिक, अवृह, अतप सुद्दश-सुदर्शन और अकनिष्ठ नाम वाले आठ लोक हैं। ये सभी देव लोक क्रमश ऊपर-ऊपर अवस्थित हैं। इनमे रहने वाले देव ऋद्धि-बल अथवा अन्य देव की सहायता से ही अपने से ऊपर के देवलोक को देख सकते हैं [2]।

जम्बूद्वीपस्थ मनुष्यो का शरीर साढे तीन या चार हाथ, पूर्व विदेहवासियो का ७-८ हाथ, गोदानीय द्वीपवासियो का १४-१६ हाथ, और उत्तर-कुरुस्थ मनुष्यो का शरीर २८-३२ हाथ ऊचा होता है। कामधातु वासी देवो मे चातुर्महाराजिक देवो का शरीर $\frac{1}{4}$ कोश, त्रायस्त्रिशो का $\frac{1}{2}$ कोश, यामो का $\frac{3}{4}$ कोश, तुषितो का १ कोश निर्माणरति देवो का $१\frac{1}{4}$ कोश और परनिर्मितवशवर्ती देवो का शरीर $१\frac{1}{2}$ कोश ऊचा है। आगे ब्रह्मपुरोहित, महाब्रह्म, परिताभ, अप्रभाणाभ, आभस्वर, परित्तशुभ, अप्रमाणशुभ, और शुभकृत्स्न देवो का शरीर क्रमश १, $१\frac{1}{2}$, २, ४, ८, १६, ३२, और ६४ योजन प्रमाण ऊचा है। अनभ्र देवो का शरीर १२५ योजन ऊचा है, आगे पुण्यप्रसव आदि देवो के शरीर उत्तरोत्तर दूनी ऊचाई वाले हैं [3]।

५–क्षेत्र–माप

बौद्ध ग्रन्थो मे योजन का प्रमाण इस प्रकार बतलाया गया है [4] —

७	परमाणु	=	१ अणु
७	अणु	=	१ लौहरज
७	लोहरज	=	१ जलरज
७	जलरज	=	१ शशरज
७	शशरज	=	१ मेषरज
७	मेषरज	=	१ गोरज
७	गारज	=	१ छिद्ररज
७	छिद्ररज	=	१ लिक्षा (लीख)
७	लिक्षा	=	१ यव
७	यव	=	१ अगुलीपर्व
२४	अगुलीपर्व	=	१ हस्त
४	हस्त	=	१ धनुष
५००	धनुष	=	१ कोश
८	कोश	=	१ योजन

१–अभि कोश. ३, ३६, २–अ. को. ३, ७१-७२, ३–अ. को. ३, ७५-७७ ४–अ. को ३, ८५-८७

६—काल-माप

बौद्ध ग्रन्थो मे काल का प्रमाण इस प्रकार बतलाया गया है[1] :—

१२०	क्षण	=	१ तत्क्षण
६०	तत्क्षण	=	१ लव
३०	लव	=	१ मुहूर्त्त
६०	मुहूर्त्त	=	१ अहोरात्रि
३०	अहोरात्र	=	१ मास
१२	मास	=	१ सवत्सर

कल्पो के अन्तरकल्प, सवर्त्तकल्प और महाकल्प आदि अनेक भेद बतलाये गये हैं[2] ।

तुलना और समीक्षा

बौद्धो ने दस लोक माने हैं—नरकलोक, प्रेतलोक, तिर्यक्लोक, मनुष्यलोक और ६ देवकोल[3] । ६ देवलोको के नाम इस प्रकार है—चातुर्महाराजिक, त्रयस्त्रिश, याम, तुषित, निर्माणरति, और परनिर्मितवशवर्ती। प्रेतो को जैनो ने देवयौनिक माना है । अतएव इसे उक्त ६ देवलोको मे अन्तर्गत करने पर नरक, तिर्यक्, मनुष्य और देव, ये चार लोक ही सिद्ध होते हैं, जो कि जैनाभिमत चारो गतियो का स्मरण कराते हैं ।

बौद्धो ने प्रेत-योनि को एक पृथक गति मानकर पांच गतियां स्वीकार की हैं । यथा:—

नरकादिस्वनामोक्ता गतय· पंच तेषु ता· । (अभिधर्मकोश ३,४)

ऊपर बतलाये देवो मे से चातुर्महाराजिक देव-इन्द्र का, तुषित-लौकान्तिक देवो का, त्रयस्त्रिश-त्रायस्त्रिश देवो का, तथा शेष भेद व्यन्तर-देवो का स्पष्ट रूप से स्मरण कराते हैं ।

जैनो के समान बौद्धो ने भी देवो और नारकी जीवो को औपपातिक जन्म वाला माना है । यथा.—

नारका उपपादुकाः अन्तरा भव देवाश्च । (अभिधर्मकोश,३, ४)

बौद्धो ने भी जैनो के समान नारकी जीवो का उत्पन्न होने के साथ ही ऊर्ध्वपाद और अधोमुख होकर नरक-भूमि पर गिरना माना है । यथा:—

एते पतंति निरय उद्धपादा अवसिरा । (सुत्तनिपात)
(ऊर्ध्वपादास्तु नारका:) (अभिधर्मकोश ३,१५)

---

१. अभिधर्म—कोश ३, ८८-८९
२. ,, ,, ,, ९०
३. नरक-प्रेत-तिर्यञ्चो मानुषा· षड् दिवौकसः । (अभिधर्मकोश ३,१)

(ग) वैदिक धर्मानुसार लोक-वर्णन

१—मर्त्य लोक

जिस प्रकार जैन ग्रन्थो से ऊपर भूगोल का वर्णन किया गया है लगभग उसी प्रकार से हिन्दू-पुराणो मे भी भूगोल का वर्णन पाया जाता है। विष्णु-पुराण के द्वितीयाश के द्वितीयाध्याय मे बतलाया गया है कि इस पृथ्वी पर १ जम्बू, २ प्लक्ष, ३ शाल्मल, ४ कुश, ५ क्रौंच, ६ शाक और ७ पुष्कर, नाम वाले सात द्वीप हैं। ये सभी चूडी के समान गोलाकार और क्रमश १ लवणोद, २ इक्षुरस, ३ मदिरारस, ४ घृतरस, ५ दधिरस, ६ दूधरस, ७ मधुररस वाले सात समुद्रो से वेष्टित हैं। इन सब के मध्य-भाग मे जम्बू-द्वीप है। इसका विस्तार एक लाख योजन है। उसके मध्य भाग मे ८४ हजार योजन ऊचा स्वर्णमय मेरु-पर्वत है। इसकी नीव पृथ्वी के भीतर १६ हजार योजन है। मेरु का विस्तार मूल मे १६ हजार योजन है और फिर क्रमश बढ़कर शिखर पर ३२ हजार योजन हो गया है[1]।

इस जम्बू द्वीप मे मेरु-पर्वत के दक्षिण-भाग मे हिमवान, हेमकूट और निषध तथा उत्तर भाग मे नील, श्वेत और शृ गी ये छ वर्ष-पर्वत हैं। इन से जम्बू-द्वीप के सात भाग हो जाते हैं। मेरु के दक्षिणवर्ती निषध और उत्तर-वर्ती नील पर्वत, पूर्व-पश्चिम लवण-समुद्र तक १ लाख योजन लम्बे दो-दो हजार योजन ऊचे और इतने ही चौडे हैं। इनसे परवर्ती हेमकूट और श्वेत-पर्वत लवण-समुद्र तक पूर्व-पश्चिम मे नव्वे (९०) हजार योजन लम्बे, दो हजार योजन ऊचे और इतने ही विस्तार वाले हैं। इनसे परवर्ती हिमवान और शृ गी-पर्वत पूर्व-पश्चिम मे अस्सी (८०) हजार योजन लम्बे, दो हजार योजन ऊचे और इतने ही विस्तार वाले हैं। इन पर्वतो के द्वारा जम्बू-द्वीप के सात भाग हो जाते हैं। जिनके नाम दक्षिण की ओर से क्रमशः इस प्रकार हैं—१ भारतवर्ष, २ किम्पुरुष, ३ हरिवर्ष, ४ इलावृत, ५ रम्यक, ६ हिरण्मय, ७ और उत्तरकुरू[2]। इनमे इलावृत को छोडकर शेष ६ का विस्तार उत्तर-दक्षिण मे ९ नौ हजार योजन है। इलावृत-वर्ष मेरु के पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर इन चारो ही दिशाओ मे नौ-नौ हजार योजन विस्तृत है। इस प्रकार सर्व पर्वतो व वर्षों के विस्तार को मिलाने पर जम्बू-द्वीप का विस्तार १ लाख योजन प्रमाण हो जाता है।

मेरु-पर्वत के दोनो ओर पूर्व-पश्चिम मे इलावृत-वर्ष की सीमा स्वरूप माल्यवान और गन्धमादन पर्वत हैं, जो नील और निषध-पर्वत तक विस्तृत हैं। इनके कारण दोनो ओर दो विभाग और हैं, जिनके नाम भद्राश्व, और केतुमाल हैं। इस प्रकार उपर्युक्त सात वर्षों मे इन दो वर्षों को और मिला देने पर जम्बू-द्वीप-सम्बन्धी सर्व वर्षों (क्षेत्रो) की सख्या नौ हो जाती है[3]।

मेरु के चारो ओर पूर्वादिक दिशाओ मे क्रमश मन्दर, गन्धमादन, विपुल और सुपार्श्व नाम वाले चार पर्वत हैं। इन के ऊपर क्रमश ११०० योजन ऊचे कदम्ब, जम्बू, पीपल और वट-वृक्ष हैं। इनमे से जम्बू-वृक्ष के नाम से यह जम्बूद्वीप कहलाता है[4]।

जम्बू द्वीपस्थ भारतवर्ष मे महेन्द्र, मलय, सह्य, सूक्तिमान् ऋक्ष, विन्ध्य, पारियात्र, ये सात कुल पर्वत हैं। इनमे से हिमवान से शत्तद्रु और चन्द्रभागा आदि, पारियात्र से वेद और स्मृति आदि, विन्ध्य से नर्मदा और सुरसा आदि, ऋक्ष से तापी, पयोष्णी और निर्विन्ध्यादि, सह्य से गोदावरी, भीमरथी और कृष्णवेणी आदि, मलय से-

---

१ विष्णु-पुराण द्वितीयाश, द्वितीय-अध्याय, श्लोक, ५–९ मार्कण्डेय-पुराण अ० ५४ श्लोक ५–७
२. ,, ,, ,, १०–१५ ,, श्लोक ८–१४
३ ,, ,, ,, ,, १६ ,, ५४ श्लोक १४–१९,
४. ,, ,, ,, ,, १७–१९ ,, ,, ,, ,, ९
५. ,, ,, ,, ,, १६ ,, ,, ,, ,, ,, १४–१९

कृतमाला और ताम्रपर्णी आदि, महेन्द्र से त्रिसामा और आर्यकुल्या आदि, तथा सुक्तिमान् पर्वत से ऋषिकुल्या और कुमारी आदि नदियाँ निकली हैं[1]। इन नदियो के किनारों पर मध्यदेश को आदि लेकर कुरु और पान्चाल पूर्व देश को आदि लेकर काम-रूप, दक्षिण को आदि लेकर पुण्ड्र, कलिंग और मगध, पश्चिम को आदि लेकर सौराष्ट्र सूर आभीर और अर्बुद, तथा उत्तर देश को आदि लेकर मालव, कोसम, सौवीर, सैन्धव, हूण, शाल्व और पारसीको को आदि लेकर माद्र, आराम और अम्बष्ठ देशवासी रहते हैं[2]।

उपर्युक्त सप्त क्षेत्रो मे से केवल भारतवर्ष मे ही कृत, त्रेता, द्वापर, और कलि नामक चार युगो से काल परिवर्तन होता है। किम्पुरुषादिक शेष क्षेत्रो मे काल परिवर्तन नही होता है। उन आठ क्षेत्रो मे रहनेवाली प्रजा को शोक, परिश्रम, उद्वेग और क्षुधा आदि की बाधा नही होती है। वहाँ के लोग सदा स्वस्थ एव आतक और दु ख से विमुक्त रहते हैं। वे सदा जरा और मृत्यु से निर्भय रहकर आनद का उपभोग करते हैं। इसलिए वहाँ पर भोगभूमि कही गयी है। वहाँ पर पुण्य-पाप, और ऊँच-नीच आदि का भी भेद नही है। उन क्षेत्रो मे स्वर्ग-मुक्ति की प्राप्ति के कारण भूत, व्रत-तपश्चर्या आदि का भी अभाव है, केवल भारतवर्ष के ही लोगो मे व्रत-तपश्चरणादि के द्वारा स्वर्ग-मोक्षादिक की प्राप्ति सभव है। इसलिए यह सर्व क्षेत्रो में श्रेष्ठ माना गया है। यहाँ के लोग असि, मषी, आदि कर्मों के द्वारा अपनी आजीविका का उपार्जन करते है। इसलिए यहाँ की भूमि को कर्म भूमि कहा गया है[3]।

जम्बूद्वीप को सर्व ओर से घेरकर लवण-समुद्र अवस्थित है। यह १ एक लाख योजन विस्तृत है[4]। लवण-समुद्र को घेर कर दो लाख योजन विस्तार वाला प्लक्षद्वीप है। इसके भीतर गोमेघ, चन्द्र, नारद, दुन्दुभि, सोमक और सुमना नामक ६ पर्वत हैं। इनसे विभाजित होकर शान्तद्वय, शिशिर, सुखोदय, आनन्द, शिव, क्षेमक, और ध्रुव नामक सात वर्ष अवस्थित हैं। इन वर्षो और पर्वतो के ऊपर देव और गन्धर्व रहते हैं, वे आधि-व्याधि से रहित और अतिशय पुण्यवान हैं। वहाँ युगो का परिवर्तन नही है। केवल सदा काल त्रेतायुग जैसा समय रहता है। उनमे चतुर्वर्ण-व्यवस्था है और वे अहिंसा-सत्यादि पांच धर्मों का पालन करते हैं। इस द्वीप मे १ प्लक्ष वृक्ष है, इस कारण यह द्वीप प्लक्ष नाम से प्रसिद्ध है[5]।

प्लक्षद्वीप को चारो ओर से घेरकर इक्षुरसोद समुद्र-अवस्थित है, जो प्लक्षद्वीप के समान ही विस्तार वाला है इसे। चारो ओर से घेर कर चार लाख योजन विस्तार वाला शाल्मलद्वीप है। इसी क्रम से आगे सुरोद, समुद्र, कुश-द्वीप, घृतोद समुद्र क्रौंचद्वीप, दधिरसोद समुद्र, शाकद्वीप, और क्षीरसमुद्र अवस्थित हैं। ये सभी द्वीप अपने पूर्ववर्त्ती द्वीप की अपेक्षा दूने विस्तार वाले हैं और समुद्रो का विस्तार अपने-अपने द्वीप के समान है। इन द्वीपो की रचना प्लक्षद्वीप के समान है[6]।

क्षीरसमुद्र को घेरकर सातवा पुष्कर-द्वीप अवस्थित है। इसके ठीक मध्य-भाग मे गोलाकार वाला मान-सोत्तर पर्वत है। इसके बाहरी भाग का नाम महावीर-वर्ष और भीतरी भाग का नाम घातकी वर्ष है। इस द्वीप मे रहने वाले लोग भी रोग-शोक, एव राग-द्वेष से रहित होते है। वहाँ न ऊच नीच का भेद है, और न वर्णाश्रम व्यवस्था ही है। इस पुष्कर द्वीप मे नदिया और पर्वत भी नही हैं[7]।

---

१. विष्णु–पुराण, द्वितीयांश, द्वितीय अ०, श्लोक १६ मार्क० पु० अ० ४५ श्लोक० १४-१६ १०–१४
२. „ „ „ „ १५–१७
३. वि० पु० द्वि० अ० तृ० अ० श्लोक १६-२२।
४. „ „ „ „ „ २८
५. „ „ च. अ. „ १-१८।
६. „ „ „ „ „ २०-७२।
७. „ „ „ „ „ ७३-८०।

इस द्वीप को सर्व ओर से घेरकर मधुरोदक समुद्र अवस्थित है इससे आगे प्राणियो का निवास नही है। मधुरोदक समुद्र से आगे उससे दूने विस्तार वाली स्वर्णमयी भूमि है। उसके आगे १० हजार योजन विस्तृत और इतना ही ऊचा, लोकालोक पर्वत है। उसको चारो ओर से वेष्ठित करके तमस्तम स्थित है। इस अण्डकटाह के साथ उपर्युक्त द्वीप-समुद्रो वाला यह समस्त भूमण्डल ५० करोड योजन विस्तार वाला है और इसकी ऊचाई ७० हजार योजन है[१]।

इस भूमण्डल के नीचे दस-दस हजार योजन के ७ पाताल हैं। जिनके नाम इस प्रकार है—अतल, वितल, नितल, गभस्तिमत, महातल, सूतल, और पाताल। ये क्रमश शुक्ल, कृष्ण, अरुण, पीत, शर्करा, शैल, और काञ्चन स्वरूप हैं। यहां उत्तम भवनो से युक्त भूमियां हैं और यहां दानव, दैत्य, यक्ष, एव नाग आदि निवास करते हैं[२]।

पातालो के नीचे विष्णु भगवान का शेष नामक तामस शरीर स्थित है। जो अनन्त कहलाता है। यह शरीर सहस्र-फणो से सयुक्त होकर समस्त भूमण्डल को धारण करके पाताल मूल मे अवस्थित है। कल्पान्त के समय इसके मुख से निकली हुई सकर्पात्मक, रुद्र विषाग्नि-शिखा तीनो लोको का भक्षण करती है[३]।

२-नरक-लोक

पृथ्वी और जल के नीचे रौरव, सूकर, रोध, ताल, विशासन महाज्वाल, तप्तकुंभ, लवण, विलोहित, रुधिर, वैतरणी, कृमीश, कृमि-भोजन असिपत्रवन, कृष्ण, अलाभक्ष, दारुण, पूयवह, वन्हिज्वाल अध शिरा, संदेस, कालसूत्र, तम, आवीचि, श्वभोजन, अप्रतिष्ण और अप्रवि, इत्यादि नाम वाले अनेक महान भयानक नरक हैं। इनमे पापी जीव मरकर जन्म लेते हैं[४]। वे वहां से निकल कर क्रमश. स्थावर कृमि, जलचर, मनुष्य और देव आदि होते हैं। जितने जीव स्वर्ग मे हैं उतने ही जीव नरको मे भी रहते हैं।

३ ज्योतिर्लोक

भूमि से १ लाख योजन दूरी पर सौर-मण्डल-इससे १ लाख योजन ऊपर चन्द्रमण्डल, इससे १ लाख योजन ऊपर नक्षत्र-मडल, इससे २ लाख योजन ऊपर बुध, इससे २ लाख योजन ऊपर शुक्र, इससे २ लाख योजन ऊपर मगल, इससे २ लाख योजन ऊपर वृहस्पति, इससे २ लाख योजन ऊपर शनि, इससे १ लाख योजन ऊपर सप्तर्षि-मण्डल तथा इससे १ लाख योजन ऊपर ध्रुवतारा स्थित है।[६]

४—महर्लोक (स्वर्गलोक)

ध्रुव से १ करोड योजन ऊपर जाकर महर्लोक है, यहां कल्प काल तक जीवित रहने वाले कल्पवासियो का निवास है। इससे २ करोड योजन ऊपर जनलोक है यहां नन्दनादि से सहित ब्रह्माजी के प्रसिद्ध पुत्र रहते हैं। इससे ८ करोड योजन ऊपर तपलोक है। यहां वैराज देव निवास करते हैं। इससे १२ करोड योजन ऊपर सत्य

---

१. विष्णु पुराण द्वितीय अश चतुर्थ अध्याय श्लोक ६३-९६।
२ ,, ,, पचम् ,, ,, २-४
३. ,, ,, ,, ,, १३-१५-१९-२०।
४. ,, ,, षष्ठम् ,, ,, १—६।
५ ,, ,, ,, ,, ३४ ।
६ ,, ,, सप्तम् ,, ,, २—९।

लोक हैं, यहाँ कभी न मरने वाले अमर (अपुनमरिक) रहते हैं। इसे ब्रह्मलोक भी कहते हैं। भूमि (भूलोक) और सूर्य के मध्य मे सिद्धजनो और मुनिजनो से सेवित स्थान भुवर्लोक कहलाता है। सूर्य और ध्रुव के मध्य मे चौदह लाख योजन प्रमाण क्षेत्र स्वर्लोक नाम से प्रसिद्ध है[६]।

भूलोक, भुवर्लोक और स्वर्लोक, ये तीनो लोक कृतक, तथा जनलोक, तपलोक और सत्यलोक, ये तीन लोक अकृतक है। इन दोनो लोको के बीच में महर्लोक है, यह कल्पात में जन-शून्य हो जाता है, किन्तु सर्वथा नष्ट नही होता[७]।

५-तुलना और समीक्षा

विष्णु-पुराण के आधार पर जो लोक स्थिति या भूगोल का वर्णन किया है उसका जब हम जैन सम्मत लोक के वर्णन से मीलान करते हैं तो अनेक तथ्य सामने आते हैं। जिनका दोनो मान्यताओं के नाम निर्देश के साथ यहाँ उल्लेख किया जाता है —

द्वीप

	जैनमान्यता		वैदिक मान्यता	
१.	द्वीप, समुद्र	असंख्यात	द्वीप, समुद्र,	७ सात
२.	प्रथम द्वीप	जम्बूद्वीप	प्रथम द्वीप	जम्बूद्वीप
३.	कुशक	पन्द्रवाँ द्वीप[१]	कुश	चौथा द्वीप
४.	क्रौंच	सोलहवाँ द्वीप[२]	क्रौंच	पाँचवाँ द्वीप
५.	पुष्कर	तीसरा द्वीप	पुष्कर	सातवाँ द्वीप

समुद्र

१.	लवणोद	प्रथम समुद्र	लवणोद	प्रथम समुद्र
२.	वारुणी रस	चौथा समुद्र	मदिरा रस	तीसरा ,,
३.	क्षीर सागर	पाँचवाँ ,,	दूधरस	छठा ,,
४.	घृतवर	छठा ,,	मधुर रस	सातवाँ ,,
५.	इक्षुरस	सातवाँ ,,	इक्षुरस	दूसरा ,,

क्षेत्र

१.	भारतवर्ष	१.	भारतवर्ष
२.	हैमवत	२.	किम्पुरुष
३.	हरि वर्ष	३.	हरि वर्ष
४.	विदेह	४.	इलावृत
५.	रम्यक	५.	रम्यक
६.	हैरण्यत	६.	हिरण्मय
७.	ऐरावत	७.	उत्तर-कुरु

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि जैन मान्यतानुसार उत्तर-कुरु विदेह-क्षेत्र का एक भाग है। इलावृत ऐरावत का ही रूपान्तर है। हा, दूसरे हैमवत क्षेत्र के स्थान पर किम्पुरुष नाम अवश्य नया है।

---

६. विष्णु-पुराण द्वितीयांश षष्ठमू अध्याय श्लोक १२—१८।
७. ,, ,, ,, ,, १९—२०।
१-२. तिलोयपण्णत्ती अ०....।

६-पर्वत

जैन परम्परा	वैदिक परम्परा
१. हिमवान	१ हिमवान्
२. महाहिमवान	२. हेमकूट
३. निषध	३ निषध
४ नील	४ नील
५ रुक्मी	५ श्वेत
६ शिखरी	६ शृ गी

यहां यह ध्यान देने योग्य है कि शिखरी एव शृ गी ये दोनो एकार्थक नाम हैं। पाचवें रुक्मी पर्वत का वर्ण जैन मान्यतानुसार श्वेत ही माना गया है जो कि वैदिक मान्यता के श्वेत-पर्वत का ही बोधक है। केवल महा हिमवान के स्थान पर हेमकूट नाम नवीन है।

जैन और वैदिक दोनो ही मान्यताओ के अनुसार मेरु-पर्वत जम्बूद्वीप के मध्य-भाग मे स्थित है। अन्तर केवल ऊचाई का है। वैदिक मान्यता से मेरु चौरासी हजार योजन ऊचा है। जबकि जैन मान्यता से वह १ लाख योजन ऊचा है।

७-नदियाँ

वैदिक मान्यतानुसार ऊपर जो नदियो के नाम दिये गये हैं वे प्राय सब आधुनिक नदियो के ही नाम हैं। जैन मान्यतानुसार जम्बू-द्वीप के सात क्षेत्रो मे १४ प्रधान नदियां हैं। उनके नाम इस प्रकार है—गगा, सिन्धु, रोहित-रोहितास्या, हरित-हरिकान्ता, सीता-सीतोदा, नारी-नरकान्ता, स्वर्णकूला-रूप्यकूला, रक्ता-और रक्तोदा। भारतवर्ष आदि क्षेत्रो मे क्रमश उक्त दो-दो नदियां बहती हैं। उनमें से पहली नदी पूर्व के समुद्र और दूसरी नदी पश्चिम के समुद्र में, जाकर मिलती है। इस प्रकार दोनो मान्यताओ वाली नदियो के नामो में कोई समानता नही है।

८-नरक-स्थिति

जैन मान्यता के समान ही वैदिक मान्यता मे भी अत्यन्त दुख भोगने वाले नारकी-जीवो का अवस्थान इस धरातल के नीचे माना गया है। दोनो के कुछ नामो में समानता है, और कुछ नामो में विषमता है।

९-ज्योतिर्लोक

जैन मान्यतानुसार सम-भूमितल से सूर्य-चद्र आदि की ऊचाई का जो उल्लेख है उससे वैदिक मान्यता मे बहुत भारी अन्तर है। जो दोनो के पूर्व वर्णनो मे पाठक भली भाति जान सकेंगे।

१०-स्वर्ग-लोक

दोनो ही मान्यताओ के अनुसार स्वर्गलोक की स्थिति ज्योतिर्लोक के ऊपर ही मानी गई है। वैदिक मान्यता मे स्वर्गलोक का नाम महर्लोक दिया गया है तथा वहां के निवासियो को जैन मान्यता के समान कल्पवासी कहा गया है। वैदिक मान्यता मे स्वर्गलोक की स्थिति सूर्य और ध्रुव के मध्य मे चौदह लाख योजन प्रमाण क्षेत्र मे है। जबकि जैन मान्यता मे वह सुमेरु के ऊपर से लेकर असंख्यात योजन ऊपरी क्षेत्र तक बतलाई गई है।

११—कर्मभूमि और भोग-भूमि

जिस प्रकार जैनागमो मे कर्मभूमि और भोगभूमि का वर्णन आया है उसी प्रकार का वर्णन हिन्दु पुराणो मे भी मिलता है, विष्णु-पुराण के द्वितीयाश के तीसरे अध्याय मे कर्मभूमि का वर्णन इस प्रकार किया गया है:—

उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्च दक्षिणम् ।
वर्षं तद्भारत नाम भारती यत्र संतति' ॥१॥

नवयोजनसाहस्रो विस्तोरोऽस्य महामुने ।
कर्मभूरिय स्वर्गमपवर्गञ्च गच्छताम् ॥२॥

अत. सम्प्राप्यते स्वर्गो मुक्तिमस्मात् प्रयान्ति वै ।
तिर्यक्त्वं नरक चापि यान्त्यत पुरुषा मुने ॥४॥

इत स्वर्गश्च मोक्षश्च, मध्य चान्तश्च गम्यते ।
न खल्वन्यत्र मर्त्याना, कर्मभूमौ विधीयते ॥५॥

भावार्थ—समुद्र के उत्तर और हिमाद्रि के दक्षिण मे भारतवर्ष अवस्थित है । इसका विस्तार नौ हजार योजन विस्तृत है । यह स्वर्ग और मोक्ष जानेवाले पुरुषो की कर्मभूमि है । इसी स्थान से यत मनुष्य स्वर्ग और मुक्ति प्राप्त करते हैं और यही से भी तिर्यञ्च और नरक-गति मे भी जाते हैं—अतः कर्मभूमि है । इस भारतवर्ष के सिवाय अन्य क्षेत्र मे कर्मभूमि नही है ।

अग्नि-पुराण के एक सौ अठारवें अध्याय के द्वितीय श्लोक मे भी भारतवर्ष को कर्म-भूमि कहा गया है । यथा— कर्मभूमिरिय स्वर्गमपवर्गञ्च गच्छताम्

विष्णु-पुराण के अन्त मे कर्मभूमि का उपसहार करते हुए लिखा है-कि भारतवर्ष मे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, और शूद्र रहते हैं तथा वे क्रमश पूजन-पाठ, आयुध-धारण, वाणिज्य-कर्म और सेवादि कार्य करते है । यथा—

ब्राह्मणा क्षत्रिया वैश्या॰मध्ये शूद्राश्च भागश ।
इज्याऽऽयुधवाणिज्याद्यैर्वर्तयन्तो व्यवस्थिता ॥६॥

इस अध्याय का उपसहार करते हुए कहा गया है कि भारतवर्ष के सिवाय अन्य सब क्षेत्रो में भोगभूमि है । यथा—

अत्रापि भारतं श्रेष्ठं जम्बूद्वीपे महामुने ।
यतो हि कर्मभूरेषा ह्यतोऽन्या भोगभूमय ॥

भावार्थ—इस जम्बू-द्वीप मे भारतवर्ष सर्वश्रेष्ठ है । क्योकि यहाँ पर स्वर्ग और मोक्ष प्राप्त करानेवाली कर्मभूमि है । भारतभूमि के सिवाय अन्य सर्व क्षेत्र की भूमिया तो भोग-भूमिया है । क्योकि वहाँ पर रहनेवाले जीव सदाकाल बिना किसी रोग-शोक-बाधा के भोगो का उपभोग करते रहते हैं ।

मार्कण्डेय-पुराण के ५५ वें अध्याय के श्लोक २०-२१ मे भी भोगभूमि और कर्मभूमि का वर्णन मिलता है ।

१२-उत्सर्पिणी अवसर्पिणीकाल

जैनागमो मे काल के परिवर्तन स्वरूप का वर्णन करते हुए बतलाया गया है कि जिस समय मनुष्यो की आयु, सम्पत्ति, सुख-समृद्धि एवं भोगोपभोगो की वृद्धि हो उसे उत्सर्पिणी काल कहते है और जिस समय उक्त वस्तुओं की हानि या ह्रास हो उसे अवसर्पिणीकाल कहते हैं। इन दोनो प्रकार के कालो का परिवर्तन कर्मभूमि वाली पृथ्वियों में ही होता है–अन्यत्र भोग भूमिवाली पृथ्वियो मे नही। विष्णुपुराण मे भी इसका उल्लेख इस प्रकार से मिलता है —

अपसर्पिणी न तेषा वै नचोत्सार्पिणी द्विज।
नत्वेषाऽस्ति युगावस्था तेषु स्थानेषु सप्तसु,॥
(विष्णु० द्वि अ अ ४ श्लोक १३)

अर्थात्–हे द्विज ! जम्बू द्वीपस्थ अन्य सात क्षेत्रो मे भारतवर्ष के समान न काल की अवसर्पिणी अवस्था है और न उत्सर्पिणी अवस्था ही।

१३-वर्ष धर पर्वतों पर सरोवर

जैन मान्यता के समान मार्कण्डेय पु० मे भी वर्षधर पर्वतो के ऊपर सरोवरो का तथा उनमे कमलो का उल्लेख इस प्रकार है —

एतेषां पर्वताना तु द्रोण्योऽतीव मनोहरा।
वनैरमलपानीयैं सरोभिरूप शोभिता॥
(अ० ५५ श्लोक १४—१५)

उक्त सरोवरो में कमलो का उल्लेख इस प्रकार है —

तदेतत् पार्थिव पद्मं चतुष्पत्र मयोदितम्।
(अ० ५५ श्लोक २०)

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि जैन मान्यता के समान ही पुराणकार ने भी पद्म को पार्थिव माना है।

(घ) 'भारतवर्ष' का नाम करण

जम्बूद्वीप के प्रथम वर्ष या क्षेत्र का नाम 'भारतवर्ष' है। इसका यह नाम कैसे पडा, इस विषय मे जैन मान्यता है कि आदि तीर्थंकर भ० ऋषभदेव के सौ पुत्रो में ज्येष्ठ आदि पुत्र भरत जो कि प्रथम चक्रवर्ती थे, उन्होने इस क्षेत्र का सर्व प्रथम राज्य-सुख भोगा, इस कारण इस क्षेत्र का नाम 'भारतवर्ष' प्रसिद्ध हुआ। (देखो प्रस्तुत ग्रन्थ पृ०-११३)। श्री मदुमास्वाति-रचित तत्त्वार्थाधिगम-सूत्र के महान् भाष्यकार श्रीमदकलक देव ने तीसरे अध्याय के दशवें सूत्र की व्याख्या करते हुए लिखा है.—

"भरतक्षत्रिययोगाद्वर्षो भरत विजयार्धस्य दक्षिणतो जलधेरुत्तरत गगा-सिन्ध्वोर्बहुमध्यदेशभागे विनीता नाम नगरी। तस्यामुत्पन्न सर्व राजलक्षणसम्पन्नो भरतो नामाद्यश्चक्रधर षट्खण्डाधिपतिः। अवसर्पिण्या राज्य विभागकाले तेनादौ भुक्तत्वात्, तद्योगाद् 'भरत' इत्याख्यायते वर्ष.।"

हिन्दुओ के प्रसिद्ध मार्कण्डेय-पुराण मे भी व्यास महर्षि ने उक्त कथन का ही समर्थन करते हुए तिरेपनवें अध्याय मे कहा हैं—

ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीर पुत्रशताद्वर।
सोऽभिषिच्यर्षभ. पुत्र, महाप्राव्राज्यमास्थित. ॥४१॥

तपस्तेपे महाभग पुलहाश्रमसश्रय।
हिमाह्वं दक्षिणं वर्षं, भरताय पिता ददौ ॥४२॥

तस्मात्तु भारतं वर्ष, तस्य नाम्ना महात्मन ॥४३॥

अर्थात्—ऋषभ से भरत पैदा हुआ, जो उनके सौ पुत्रो में सर्व श्रेष्ठ था। उसका राज्याभिषेक कर के ऋषभ महानुभाव प्रव्रजित होकर पुलहाश्रम चले गये। जम्बूद्वीपका हिम नामक दक्षिण क्षेत्र-पिता ने भरत को दिया, इसके कारण उस महात्मा के नाम से यह क्षेत्र 'भारतवर्ष' कहलाने लगा।

इसके अतिरिक्त जम्बूद्वीप-प्रज्ञप्ति मे 'भरत क्षेत्र' इस नाम के दो कारण और भी प्रतिपादित किये गये हैं— प्रथम इस क्षेत्र के अधिष्टायक देव का नाम भरत है। दूसरा यह नाम शाश्वत है। (देखो प्रस्तुत ग्रन्थ, पृ० ११३)

यहा यह भी स्मरणीय है कि प्रत्येक उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी काल के प्रथम चक्रवर्ती का नाम भरत ही होता है। इन सब कारणो से यह क्षेत्र भरत नाम से प्रसिद्ध है।

कुछ लोग दुष्यन्त-पुत्र भरत के नाम से इस क्षेत्र का नाम करण हुआ कहते हैं। किन्तु इस भरत का व्यक्तित्व इतना असाधारण नही रहा है कि उसके नाम पर इस क्षेत्र की प्रसिद्धि मानी जाय। इसके अतिरिक्त इससे पूर्व इस क्षेत्र का नाम क्या था, यह अब तक किसी भी इतिहास-वेत्ता ने प्रकट नही किया है। इसी कारण अब विचार-शील इतिहासज्ञो ने इस अभिमत को अस्वीकार कर दिया है।

(ड·) वैज्ञानिकों के मतानुसार आधुनिक विश्व

१-भूमण्डल

जिस पृथ्वी पर हम निवास करते हैं वह मिट्टी-पत्थर का एक नारगी के समान चपटा गोला है। इसका व्यास लगभग आठ हजार मील (७९२६·६/७८९९·९—२६ ७) और परिधि लगभग पचीस हजार मील (२४९०२/२४८६०—४२) है।

वैज्ञानिको के मतानुसार आज से करोडो वर्ष पूर्व किसी समय यह ज्वालामयी अग्नि का गोला था। यह अग्नि धीरे-धीरे ठडी होती गई और अब यद्यपि पृथ्वी का धरातल सर्वत्र शीतल हो चुका है, तथापि अभी इसके गर्भ मे अग्नि तीव्रता से जल रही है, जिसके कारण पृथ्वी का धरातल भी कुछ उष्णता को लिए हुए है। नीचे की ओर खुदाई करने पर उत्तरोत्तर अधिक उष्णता पाई जाती है। कभी-कभी यही भूगर्भ की ज्वाला कुपित होकर भूकम्प उत्पन्न कर देती है और कभी ज्वालामुखी के रूप मे भी फूट निकलती है, जिससे पर्वत, भूमि, नदी, समुद्र आदि के जल और स्थल भागो मे परिवर्तन होता रहता है। इसी अग्नि के ताप से पृथ्वी का द्रव्य यथायोग्य दवाव और शीतलता पाकर नाना प्रकार की धातु-उपधातुओ एव तरल पदार्थो मे परिवर्तित हो गया है जो हमे पत्थर कोयला, लोहा, सोना, चादी आदि, तथा जल और वायुमडल के रूप मे दिखाई देता है। जल और वायु ही सूर्य के ताप से मेघ आदि का रूप धारण कर लेते हैं। यह वायुमण्डल पृथ्वी के धरातल से उत्तरोत्तर विरल होते हुए लगभग ४०० मील तक फैला हुआ अनुमान किया जाता है। पृथ्वी का धरातल भी सर्वत्र समान नही है। पृथ्वी तल का उच्चतम भाग हिमालय का गौरीशकर शिखर (माउण्ट एवरेस्ट) माना जाता है, जो समुद्र तल से उनतीस हजार फुट, अर्थात् लगभग साढे पाच मील ऊचा है। समुद्र की अधिकतम गहराई ३५,४०० फुट अर्थात् लगभग छह मील तक नापी जा चुकी है। इस प्रकार पृथ्वी तल की ऊचाई-नीचाई मे साढे ग्यारह मील का अन्तर पाया जाता है।

पृथ्वी की ठडी होकर जमी हुई परत सत्तर मील समझी जाती है। इसकी द्रव्य-रचना के अध्ययन से अनुमान लगाया गया है कि उसे जमे हुए लगभग तीन करोड वर्ष हुए हैं। सजीव तत्त्व के चिह्न केवल चौंतीस मील की ऊपरी परत मे पाये जाते हैं। जिससे अनुमान लगाया गया है कि पृथ्वी पर जीव-तत्त्व उत्पन्न हुए दो करोड वर्ष से अधिक समय नही हुआ है। इसमे भी मनुष्य के विकास के चिह्न केवल एक करोड वर्ष के भीतर ही अनुमान किये जाते हैं।

पृथ्वी तल के ठडे हो जाने के पश्चात् उस पर आधुनिक जीव-शास्त्र के अनुसार जीवन का विकास इस क्रम से हुआ—सर्व प्रथम स्थिर जल के ऊपर जीव-कोश प्रकट हुए, जो पाषाणादि जड पदार्थों से मुख्यतया तीन बातो मे भिन्न थे। एक तो वे आहार ग्रहण करते और बढते थे। दूसरे वे इधर-उधर चल भी सकते थे। और तीसरे वे अपने ही तुल्य अन्य कोश भी उत्पन्न कर सकते थे। काल-क्रम से इनमे से कुछ कोश भूमि मे जड जमाकर स्थावर काय-वनस्पति बन गये, और कुछ जल मे ही विकसित होते-होते मत्स्य बन गये। क्रमश धीरे-धीरे ऐसे वनस्पति और मेढक आदि प्राणी उत्पन्न हुए, जो जल मे ही नही, किन्तु स्थल पर भी श्वासोच्छ्वास ग्रहण कर सकते थे। इन्ही स्थल प्राणियो मे से से उदर के बल रेंग कर चलने वाले केंचुआ, साँप आदि प्राणी उत्पन्न हुए। इनका विकास दो दिशाओ मे हुआ—एक पक्षी के रूप मे और दूसरे स्तनधारी प्राणी के रूप मे। स्तनधारी प्राणी की यह विशेषता है कि वे अण्डे से उत्पन्न न होकर गर्भ से उत्पन्न होते हैं और पक्षी अण्डे से उत्पन्न होते हैं। मगर से लेकर भेड, बकरी, गाय, भैंस, घोडा आदि सब इसी स्तनधारी जाति के प्राणी हैं। इन्हीं स्तनधारी प्राणियो की एक वानर जाति उत्पन्न हुई। किसी समय कुछ वानरो ने अपने अगले दो पैर उठाकर पीछे के दो पैरो पर चलना-फिरना सीख लिया। बस, यही से मनुष्य जाति का विकास प्रारम्भ हुआ माना जाता है। उक्त जीवकोश से लगाकर मनुष्य के विकास तक प्रत्येक नयी धारा उत्पन्न होने मे लाखो करोडो वर्ष का अन्तर माना जाता है।

इस विकास-क्रम में समय-समय पर तात्कालिक परिस्थितियो के अनुसार नाना प्रकार की जीव-जातियाँ उत्पन्न हुईं। उनमे से अनेक जातिया समय के परिवर्तन, विप्लव और अपनी अयोग्यता के कारण विनष्ट हो गईं, जिनका पता हमे भूगर्भ मे उनके निखातको द्वारा मिलता है।

पृथ्वी-तल पर भूमि से जलका विस्तार लगभग तिगुना है। (थल २९% जल ७१%)। जल के विभागानुसार पृथ्वी के पाच प्रमुख खण्ड पाये जाते है—एशिया, यूरोप और अफ्रीका मिलकर एक, उत्तरी-दक्षिणी अमेरिका मिलकर दूसरा, आस्ट्रेलिया तीसरा, उत्तरी ध्रुव चौथा, पाचवा दक्षिणी ध्रुव। इनके अतिरिक्त अनेक छोटे-मोटे द्वीप भी हैं। यह भी अनुमान किया जाता है कि सुदूर पूर्व मे सभवत ये प्रमुख भूमि-भाग परस्पर जुडे हुए थे। उत्तरी दक्षिणी अमेरिका की पूर्वी समुद्र तटीय रेखा ऐसी दिखाई देती है कि वह यूरोप-अफ्रीका की पश्चिमी समुद्र-तटीय रेखा के साथ मिलकर ठीक बैठ सकती है। तथा हिन्द-महासागर के अनेक द्वीप-समूह की शृखला एशिया खण्ड को आस्ट्रेलिया के साथ जोडती हुई दिखाई देती है। वर्तमान मे नहरें खोदकर अफ्रीका का एशिया-यूरोप भूमि खण्ड से, तथा उत्तरी अमेरिका का दक्षिणी अमेरिका से भूमि-सम्बन्ध तोड़ दिया गया है। इन भूमि-खण्डो का आकार, परिमाण और स्थिनि परस्पर अत्यन्त विषम हैं।

भारतवर्ष एशिया-खण्ड का दक्षिण-पूर्वी भाग है। यह त्रिकोणाकार है। दक्षिणी कोण लका द्वीप को प्राय. स्पर्श करता है। वहा से भारत वर्ष की सीमा उत्तर की ओर पूर्व-पश्चिम दिशाओ मे फैलती हुई चली गई है और हिमालय पर्वत की श्रेणियो पर जाकर समाप्त होती है। भारत का पूर्व- पश्चिम और उत्तर-दक्षिण विस्तार लगभग दो--दो हजार मील का है। इसकी उत्तरी सीमा पर हिमालय पर्वत है। मध्य मे विन्ध्य और सतपुडा की पर्वत-मालाए हैं। तथा दक्षिण के पूर्वी और पश्चिमी समुद्र-तटो पर पूर्वी-घाट और पश्चिमी-घाट नाम वाली पर्वत-श्रेणियाँ फैली हुई हैं।

भारतवर्ष की प्रमुख नदियो मे हिमालय के प्राय मध्य भाग से निलकर पूर्व की ओर समुद्र मे गिरनेवाली ब्रह्मपुत्र और गगा है। इनकी सहायक नदियो मे जमुना, चम्बल, वेतवा और सोन आदि हैं। हिमालय से निकलकर पश्चिम की ओर समुद्र मे गिरनेवाली सिन्धु और उसकी सहायक नदिया झेलम, चिनाव, रावी, व्यास और सतलज हैं। गगा और सिन्धु की लम्बाई लगभग पन्द्रह सौ मील की है। देश के मध्य मे विन्ध्य और सतपुडा के बीच पूर्व से पश्चिम की ओर समुद्र तक बहनेवाली नर्मदा नदी है। सतपुडा के दक्षिण मे ताप्ती नदी है। दक्षिण भारत की प्रमुख नदिया गोदावरी, कृष्णा, कावेरी पश्चिम से पूर्व की ओर वहती हैं।

देश के उत्तर मे सिन्धु से गगा के कछार तक प्राय. आर्य जाति के, तथा सतपुडा से सुदूर दक्षिण में द्रविड जाति के, एव पहाडी प्रदेशो में गोंड, भील, कोल और किरात आदि आदिवासी जन-जातियो के लोग रहते हैं।

वर्तमान में उपलब्ध इस आठ हजार मील विस्तृत और पच्चीस हजार मील परिधिवाले भू-मण्डल के चारो ओर अनन्त आकाश है, जिसमें हमे दिन को सूर्य और रात्रि को चन्द्रमा एव ताराओ के दर्शन होते हैं और उनसे प्रकाश मिलता है। इनमे पृथ्वी के सबसे अधिक समीप मैं चन्द्रमा है, जो इस भूमण्डल से लगभग अढाई लाख मील दूर है। यह पृथ्वी के समान ही एक भूमण्डल है जो पृथ्वी से बहुत छोटा है और उसी के चारो ओर घूमा करता हैं, जिससे हमारे यहा शुक्ल और कृष्णपक्ष होते हैं। चन्द्रमा मे स्वय प्रकाश नही है, किन्तु वह सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होता है, इसीलिए अपने परिभ्रमण के अनुसार घटता-बढता दिखाई देता है। अनुसन्धान से ज्ञात हुआ हैं कि चन्द्रमा बिलकुल ठडा हो गया है और पृथ्वी के गर्भ के समान अब उसमे अग्नि नही है। उसके आस-पास वायु-मण्डल भी नही है और न उसके धरातल पर जल ही है। इन्ही कारणो से वहा श्वासोच्छ्वास-प्रधान प्राणी और वनस्पति उपलब्ध नहीं हैं। वहा पर्वत तथा कन्दराओ के अतिरिक्त और कुछ नही है। अनुमान किया जाता है कि चन्द्रमा पृथ्वी का ही एक भाग है, जिसे टूटकर अलग हुए पाच-छह करोड वर्ष हुए है।

९-चन्द्र का क्षेत्रफल आदि

आज के वैज्ञानिको ने चन्द्र के विषय मे जो तथ्य सकलित किये हैं उनमे से कुछ इस प्रकार हैं:—

चन्द्र व्यास—२१६० मील, या ३४५६ किलोमीटर, पृथ्वी का चतुर्थ भाग

चन्द्र की परिधि—१०८६४ किलोमीटर,

चन्द्र की पृथ्वी से दूरी—३८११७१ किलोमीटर,

चन्द्र का तापमान—११७ सेन्टीमीटर, जब सूर्य सिर के ऊपर हो,

चन्द्र का राह मे तापमान—१३७ सेन्टीमीटर,

चन्द्र सतह मे गुरुत्वाकर्षण—पृथ्वी का छठा अश

पृथ्वी पर जिस वस्तु का वजन २७ किलो है, । उसका चाद पर ४—५ किलो है । चन्द्रविस्तार या विम्व पृथ्वी का १०० वा अश है, और उसका आयतन पृथ्वी के आयतन का ५ वा भाग है ।

चन्द्रकक्षा की गति ३६६९ किलोमीटर प्रति घण्टा है । चन्द्र को पृथ्वी की एक परिक्रमा करने में २७ दिन, ७ घण्टे और ४३ मिनिट लगते हैं, क्योकि वह लगभग इसी गति से अपनी धुरी पर घूमता है ।

चन्द्रमा से परे क्रमश शुक्र, बुध, मगल, वृहस्पति और शनि आदि ग्रह हैं । ये सब पृथ्वी के समान ही भूमण्डल वाले हैं और सूर्य की परिक्रमा किया करते हैं, तथा सूर्य के ही प्रकाश से प्रकाशित होते हैं । इन ग्रहो मे से किसी मे भी हमारी पृथ्वी के समान जीवो की समावना नही मानी जाती है, क्योकि वहाँ की परिस्थितियां जीवन के साधनो से सर्वथा प्रतिकूल हैं ।

इन ग्रहो से परे पृथ्वी से लगभग साढे नौ करोड मील की दूरी पर सूर्य-मण्डल है, जो पृथ्वी से लगभग पन्द्रह लाख गुना वडा है, अर्थात् पृथ्वी के समान लगभग पन्द्रह लाख भूमण्डल उसके गर्भ मे समा सकते हैं । सूर्य का व्यास ८६०००० मील है । यह महाकाय सूर्य-मण्डल अग्नि से प्रज्वलित है और उसकी ज्वाला लाखो मील तक उठती हैं । सूर्य की ज्वाला से करोडो मील विस्तृत सौर-मण्डल भर मे प्रकाश और उष्णता फैलती है । सूर्य के धरातल पर १०००० फारेन-हीट गर्मी है । जेम्स जीन्स वैज्ञानिक का मत है कि इसी सूर्य की विच्छिन्नता से पृथ्वी, बुध, वृहस्पति आदि ग्रह और उनके उपग्रह बने हैं, जो सब अभी तक उसके आकर्षण से निवद्ध होकर उसी के आस-पास घूम रहे हैं । हमारा भूमण्डल सूर्य की परिक्रमा ३६५¼ दिन मे तथा प्रति चौथे वर्ष ३६६ दिन मे पूरी करता है और इसी के आधार पर हमारा वर्ष-मान अवलम्बित है । इसी परिक्रमण मे पृथ्वी निरन्तर अपनी कीली पर ६० हजार मील प्रति घण्टे के हिसाव से घूमा करती है, जिसके कारण हमारे यहा दिन और रात्रि हुआ करते हैं । पृथ्वी का जो गोलार्ध सूर्य के सम्मुख पडता है, वहा दिन और शेष गोलार्घ मे रात्रि होती है । वैज्ञानिको का यह भी मत है कि ये पृथ्वी आदि ग्रह और उपग्रह पुन सूर्य की ओर आकृष्ट हो रहे हैं ।

ऊपर जिस महाकाय सूर्य-मण्डल का उल्लेख किया गया है उसकी वरावरी का अन्य कोई भी ज्योतिर्मण्डल आकाश मे दिखाई नही देता । किन्तु इससे यह नही समझना चाहिए कि उन अति लघु दिखाई देने वाले तारो मे सूर्य के समान महान कोई एक भी नही है । वस्तुत हमे जिन तारो का दर्शन होता है, उनमे सूर्य से छोटे एव सूर्य की वरावरी वाले तारे तो वहुत थोडे हैं । उनमे अधिकाश तो सूर्य से भी बहुत विशाल हैं, तथा उससे सैकडो, हजारो-लाखों गुने वडे हैं । किन्तु उनके छोटे दिखाई देने का कारण यह है कि वे हम से सूर्य की अपेक्षा बहुत अधिक दूरी पर हैं । ज्येष्ठा नक्षत्र इतना विशाल है कि उसमे ७००,००,००,००,००,००० पृथिविया समा जायें ।

३ प्रकाश-वर्ष

तारो की दूरी समझने के लिए हमारे सख्या-वाचक शब्द काम नही देते। उसकी गणना के लिए वैज्ञानिको की दूसरी ही विधि है। प्रकाश की गति प्रति सेकिण्ड एक लाख छयासी हजार (१८६०००) मील, तथा प्रति मिनिट एक करोड ग्यारह लाख साठ हजार (१११६००००) मील मापी गई है। इस प्रमाण से सूर्य का प्रकाश हमारी पृथ्वी तक आने मे साढे आठ (८½) मिनिट लगते हैं। तारे हमसे इतनी दूर हैं कि उनका प्रकाश हमारे समीप वर्षों मे आ पाता है और जितने वर्षों मे वह आता है उतने ही प्रकाश-वर्ष की दूरी पर वह तारा कहा जाता है। सेन्चुरी नामक अति निकटवर्ती तारा हमसे साढे चार प्रकाश-वर्ष की दूरी पर है क्योकि उनके प्रकाश को हमारे पास तक आने मे साढे चार प्रकाश-वर्ष लगते हैं। इस प्रकार दस, बीस, पचास एवं सैकड़ो प्रकाश-वर्षों की दूरी के ही नहीं, किन्तु ऐसे-ऐसे तारो का ज्ञान हो चुका है जिनकी दूरी दस लाख प्रकाश-वर्ष की मापी गई है तथा जो प्रमाण में इस पृथ्वी से तो क्या, हमारे सूर्य से भी लाखो गुने बडे हैं।

ताराओ की सख्या का पार नही है। हमे अपनी दृष्टि से तो अधिक से अधिक छठे प्रमाण तक के लगभग छह-सात हजार तारे ही दिखाई देते हैं। किन्तु दूर-दर्शक यंत्रो की जितनी शक्ति बढती जाती है, उतने ही अधिकाधिक तारे दिखाई देते हैं। अभी तक बीसवें प्रमाण तक के तारो को देखने योग्य यत्र बन चुके हैं, जिनके द्वारा दो अरब से भी अधिक तारे देखे जा चुके हैं। जिनकी तालिका आगे दी जाती है।

४ वैज्ञानिकों के अनुसार ताराओं की संख्या

आज के वैज्ञानिको ने प्रकाश की हीनाधिकता के अनुसार तारो को कई वर्गों मे बाँटा है। पहिले, दूसरे और तीसरे वर्ग के तारे अधिक चमकीले हैं, किन्तु उनकी सख्या बहुत कम है। आठवें वर्ग तक के तारों को आँखो से देखा और गिना जा सकता है, किन्तु इससे आगे के वर्गो के तारो को दूरबीन की सहायता से ही देखा और गिना गया है।

वैज्ञानिको के द्वारा २० वर्गो मे विभक्त तारो की सख्या इस प्रकार है:—

वर्ग	सख्या	वर्ग	संख्या
१	१६	११	८७०००
२	६५	१२	२२,७००००
३	२००	१३	५७०००००
४	५३०	१४	१,३८०००००
५	१६२०	१५	३,२००००००
६	४८५०	१६	७,१००००००
७	१४३००	१७	१,५००००००
८	४१०००	१८	२६,६००००००
९	११७०००	१९	५६,०००००००
१०	३२४०००	२०	१००००००००० (एक अरब)

जेम्स जीन्स सदृश वैज्ञानिक ज्योतिषी का मत है कि तारो की सख्या हमारे पृथ्वी के समस्त समुद्र-तटो की रेत के कणो के बराबर हो तो आश्चर्य नही है। ये असख्य तारे एक दूसरे से कितने दूर-दूर हैं, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सूर्य से अति निकटवर्ती तारा साढे चार प्रकाश-वर्ष अर्थात् अरबो-खरबो मील की दूरी पर है। ये सब तारे बडे वेग से गतिशील हैं और उनका प्रवाह दो भिन्न दिशाओ मे पाया जाता है।

५-नीहारिका

विखरी वाप्प की शक्ल मे जो अनेक तारो का समूह पाया जाता है, उन्हें नीहारिका कहते हैं। बिना दूरवीन के हम अपनी आंखो से एकाध ही नीहारिका देख सकते हैं और वह भी देखने मे तारों जैसी ही मालूम होती है। दूरवीन से देखने पर उनमें कुछ गोल दिखाई देती हैं और कुछ की आकृति शख के चक्कर की भाति। गोल नीहारिकाए हमारे स्थानीय विश्व या आकाश- गगा के तारागुच्छ हैं। चक्करदार नीहारिकाए महान् विश्वसे छोटी, किन्तु करोडो तारा-गुच्छको से मिलकर वने छोटे विश्व हैं। यद्यपि विशेष विवरण के साथ जांच-पडताल की गई नीहारिकाए सौ से भी कम हैं, किन्तु दूरवीन से वीस लाख के करीव चक्करदार नीहारिकाओ के अस्तित्व का पता चला है। आकाश-गगा भी इसी श्रेणी का एक द्वीप-विश्व है। हमारी पृथ्वी न वृहस्पति की भाति विशाल और न शुक्र की भाति छोटा ग्रह है। सूर्य भी मध्यम आकार का एक ग्रह है। किन्तु आकाश-गगा अपनी श्रेणी के द्वीप-विश्वो से वहुत वडी है। आकाश-गगा भी एक मध्यम आकार की नीहारिका है, जिसकी मात्रा एक अरव सूर्यो से भी ज्यादा है। सूर्य हमारी पृथ्वी से तीन लाख तेरह हजार गुना वडा है।

६-आकाश-गंगा

यहा यह ज्ञातव्य है कि आकाश गगा क्या वस्तु है ? रात को आकाश मे एक सफेद वालु का पथ या गगा जैसी सफेद चौडी धारा दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर लम्वे आकार में दिखाई देती है, इसे ही आकाश-गगा कहते हैं। आकाश-गगा स्वय तारो का एक समूह है। इसमे सूर्य जैसे दो खरव के करीव तारे हैं। इसकी आकृति अडाकार जेवी घडी या दो जुडे गोल तवो की भाति वीच मे मोटी और किनारो पर पतली है। इसका व्यास ३ लाख प्रकाश-वर्ष और मोटाई १० हजार प्रकाश-वर्ष है।

७-ग्रह

ज्योतिर्मण्डल मे ग्रहो का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है, उनका किंचित् परिचय निम्न लिखित कोष्ठक से ज्ञात हो सकेगा।

ग्रह का नाम	सूर्य से औसत दूरी मीलो मे	औसत व्यास मीलों मे	परिक्रमा का समय वर्षों मे	उपग्रहो की सख्या
१. वुध	३,६० ०० ०००	३०३०	० २२	०
२ शुक्र	६ ७२.००.०००	७७००	० ६२	०
३ पृथ्वी	६ २६ ०० ०००	७६१८	१.००	१
४ मगल	१४.१५ ०० ०००	४२३०	१ ८८	२
५ वृहस्पति	४८.३२ ०० ०००	८६५००	११ ८६	६
६ शनि	८८ ५६ ०० ०००	७३०००	२६ ४६	६
७. अरुण	१ ७८ २२ ००.०००	३११००	८४.०२	४
८ वरुण	२ ७६ १६.०० ०००	३४८००	१६४ ७८	१
६ कुवेर	३ ७० ०० ०० ०००	३६०५	२५० ००	अज्ञात

सूर्य तथा उसका ग्रह-कुटुम्व मिलकर सौर्य-मण्डल कहा जाता है।

८-लोक या ब्रह्माण्ड का आकार

जिसको हम ब्रह्माण्ड कहते हैं, उसमें अनेक सौर्य-मण्डल हैं। ऐसा अनुमान किया जाता कि ऐसे सौर्य-मण्डलो की संख्या लगभग १० करोड है। हमारा सौर्य-मण्डल 'ऐरावत पथ' (मिल्की वे) नामक ब्रह्माण्ड मे स्थित है। ऐरावत-पथ के चन्द्र रूपी पथ के लगभग २/३ भाग पर एक पीला बिन्दु है। यही बिन्दु हमारा सूर्य है, जो अपने ग्रहों को साथ लिए ऐरावत पथ पर बराबर घूम रहा है। पूर्व ऐरावत पथ मे लगभग ५०० करोड तारे विद्यमान हैं। इनमें से बहुतो को हम नही देख सकते है, क्योकि वे हमारे सामने से दिन में निकलते हैं, अत सूर्य के प्रकाश में उनका प्रकाश हमें नही दिखाई देता है। तारो के अतिरिक्त ऐरावत-पथ में धुंध, गैस और धूल भी अधिक मात्रा मे है। रात्रि में अनेक तारागणो का प्रकाश एकत्रित होकर इस गैस और धूल को प्रकाशित कर देता है।

इस प्रकार सारे विश्व या लोक का प्रमाण असख्य है और आकाश का तो कही अन्त ही नही दिखाई देता है। तारागणो का आकाश में जिस प्रकार वितरण है, तथा आकाश-गगा में जो तारा-पुञ्ज दिखाई देता है, उस पर से अनुमान लगाया गया है कि तारामण्डल-सहित समस्त लोक का आकार लैन्स के समान है, अर्थात् ऊपर-नीचे को उभरा हुआ और बीच में फैला हुआ गोल है, जिसकी परिधि पर आकाश-गगा दिखाई देती है और उभरे हुए भाग के मध्य में सूर्य-मण्डल है।

प्रस्तुत प्रस्तावना के लेखन में जिन लेखको की रचनाओ का उपयोग किया गया है, मैं उन सबका आभारी हू। साथ ही प० मुनि श्री कन्हैयालाल जी महाराज 'कमल' का विशेषत: आभार मानता हू, जिन्होने अपने इस महान् श्रम-साध्य 'गणितानुयोग'-सकलन की प्रस्तावना लिखने का अवसर प्रदान किया।

दि० श्रावण शुक्ला १५, वी० नि० २४९५
ऐ० पन्नालाल दि० जैन सरस्वती–भवन
ब्यावर (राजस्थान)

हीरालाल 'सिद्धान्त शास्त्री',
'न्यायतीर्थ'

गणितानुयोग-विषयानुक्रम

१— अलोक पृ० १–४

२— लोक — पृ० ५–२६

३— अधोलोक पृ० २७–६६

विषय	पृष्ठांक

ऊर्ध्वलोक ४२१-४४४

गणितानुयोग

संकलनकर्त्ता .

मुनि कन्हैयालाल "कमल

अलोक

संख्या, संस्थान, संस्पर्श

[१] एगे अलोए।

—ठा १, ६; सम. १, १

[२] [१] प्र०—अलोए ण भते ! किसठिए पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! भुसिरगोलसठिए पण्णत्ते।

—विवा भाग ३ श ११ उ १० प्र १० पृ २२६

[३] [१] प्र०—अलोए ण भते ! किणा फुडे ?

कतिहि वा काएहि पुच्छा ?

उ०—गोयमा ! नो धम्मत्थिकाएण फुडे,—जाव[१]—आगासत्थिकायस्स पदेसेहि फुडे, नो पुढविकाइएणं फुडे—जाव[२]—नो अद्धासमएण फुडे।

एगे अजीवदव्वदेसे, अगुरुलहुए, अणंतेहि अगुरुलहुयगुणेहि संजुत्ते, सव्वागासअणतभागूणे।

—पण्ण० १५ इन्द्रियपद पृ० ६३४

[१] अलोक एक है।

[२] [१] प्र०—भगवन् ! अलोक किस आकार का है ?

उ०—गौतम ! (अलोक) पोले गोले के आकार का है।

[३] [१] प्र०—भगवन् ! अलोक किससे स्पृष्ट है ? कितने कायो से स्पृष्ट है ?

उ०—गौतम ! (अलोक) धर्मास्तिकाय से स्पृष्ट नही है—यावत्—आकाशास्तिकाय से स्पृष्ट नही है किन्तु आकास्तिकाय के प्रदेशो से स्पृष्ट है। पृथ्वीकाय से स्पृष्ट नही है—यावत्—अद्धासमय से स्पृष्ट नही है। (अलोक मे) एक अजीवद्रव्यदेश अर्थात् आकाशभाग है, जो अगुरुलघु है, अनन्त अगुरुलघु गुणो से युक्त है तथा सर्वाकाश का अनन्ततम भाग न्यून है।

अलोक की विशालता

[४] [१] प्र०—अलोए ण भते ! केमहालए पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! अयं णं समयखेत्ते पणयालीसं जोयणसयसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं, जहा[३] खंदए—जाव—परिक्खेवेणं।

[२२] [१] प्र०—भगवन्! वैताढ्य पर्वत पर दक्षिणार्धभरतकूट नामक कूट कहाँ है?

उ०—गौतम! खंडप्रपात कूट से पूर्व में व सिद्धायतन कूट से पश्चिम में वैताढ्य पर्वत का दक्षिणार्धभरतकूट नामक कूट है। यह प्रमाण की दृष्टि से सिद्धायतन कूट के समान है-यावत्-इसके अति

सम रमणीय भूमिभाग के मध्य मे एक विशाल प्रासादावतंसक है। वह एक कोस ऊँचा, आधा कोस चौडा, ऊँचा और खिला हुआ है-यावत्-दर्शकों के चित्त को प्रसन्नता प्रदान करने वाला है।

इस प्रासादावतंसक के मध्य भाग मे एक विशाल मणिपीठिका है जो पाच सौ धनुष लम्बी-चौडी एव अढाई सौ धनुष मोटी है। वह सर्वात्मना मणिमयी है। उस मणिपीठिका के ऊपर सिंहासन है जो सपरिवार है।

[२] प्र०—भगवन् ! दक्षिणार्धभरतकूट क्यो दक्षिणार्धभरतकूट कहा जाता है ?

उ०—गौतम ! (क्योकि) दक्षिणार्धभरतकूट पर दक्षिणार्धभरत नामक देव रहता है जो महर्धिक-यावत्-पल्योपम की स्थिति वाला है। वह देव वहाँ चार सहस्र सामानिक देवो का, सपरिवार चार अग्रमहिषियो का, तीन परिषदो का, सात अनीको का, सात अनीकाधिपति देवो का, सोलह सहस्र आत्मरक्षक देवो का, दक्षिणार्धभरतकूट की दक्षिणार्धा राजधानी का तथा अन्य बहुत-से देवो और देवियो का (आधिपत्य करता हुआ यावत्) रहता है।

[३] प्र०—भगवन् ! दक्षिणार्धभरतकूट के देव की दक्षिणार्धा नामक राजधानी कहाँ है ?

उ०—गौतम ! मंदर (मेरु) पर्वत से दक्षिण की ओर तिर्छे असंख्यात द्वीप-समुद्र पार करने पर दूसरे जम्बूद्वीप मे दक्षिण की ओर बारह हजार योजन जाने पर दक्षिणार्धभरतकूट के देव की दक्षिणार्धभरता नामक राजधानी है। इसका वर्णन विजय देव की राजधानी के समान कर लेना चाहिए।

शेष कूट

[२३] एव सव्वकूडा णेयव्वा—जाव—वेसमणकूडे।
परोप्पर पुरच्छिम-पच्चत्थिमेण।
इमेसिं वण्णावासे गाहा—
मज्झे वेअड्ढस्स उ कणयमया तिण्णि होंति कूडाउ।
सेसा पव्वयकूडा सव्वे रयणामया होंति ॥१॥
माणिभद्दकूडे १ वेअड्ढकूडे २ पुण्णभद्दकूडे ३ एए तिण्णिकूडा कणगामया सेसा छप्पि रयणमया।
दोण्ह विसरिसणामया देवा कयमालए चेव णट्टमालए चेव,
सेसाण छण्ह सरिसणामया, गाहा—
जण्णामया य कूडा तन्नामा खलु हवंति ते देवा।
पलिओवमट्ठिईया हवंति पत्तेअपत्तेय ॥१॥
रायहाणीओ जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं तिरिअं असंखेज्जदीवसमुद्दे वीईवइत्ता अण्णंमि जंबुद्दीवे दीवे बारस जोअणसहस्साइं ओगाहित्ता
एत्थ णं रायहाणीओ भाणिअव्वाओ विजयरायहाणीसरिसयाओ।

जम्बू. वक्ष. १, सूत्र १४ पृ ८३

[२३] इसी प्रकार वैश्रमणकूट पर्यन्त सब कूटो को समझ लेना चाहिए। ये सब परस्पर (अनुक्रम से) पूर्वपश्चिम मे है। इनकी वर्णनविषयक गाथा है—'वैताढ्य पर्वत के मध्य मे तीन कूट कनकमय हैं, शेष सब कूट रत्नमय है।'

माणिभद्रकूट, वैताढ्यकूट और पूर्णभद्रकूट, ये तीनो कूट सुवर्णमय हैं, शेष छह रत्नमय हैं। दो कूटो के देवो के नाम विसदृश हैं, यथा—(तमिस्रगुफाकूट के देव का नाम) कृतमाल और (खडप्रपातगुफा कूट के देव का नाम) नृत्यमाल है। शेष छह कूटो के देवो के नाम सदृश हैं, अर्थात् जो नाम कूट का है वही उसके देव का है।

[सिद्धायतन स्वय प्रधान होने से उस कट के देव के नाम का उल्लेख नही किया गया है ।]
प्रत्येक देव की स्थिति एक—एक पल्योपम की है । इनकी राजधानिया जम्बूद्वीप के मेरुपर्वत से दक्षिण मे तिर्छे असख्यात द्वीप–समुद्रो को लाघने पर आने वाले दूसरे जम्बूद्वीप मे बारह सहस्र योजन जाने पर आती है । इनका वर्णन विजया राजधानी के समान समझ लेना चाहिए ।

'वैताढ्य' नाम का हेतु

[२४][१] प्र०—से केणट्ठे ण भते ! एव वुच्चइ—वेयड्ढे पव्वए वेयड्ढे पव्वए ?

उ०—गोयमा ! वेअड्ढे णं पव्वए भरह वास दुहा विभयमाणे २ चिट्ठइ, तजहा—
दाहिणड्ढभरह च उत्तरड्ढभरह च ।
वेयड्ढगिरिकुमारे अ इत्थ देवे महिड्ढीए—जाव—पलिओवमट्ठिइए परिवसइ ।
से तेणट्ठेण गोयमा ! एव वुच्चइ—वेअड्ढे पव्वए २ ।
अदुत्तर च ण गोअमा ! वेयड्ढस्स पव्वयस्स सासए णामधेज्जे पण्णत्ते,
ज ण कयाइ ण आसि, ण कयाइ ण अत्थि, ण कयाइ ण भविस्सइ,
भुविं च, भवइ अ, भविस्सइ अ,
धुवे णिअए सासए अक्खए अव्वए अवट्ठिए णिच्चे ।

—जम्बू. वक्ष. १ सूत्र १५ पृ० ८४

[२४][१] प्र०—भगवन् ! वैताढ्य पर्वत, वैताढ्यपर्वत क्यो कहा जाता है ?

उ०—गौतम ! वैताढ्यपर्वत भरतवर्ष को दो भागो मे विभक्त करता है, यथा—दक्षिणार्ध भरत और उत्तरार्ध भरत ।
और यहा वैताढ्यगिरिकुमार नामक देव रहता है जो महर्धिक—यावत्—पल्योपम की स्थिति वाला है । इस कारण गौतम ! इसे वैताढ्य पर्वत कहते है ।
इसके अतिरिक्त, गौतम ! वैताढ्य पर्वत का यह नाम शाश्वत है । यह न कभी नही था, न कभी नही है, न कभी नही होगा । यह था, है और रहेगा । यह नाम ध्रुव है, नियत है, शाश्वत है, अक्षय है, अवस्थित है, नित्य है ।

ऐरावत वर्ष

[१] [१] प्र.—कहि ण भते ! जबुद्दीवे दीवे एरावए णाम वासे पण्णत्ते ?

उ०—गोअमा ! सिहरिस्स उत्तरेणं, उत्तरलवणसमुद्दस्स दक्खिणेणं,
पुरत्थिमलवणसमुद्दस्स पच्चत्थिमेण, पच्चत्थिमलवणसमुद्दस्स पुरत्थिमेणं,
एत्थ णं जबुद्दीवे दीवे एरावए णाम वासे पण्णत्ते ।
खाणुबहुले, कटकबहुले
एव जच्चेव भरहस्स वत्तव्वया सच्चेव सव्वा निरवसेसा णेअव्वा
सओअवणा सणिक्खमणा सपरिनिव्वाणा
णवरं एरावओ चक्कवट्टी, एरावतो देवो, से तेणट्ठेण एरावए वासे २ ।

—जम्बू वक्ष. ४ सूत्र १११

[१] [१] प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप मे ऐरावत नामक वर्ष (क्षेत्र) कहा है ?

उ०—गौतम ! शिखरिपर्वत के उत्तर मे, उत्तर लवणसमुद्र के दक्षिण मे, पूर्व लवणसमुद्र के पश्चिम मे और पश्चिम लवणसमुद्र के पूर्व मे, जम्बूद्वीप नामक द्वीप मे ऐरावत नामक वर्ष कहा है ।
वह स्थाणु (ठूठ) बहुल और कटकबहुल है । इस प्रकार जो वक्तव्यता भरत वर्ष की कही है वही सब इसकी समझ लेनी चाहिए-षट्खण्ड की साधना सहित, निष्क्रमण सहित और निर्वाण-सहित ।

महाविदेह वर्ष

[१] [१] प्र०—कहि ण भते ! जबुद्दीवे दीवे महाविदेहे णाम वासे पण्णत्ते ?

उ०—गोअमा ! णीलवतस्स वासहरपव्वयस्स दक्खिणेण,
णिसहस्स वासहरपव्वयस्स उत्तरेण,
पुरत्थिमलवणसमुद्दस्स पच्चत्थिमेण,
पच्चत्थिमलवणसमुद्दस्स पुरत्थिमेण,
एत्थ ण जबुद्दीवे दीवे महाविदेहे णाम वासे पण्णत्ते ।
पाडीण-पडीणायए, उदीण-दाहिणवित्थिन्ने
पलिअकसठाणसठिए
दुहा लवणसमुद्द पुट्ठे,
पुरत्थिम-जाव-पुट्ठे
पच्चत्थिमिल्लाए कोडीए पच्चत्थिमिल्ल-जाव-पुट्ठे
तित्तीस जोअणसहस्साइ छच्च चुलसीए जोअणसए
चत्तारि अ एगूणवीसइभागे जोअणस्स विक्खमेण ति ।
तस्स वाहा पुरत्थिम-पच्चत्थिमेण तेत्तीस जोअणसहस्साइ सत्त य सतसट्ठे जोअणसए सत्त य एगूणवीसइभाए जोअणस्स आयामेण ति ।
तस्स जीवा बहुमज्झदेसभाए पाईण-पडीणायया दुहा लवणसमुद्द पुट्ठा
पुरत्थिमिल्लाए कोडीए पुरत्थिमिल्ल-जाव-पुट्ठा
एव पच्चत्थिमिल्लाए- जाव-पुट्ठा ।
एग जोयणसयसहस्स आयामेण ति ।
तस्स धणु उभओ पासि उत्तर-दाहिणेण
एग जोयणसयसहस्स अट्ठावण्ण जोअणसहस्साइ एग च तेरसुत्तर जोअणसय सोलस य एगूणवीसइभागे जोयणस्स किंचिविसेसाहिए परिक्खेवेणति ।
महाविदेहे ण वासे चउव्विहे[1] चउप्पडोआरे पण्णत्ते, तजहा—
पुव्वविदेहे १, अवरविदेहे २, देवकुरा ३, उत्तरकुरा ४, ।

[१] [१] प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप मे महाविदेह नामक वर्ष (क्षेत्र) कहा है ?

उ०—गौतम ! नीलवन्त वर्षधर पर्वत से दक्षिण मे, निषध वर्षधर पर्वत से उत्तर मे, पूर्व लवणसमुद्र से पश्चिम मे तथा पश्चिम लवणसमुद्र से पूर्व मे जम्बूद्वीपस्थित महाविदेह नामक वर्ष है । यह पूर्व और पश्चिम मे लम्बा, उत्तर-दक्षिण मे चौडा, पर्यंक (पलग) के आकार का एव दो ओर से लवणसमुद्र से स्पृष्ट है । पश्चिम की ओर से पश्चिमी लवणसमुद्र से (एव पूर्व की ओर से पूर्वी लवणसमुद्र से) स्पृष्ट है । यह ३३६८४ $\frac{४}{१९}$ योजन चौडा है । इसकी वाहु पूर्व-पश्चिम की ओर ३३७६७ $\frac{७}{१९}$ योजन लम्बी है ।
इसकी जीवा मध्य मे पूर्व-पश्चिम की ओर लम्बी है एव दोनो ओर से लवणसमुद्र से स्पृष्ट है । पूर्व की ओर पूर्वी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है, आदि । यह एक लाख योजन लम्बी है ।
इसका धनु पृष्ठ दोनो ओर उत्तर-दक्षिण मे १५८११३ $\frac{१६}{१९}$ योजन से कुछ अधिक की परिधि मे है ।

---

१ ठा० ४ उ० २ सूत्र ३०२ पृ० २१२

महाविदेह वर्ष चार भागो मे विभक्त है, यथा—(१) पूर्वमहाविदेह (२) अपर महाविदेह (३) देवकुरु और (४) उत्तरकुरु।

महाविदेह का स्वरूप

[२] [१] प्र०—महाविदेहस्स ण भते ! वासस्स केरिसए आगारभावपडोयारे पण्णत्ते ?
उ०—गोअमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते
—जाव—कित्तिमेहिं अकित्तिमेहिं चेव।

[२] प्र०—महाविदेहे णं भंते ! वासे मणुआणं केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते ?
उ०—गोअमा ! तेसि णं मणुआणं छव्विहे संघयणे, छव्विहे सठाणे, पच धणुसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं उक्कोसेण पुव्वकोडी आउअं पालेंति, पालेत्ता अप्पेगइआ निरयगामी—जाव—अप्पेगइआ सिज्झति—जाव—अत करेंति।

[२] [१] प्र०—भगवन् ! महाविदेह वर्ष का स्वरूप कैसा है ?
उ०—गौतम ! इसकी भूमि बहुत सम और रमणीय है।—यावत्—कृत्रिम और अकृत्रिम (मणियो तथा तृणो) से (सुशोभित है)।

[२] प्र०—भगवन् ! महाविदेह के मनुष्यो का स्वरूप कैसा है ?
उ०—गौतम ! वहा के मनुष्य छह प्रकार के सहनन और छह प्रकार के सस्थान वाले हैं, उत्कृष्ट पाच सौ धनुष ऊचाई वाले हैं। वे जघन्य अन्तर्मुहूर्त एव उत्कृष्ट पूर्वकोटि की आयु भोगकर कोई-कोई नरक मे जाते हैं—यावत्—कोई-कोई सिद्ध होते हैं—यावत्—(सब प्रकार के दु खो का) अन्त करते हैं।

महाविदेह संज्ञा का हेतु

[३] [१] प्र०—से केणट्ठेणं भते ? एवं वुच्चइ–महाविदेहे वासे २ ?
उ०—गोअमा ! महाविदेहे ण वासे
भरहे-रवय-हेमवय-हेरण्णवय-हरिवास-रम्मगवासेहिंतो आयाम-विक्खभ-संठाण-परिणाहेणं
वित्थिन्नतराए चेव, विपुलतराए चेव,
महंततराए चेव, सुप्पमाणतराए चेव,
महाविदेहा य इत्थ मणूसा परिवसंति।
महाविदेहे अ इत्थ देवे महिड्ढिए—जाव—पलिओवमट्ठिइए परिवसइ।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–महाविदेहेवासे २।
अदुत्तर च णं गोअमा ! महाविदेहस्स वासस्स सासए णामधज्जे पण्णत्ते,
जं ण कयाइ णासि ३।

जम्बू वक्ष ४ सूत्र ८५ पृ ३११

[३] [१] प्र०—भगवन् ! महाविदेह वर्ष महाविदेह वर्ष क्यो कहा जाता है ?
उ०—गौतम ! महाविदेह वर्ष भरत, ऐरावत हैमवत, हैरण्यवत, हरिवर्ष और रम्यक वर्ष से लबाई, चौडाई, सस्थान (आकार) और परिधि मे अधिक विस्तीर्ण है, अधिक विपुल है, अधिक विशाल है और अधिक सुप्रमाण वाला है।
यहा महाविदेह अर्थात् बडे ऊचे शरीर वाले मनुष्य रहते हैं।

यहा महाविदेह नामक मर्हधिक—यावत्—पल्योपम की स्थिति वाला देव रहता है। इस हेतु से, गौतम! यह महाविदेह वर्ष कहलाता है। अथवा गौतम! इसका यह नाम शाश्वत है, जो न कभी नही था, इत्यादि।

गंधमादन पर्वत

[४] [१] प्र०—कहि ण भते! महाविदेहे वासे गधमायणे णाम वक्खारपव्वए पण्णत्ते ?

उ०—गोअमा! णीलवतस्स वासहरपव्वयस्स दाहिणेण,
मदरस्स पव्वयस्स उत्तरपच्चत्थिमेण,
गधिलावइस्स विजयस्स पुरच्छिमेण[1],
एत्थ ण महाविदेहे वासे गधमायणे णाम वक्खारपव्वए पण्णत्ते[2]।
उत्तर-दाहिणायए, पाईण-पडीणविच्छिन्ने,
तीस जोअणसहस्साइ दुण्णि अ णउत्तरे जोअणसए छच्च य एगूणवीसइभागे जोअणस्स आयामेण,
णीलवतवासहरपव्वयतेण चत्तारि जोअणसयाइ उड्ढ उच्चत्तेण,
चत्तारि गाउअसयाइ उव्वेहेण,
पच जोअणसयाइ विक्खभेण,
तयाणतर च ण मायाए २ उस्सेहुव्वेहपरिवुड्ढीए परिवड्ढमाणे २
विक्खभपरिहाणीए परिहायमाणे २
मदरपव्वयतेण पचजोयणसयाइ उड्ढ उच्चत्तेण,
पच गाउअसयाइ उव्वेहेण,[3],
अगुलस्स असखेज्जइभाग विक्खभेण पण्णत्ते।
गयदतसठाणसठिए सव्वरयणामए अच्छे
उभओ पासि दोहिं पउमवरवेइयाहि, दोहि य वणसडेहिं सव्वओ समता सपरिक्खित्ते।
गधमायणस्स ण वक्खारपव्वयस्स उप्पि बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते।
—जाव—आसयति।

[४] [१] प्र०—भगवन्! महाविदेह वर्ष मे गधमादन नामक वक्षस्कार पर्वत कहाँ है ?

उ०—गौतम! नीलवन्त वर्षधर पर्वत से दक्षिण मे, मेरु पर्वत से उत्तर-पश्चिम मे, गधिलावती विजय से पूर्व मे एव उत्तरकुरु से पश्चिम मे महाविदेह वर्ष मे गधमादन नामक वक्षस्कार पर्वत है। यह उत्तर-दक्षिण मे लवा, पूर्व-पश्चिम मे चौडा एव ३०२०९$\frac{६}{१९}$ योजन लम्बा है। नीलवन्त वर्षधर पर्वत के पास चार सौ योजन ऊचा, चार सौ कोस गहरा और पाच सौ योजन चौडा है। तदनन्तर क्रमश ऊँचाई और गहराई मे बढता-बढता किन्तु विस्तार मे कम होता-होता मेरु पर्वत के पास पाच सौ योजन ऊँचा पाच सौ कोस गहरा एव अगुल के असख्यातवें भाग चौडा हो जाता है।
यह गजदन्त के आकार का है, सर्वात्मना रत्नमय एव स्वच्छ है।
इसके दोनो ओर दो पद्मवरवेदिकाएँ और दो वनखण्ड हैं। गधमादन वक्षस्कार पर्वत पर अत्यन्त सम और रमणीय भूमिभाग है।
—यावत्—(वहाँ देवगण क्रीडा करते हैं) बैठते हैं।

१—ठा २ उ. ३ सूत्र ८७ पृ ६५
२—ठा. ४ उ २ सूत्र ३०२ पृ. २१२
३—(क) सम ५०० सूत्र १-५ पृ ११२
(ख) ठा ५ उ. २ सूत्र ४३४ पृ ३१०

गंधमादन पर्वत के कूट

[५] [१] प्र०—गंधमायणे णं वक्खारपव्वए कति कूडा पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! सत्त कूडा पण्णत्ता[1], तजहा—

सिद्धाययणकूडे १, गधमायणकूडे २, गधिलावईकूडे ३, उत्तरकुरुकूडे ४, फलिहकूडे ५, लोहियक्खकूडे ६, आणंदकूडे ७ ।

[२] प्र०—कहि णं भंते ! गंधमायणे वक्खारपव्वए सिद्धाययणकूडे णामं कूडे पण्णत्ते ?

उ०—गोअमा ! मदरस्स पव्वयस्स उत्तर-पच्चत्थिमेणं गंधमायणकूडस्स दाहिण-पुरत्थिमेण,
एत्थ ण गधमायणे वक्खारपव्वए,
सिद्धाययणकूडे णाम कूडे पण्णत्ते ।
ज चेव चुल्लहिमवते सिद्धाययणकूडस्स पमाणं त चेव एएसि सव्वेसि भाणिअव्वं ।
एव चेव विदिसाहि तिण्णि कूडा भाणिअव्वा ।
चउत्थे ततिअस्स उत्तरपच्चत्थिमेण पंचमस्स दाहिणेणं ।
सेसा उ उत्तर-दाहिणेण ।
फलिह-लोहिअक्खेसु भोगकर-भोगवईओ देवयाओ सेसेसु सरिसणामया देवा ।
छसु वि पासायवडेंसगा ।
रायहाणीओ विदिसासु ।

[५] [१] प्र०—भगवन् ! गधमादन वक्षस्कार पर्वत पर कितने कूट हैं ?

उ०—गौतम ! सात कूट है, यथा—(१) सिद्धायतनकूट (२) गधमादनकूट (३) गधिलावतीकूट (४) उत्तरकुरुकूट (५) स्फटिककूट (६) लोहिताक्षकूट और (७) आनन्दकूट ।

[२] प्र०—भगवन् ! गधमादन वक्षस्कार पर्वत पर सिद्धायतन नामक कूट कहाँ है ?

उ०—गौतम ! मेरु पर्वत से उत्तर-पश्चिम मे एव गधमादनकूट से दक्षिण-पूर्व मे गधमादन वक्षस्कार पर्वत का सिद्धायतन नामक कूट है ।
चुल्लहिमवन्त के सिद्धायतन कूट का जो प्रमाण है वही इन सब का कह लेना चाहिए । इसी प्रकार विदिशाओ मे तीन कूट कहने चाहिए । चौथा (कूट) तीसरे के उत्तर-पश्चिम मे और पाचवें के दक्षिण मे है । शेप उत्तर-दक्षिण मे है । स्फटिक और लोहिताक्ष कूटो पर भोगकरी और भोगवती नामक (दिक् कुमारी) देवियाँ है । शेष मे कूटो के सदृश नाम वाले देव हैं । छहो पर प्रासादावतसक है । राजधानियाँ विदिशा मे हैं ।

'गन्धमादन' संज्ञा का कारण

[६] [१] प्र०—से केणट्ठेणं भते ! एवं वुच्चइ-गंधमायणे वक्खारपव्वए २ ?

उ०—गोयमा ! गंधमायणस्स ण वक्खारपव्वयस्स गधे
से जहाणामए कोट्ठपुडाण वा—जाव—
पीसिज्जमाणाण वा उक्किरिज्जमाणाण वा
विकिरिज्जमाणाण वा परिभुज्जमाणाण वा-जाव-ओराला मणुण्णा-जाव-गंधा अभिणिस्सवंति ।
भवे एयारूवे ?
णो इणट्ठे समट्ठे ।

१—ठा. ७ सूत्र ५९० पृ. ३९३

गधमायणस्स ण इत्तो इट्ठतराए चेव-जाव गधे पण्णत्ते ।
से एएणट्ठेण गोअमा ! एव वुच्चइ-गधमायणे वक्खारपव्वए २ ।
गधामायणे अ इत्थ देवे महिड्ढिए परिवसइ,
अदुत्तर च ण सासए णामधिज्जे इति ।

—जवू० वक्ष० ४ सूत्र ८६ पृ० ३१३

[६]]१] प्र०—भगवन् ! इसे गधमादन वक्षस्कार पर्वत क्यो कहते हैं ?

उ०—गौतम ! गधमादन वक्षस्कार पर्वत की गध क्या कोष्ठ नामक सुगधी द्रव्य के पुट-यावत्-जो पीसे जा रहे हों, उत्कीर्ण किये जा रहे हो, विखेरे जा रहे हो, उपभोग मे लिये जा रहे हो—यावत्-उनसे जो मनोज्ञ एव मनोरम गध निकलती है, वैसी है ? नही, ऐसा नही है । गधमादन पर्वत की गध उनमे भी अधिक इष्ट है—इष्टतर है । इस कारण गौतम ! यह गधमादन (अपनी गध से मतवाला वना देनेवाला) पर्वत कहलाता है ।
यहाँ गधमादन नामक महर्द्धिक देव रहता है । इसके अतिरिक्त यह नाम शाश्वत है ।

महाविदेह में माल्यवन्त पर्वत

[७] [१] प्र०—कहि ण भते ! महाविदेहे वासे मालवते णाम वक्खारपव्वए पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! मदरस्स पव्वयस्स उत्तर-पुरत्थिमेण,
णीलवतस्स वासहरपव्वयस्स दाहिणेण,
उत्तरकुराए पुरत्थिमेण,
वच्छस्स चक्कवट्टिविजयस्स पच्चत्थिमेण,
एत्थ ण महाविदेहे वासे मालवते णाम वक्खारपव्वए पण्णत्ते,
उत्तर-दाहिणायए, पाईण-पडीणविच्छि (त्थि) न्ने, ज चेव गधमायणस्स पमाण विक्खम्भो अ,
णवरमिम णाणत्त-सव्ववेरुलिआमए, अवसिट्ठ त चेव-जाव-गोअमा ! नव कूडा पण्णत्ता,[1] तजहा-
सिद्धाययणकूडे०
सिद्धे य मालवन्ते, उत्तरकुरु कच्छसायरे रयए ।
सीओय पुण्णभद्दे, हरिस्सहे[2] चेव वोद्धव्वे ।।१।।

[२] प्र०—कहि ण भते ! मालवन्ते वक्खारपव्वए सिद्धाययणकूडे णाम कूडे पण्णत्ते ?

उ०—गोअमा ! मन्दरस्स पव्वयस्स उत्तर-पुरत्थिमेण मालवन्तस्स कूडस्स दाहिण-पच्चत्थिमेण एत्थ ण सिद्धाययणे कूडे पण्णत्ते,
पच जोअणसयाइ उद्ध उच्चत्तेण, अवसिट्ठ त चेव-जाव-रायहाणी ।
एव मालवन्तस्स कूडस्स, उत्तरकुरुकूडस्स, कच्छकूडस्स,
एए चत्तारि कूडा दिसाहि पमाणेहि णेअव्वा,
कूडसरिसनामया देवा ।

[७] [१] प्र०—भगवन् ! महाविदेहवर्ष मे माल्यवन्त नामक वक्षस्कार पर्वत कहाँ है ?

उ०—गौतम ! मन्दर पर्वत मे उत्तर-पूर्व मे, नीलवन्त नामक वर्षधर पर्वत से दक्षिण मे, उत्तरकुरु मे पूर्व मे और वत्स नामक चक्रवर्तिविजय मे पश्चिम मे, महाविदेह वर्ष मे माल्यवन्त नामक वक्षस्कार पर्वत है । वह उत्तर-दक्षिण मे लम्बा, पूर्व-पश्चिम मे विस्तीर्ण और गधमादन पर्वत के वरावर प्रमाण एव विष्कभ वाला है । विशेषता यह है कि यह (माल्यवन्त पर्वत) सर्वात्मना

१—ठा० ९, सूत्र ६८९ पृ० ४३०
२ सम० ११३, सूत्र ५

वैडूर्यमय है, शेष वर्णन वही है—यावत्-गौतम ! सिद्धायतनकूट आदि नौ कूट कहे गए है।
(गाथार्थ)—(१) सिद्धायतनकूट (२) माल्यवन्त कूट (३) उत्तरकुरुकूट (४) कच्छकूट (५) सागर कूट (६) रजतकूट (७) शीतोदाकूट (८) पूर्णभद्रकूट और (९) हरिस्सहकूट, (ये नौ कूट) जानने चाहिए।

[२] प्र०—भगवन् ! माल्यवन्त वक्षस्कार पर्वत पर सिद्धायतन कूट नामककूट कहाँ है ?

उ०—गौतम ! मन्दर पर्वत से उत्तर-पूर्व मे एव माल्यवन्तकूट से दक्षिण-पश्चिम मे सिद्धायतन कूट कहा गया है। यह पाच सौ योजन ऊँचा है। राजधानी पर्यन्त शेष सब वर्णन वही है।
इसी प्रकार माल्यवन्त कूट, उत्तरकुरुकूट और कच्छकूट का (वर्णन समझना चाहिए)। इन चारो कूटो की दिशा और प्रमाण (सिद्धायतनकूट के समान) समझ लेना चाहिए। उनके देव कूट के सदृश नाम वाले है।

माल्यवन्त का सागर कूट

[८] [१] प्र०—कहि ण भंते ! मालवन्ते सागरकूडे णामं कूडे पण्णत्ते ?

उ०—गोअमा! कच्छकूडस्स उत्तर-पुरत्थिमेण, रम्मयकूडस्स दक्खिणेणं, एत्थ णं सागरकूडे णामं कूडे पण्णत्ते,
पंच जोअणसयाइं उद्ध उच्चत्तेण, अवसिट्ठं त चेव,
सुभोगा देवी, रायहाणी उत्तर-पुरत्थिमेणं,
रययकूडे भोगमालिणी देवी, रायहाणी उत्तर-पुरत्थिमेणं,
अवसिट्ठा कूडा उत्तरदाहिणेणं णेअव्वा एक्केण पमाणेणं।

—जम्बू. वक्ष. ४ सूत्र ९१,पृ ३३७

[८] [१] प्र०—भगवन् ! माल्यवन्त पर्वत पर सागर कूट नामक कूट कहां है ?

उ०—गौतम ! कच्छ कूट से उत्तर-पूर्व मे तथा रजत कूट से दक्षिण मे सागर कूट है।
यह पाच सौ योजन ऊँचा है, शेष सब वही। वहाँ सुभोगा देवी है (उसकी) राजधानी उत्तर-पूर्व मे है।
रजतकूट पर भोगमालिनी देवी है (उसकी) राजधानी उत्तर-पूर्व मे है।
शेष कूट उत्तर-दक्षिण मे जानने चाहिए। इन सब का प्रमाण एक (हिमवत् कूट के बराबर) है।

माल्यवन्त का हरिस्सह कूट

[९] [१] प्र०—कहि ण भंते ! मालवन्ते हरिस्सहकूडे णामं कूडे पण्णत्ते ?

उ०—गोअमा ! पुण्णभद्दस्स उत्तरेण, णीलवन्तस्स दक्खिणेणं, एत्थ णं हरिस्सहकूडे णामं कूडे पण्णत्ते,
एग जोअणसहस्स उद्ध उच्चत्तेणं, जमगपमाणेणं णेअव्वं,
रायहाणी उत्तरेण असंखेज्जे दीवे अण्णमि जबुद्दीवे दीवे उत्तरेणं बारस जोअणसहस्साइं ओगाहित्ता
एत्थ ण हरिस्सहस्स देवस्स हरिस्सहाणाम रायहाणी पण्णत्ता,
चउरासीइं जोअणसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं,
बे जोयणसयसहस्साइं पण्णट्ठिं च सहस्साइं छच्च छत्तीसे जोअणसए परिक्खेवेणं,
सेसं जहा चमरचंचाए रायहाणीए तहा पमाण भाणिअव्व,
महिड्ढीए महज्जुईए

[९] [१] प्र०—भगवन् ! माल्यवन्त पर्वत पर हरिस्सह कूट नामक कूट कहाँ है ?

उ०—गौतम ! पूर्णभद्र कूट से उत्तर मे नीलवन्त पर्वत से दक्षिण मे हरिस्सह कूट नामक कूट है।
यह एक हजार योजन ऊँचा है। उसका प्रमाण यमक पर्वत के बराबर जानना चाहिए।

राजधानी उत्तर दिशा मे, असख्यात द्वीप-समुद्रो के आगे, अन्य जम्बूद्वीप नामक द्वीप मे, उत्तर की ओर बारह हजार योजन अवगाहन करके हरिस्सह देव की हरिस्सहा नामक राजधानी कही गई है। वह चौरासी हजार योजन लम्बी-चौडी है। उसकी परिधि २६५६३६ योजन है। शेष कथन चमरचचा राजधानी के समान है। वही प्रमाण है। (यहा हरिस्सह नामक) महर्द्धिक और महाद्युतिमान् (देव निवास करता है, अतएव उसका नाम हरिस्सह कूट है।)

'माल्यवन्त' संज्ञा का हेतु

[१०][१] प्र०—से केणट्ठेण भन्ते ! एव वुच्चइ-मालवन्ते वक्खारपव्वए २ ?

उ०—गोअमा ! मालवन्ते ण वक्खारपव्वए तत्थ-तत्थ देसे तहिं-तहिं बहवे सरिआगुम्मा णोमालिआगुम्मा-जाव-मगदन्तिआ गुम्मा,

ते ण गुम्मा दसद्धवण्ण कुसुम कुसुमेति,

जे ण त मालवन्तस्स वक्खारपव्वयस्स बहुसमरमणिज्ज भूमिभाग वायविधुअग्गसाला मुक्कपुप्फपु जोवयारकलिअ करेन्ति,

मालवन्ते अ इत्थ देवे महिड्ढीए-जाव-पलिओवमट्ठिइए परिवसइ,

से तेणट्ठेण गोअमा ! एव वुच्चइ,

अदुत्तर च ण-जाव-णिच्चे।

—जम्बू० वक्ष० ४ सूत्र ९२ पृ० ३६८—३३९

[२०][१] प्र०—भगवन् ! माल्यवन्त वक्षस्कार पर्वत को माल्यवन्त वक्षस्कार पर्वत क्यो कहते हैं ?

उ०—गौतम ! माल्यवन्त वक्षस्कार पर्वत पर स्थान स्थान पर सरिकागुल्म, नवमालिकागुल्म-यावत्-मगदन्तिकागुल्म हैं। वे गुल्म पचरगी कुसुमो को उत्पन्न करते हैं, जो (कुसुम) माल्यवन्त वक्षस्कार पर्वत के अत्यन्त समतल एव रमणीय भूमिभाग को, वायु के सचार से, शाखाओ के अग्रभाग के हिलने से जो कुसुम झडते हैं, उन कुसुमो के द्वारा वे गुल्म सुशोभित करते हैं।

इसके अतिरिक्त यहां माल्यवन्त नामक महर्द्धिक-यावत् पल्योपम की स्थिति वाला देव निवास करता है। गौतम ! इस कारण यह पर्वत माल्यवन्त कहलाता है। इसके अतिरिक्त (यह नाम) यावत्-नित्य है।

सौमनस वक्षस्कार पर्वत

[२१][१] प्र०—कहि ण भते ! जम्बुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे सोमणसे णाम वक्खारपव्वए पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! णिसहस्स वासहरपव्वयस्स उत्तरेण,

मदरस्स पव्वयस्स दाहिण-पुरत्थिमेण,

मगलावईविजयस्स पच्चत्थिमेण,

देवकुराए पुरत्थिमेण,

एत्थ ण जम्बुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे सोमणसे णाम वक्खारपव्वए पण्णत्ते,

उत्तर-दाहिणायए, पाईण-पडीणवित्थिन्ने,

जहा मालवन्ते वक्खारपव्वए तहा, णवरं-सव्वरययामए अच्छे-जाव-पडिरूवे।

णिसहवासहरपव्वयतेण चत्तारि जोयणसयाइ उड्ढ उच्चत्तेण, चत्तारि गाउअसयाइं उव्वेहेण, सेस तहेव सव्व,

णवर-अट्ठो से गोअमा ! सोमणसे ण वक्खारपव्वए बहवे देवा य देवीओ य सोमा सुमणा, सोमणसे य इत्थ देवे महिड्ढीए-जाव-परिवसइ, से एणट्ठेण गोअमा !-जाव-णिच्चे।

][११][१] प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप के महाविदेह वर्ष मे सौमनस नामक वक्षस्कार पर्वत कहाँ है ?

उ०—गौतम ! निषध वर्षधर पर्वत से उत्तर मे, मन्दर पर्वत से दक्षिण-पूर्व में मगलावती विजय से पश्चिम मे और देवकुरु से पूर्व मे, जम्बूद्वीप के महाविदेह वर्ष मे सौमनस नामक वक्षस्कार पर्वत है। वह उत्तर-दक्षिण मे लम्बा और पूर्व-पश्चिम मे विस्तीर्ण है। इसकी वक्तव्यता माल्यवन्त वक्षस्कार पर्वत के समान है।विशेष यह कि यह पर्वत सर्व-रजतमय है, स्वच्छ-यावत्-प्रतिरूप है। निषध नामक वर्षधर पर्वत के अन्त से चार सौ योजन ऊँचा और चार सौ गव्यूति गहरा है। शेष सब कथन उसी प्रकार है ।

विशेष-उसके नाम का कारण कह लेना चाहिए-गौतम! सौमनस वक्षस्कार पर्वत पर बहुत से सौम्य और शुद्ध मन वाले देव-देवियो का निवास है। यहां सौमनस नामक महर्द्धिक देव-यावत् निवास करता है। इस कारण गौतम ! यह पर्वत सौमनस कहलाता है। इसके सिवाय इसका नाम-यावत्-नित्य है।

सौमनस पर्वत के कूट

[१२][१] प्र०—सोमणसे वक्खारपव्वए कइ कूडा पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! सत्त कूडा पण्णत्ता, तजहा-
सिद्धे सोमणसे विय, बोद्धव्वे मंगलावई कूडे ।
देवकुरु विमल कंचण वसिट्ठकूडे अ बोद्धव्वे ॥१॥
एव सव्वे पचसइया कूडा,
एएसि पुच्छा दिसि-विदिसाए भाणिअव्वा जहा गंधमायणस्स,
विमल-कंचणकूडेसु णवरि देवयाओ सुवच्छा वच्छमित्ता य, अवसिट्ठेसु कूडेसु सरिसणामया देवा, रायहाणीओ दक्खिणेणति ।

—जम्बू० वक्ष० ४ सूत्र ९७ पृ० ३५३

| [१२][१] प्र०—सौमनस वक्षस्कार पर्वत पर कितने कूट है ?

उ०—गौतम ! सात कूट हैं, यथा- (१) सिद्धायतन कूट, (२) सौमनसकूट, (३) मगलावतीकूट, (४) देवकुरुकूट, (५) विमलकूट, (६) काचनकूट और (७) वशिष्ठकूट ।

ये सब कूट पाच सौ योजन ऊचे है। दिशाओ एव विदिशाओ मे इनके सबध मे प्रश्न (उत्तर) गधमादन की तरह समझ लेने चाहिए ।

विशेष बात यह है कि इसके विमल और काचन कूटो पर सुवत्सा और वत्समित्रा देवियाँ है। शेष कूटो पर उनके नाम के समान नाम वाले देव हैं। उनकी राजधानिया दक्षिण मे है।

विद्युत्प्रभ वक्षस्कार पर्वत

[१३][१] प्र०—कहि ण भते ! जबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे विज्जुप्पभे णामं वक्खारपव्वए पन्नत्ते ?

उ०—गोयमा ! णिसहस्स वासहरपव्वयस्स उत्तरेणं,
मदरस्स पव्वयस्स दाहिण-पच्चत्थिमेणं,
देवकुराए पच्चत्थिमेण,
पम्हस्स विजयस्स पुरत्थिमेणं,
एत्थ णं जम्बुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे विज्जुप्पभे वक्खारपव्वए पण्णत्ते ।
उत्तर-दाहिणायए एव जहा मालवन्ते, णवरि सव्वतवणिज्जमए अच्छे—जाव—देवा आसयन्ति ।

[१३][१] प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप के महाविदेह वर्ष मे विद्युत्प्रभ नामक वक्षस्कार पर्वत कहाँ है ?

उ०—गौतम ! निषध नामक वर्षधर पर्वत से उत्तर मे, मदर पर्वत से दक्षिण-पश्चिम मे, देवकुरु के पश्चिम मे और पक्ष्मविजय के पूर्व मे, जम्बूद्वीप के महाविदेह वर्ष मे विद्युत्प्रभ नामक वक्षस्कार पर्वत है ।

वह उत्तर-दक्षिण मे लम्बा है, इत्यादि वर्णन माल्यवन्त के समान समझना चाहिए । विशेष यह कि यह पर्वत सर्वतपनीय-स्वर्णमय है, स्वच्छ है—यावत्—वहाँ देवगण विहार करते हैं ।

विद्युत्प्रभ पर्वत के कूट

[१४][१] प्र०—विज्जुप्पभे ण भते ! वक्खारपव्वए कइ कूडा पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! नव कूडा पण्णत्ता, तजहा—सिद्धाययणकूडे विज्जुप्पभकूडे देवकुरुकूडे पम्हकूडे कणगकूडे सोवत्थिअकूडे सीओआकूडे सयज्जलकूडे हरिकूडे ।[1]

सिद्धे अ विज्जुणामे देवकुरु पम्ह-कणग-सोवत्थी ।
सीओआ य सयज्जल-हरिकूडे चेव वोद्धव्वे ॥१॥
एए हरिकूडवज्जा पचसइआ णेअव्वा,
एएसि कूडाण पुच्छा दिसि-विदिसाओ णेअव्वाओ,
जहा मालवन्तस्स हरिस्सहकूडे तह चेवहरिकूडे,
रायहाणी जह चेव दाहिणेण चमरचचा रायहाणी तह णेअव्वा,
कणग-सोवत्थिअकूडेसु वारिसेण-बलाहयाओ दो देवयाओ,
अवसिट्ठेसु कूडेसु कूडसरिसणामया देवा, रायहाणीओ दाहिणेण ।

प्र०—से केणट्ठेण भते ? एव वुच्चइ-विज्जुप्पभे वक्खारपव्वए २ ?

उ०—गोयमा ! विज्जुप्पभे ण वक्खारपव्वए विज्जुमिव सव्वओ समता ओभासेइ उज्जोवेइ पभासइ, विज्जुप्पभे य इत्थ देवे पलिओवमट्ठिइए—जाव—परिवसइ ।
से एएणट्ठेण गोयमा ! एव वुच्चइ-विज्जुप्पभे २, अदुत्तर च ण—जाव—णिच्चे ।

—जम्बू वक्ष ४ सूत्र १०१ पृ. ३५५

[१४][१] प्र०—भगवन् ! विद्युत्प्रभ वक्षस्कार पर्वत पर कितने कूट हैं ?

उ०—गौतम ! नौ कूट हैं, यथा—(१) सिद्धायतनकूट (२) विद्युत्प्रभकूट (३) देवकुरुकूट (४) पक्ष्मकूट (५) कनककूट (६) सौवस्तिककूट (७) शीतोदाकूट (८) शतज्वलकूट और (९) हरिकूट ।
सिद्धायतन, विद्युत्प्रभ, देवकुरु, पक्ष्म, कनक, सौवस्तिक, शीतोदा, शतज्वल और हरिकूट जानने चाहिए ॥१॥ हरिकूट को छोडकर ये सब कूट पाच सौ योजन ऊँचे समझ लेना चाहिए । दिशा-विदिशा मे इनके विषय मे पृच्छा कर लेनी चाहिए । हरिकूट का कथन माल्यवन्त के हरिस्सहकूट के समान है । राजधानी चमरचचा के समान ही दक्षिण मे कह लेनी चाहिए । कनककूट और सौवस्तिककूट पर वारिषेणा और बलाहका नामक देवियाँ हैं । शेष कूटो पर कूटो के नाम के समान नाम वाले देव हैं । इनकी राजधानियाँ दक्षिण मे हैं ।

प्र०—भगवन् ! विद्युत्प्रभ वक्षस्कार पर्वत किस कारण से विद्युत्प्रभ कहलाता है ?

उ०—गौतम ! विद्युत्प्रभ वक्षस्कार पर्वत बिजली की तरह सब दिशा-विदिशाओ मे अवभासित, उद्योतित और प्रभासित होता रहता है । तथा यहाँ विद्युत्प्रभ नामक पल्योपम की स्थिति वाला देव—यावत्—निवास करता है, गौतम ! इस कारण यह विद्युत्प्रभ कहलाता है । इसके अतिरिक्त यह नाम—यावत्—नित्य है ।

१—ठा ९ सूत्र ६८९ पृ ४३०

सुदर्शन मेरु पर्वत
चूलिका
ऊंचाई= ४० योजन
तृतीय काण्ड
ऊंचाई ३६००० योजन
पंडग वन
चौड़ाई =१००० योजन
सोमनस वन
चौड़ाई ४२७२ योजन
नंदन वन
चौड़ाई: ९९५४ ६/११ योजन
द्वितीय काण्ड
ऊंचाई ६३००० योजन
भद्रशाल वन
चौड़ाई १०००० योजन
प्रथम काण्ड
भूमि के अंदर
गहराई =१००० योजन
चौड़ाई = १००९० १०/११ योजन

मन्दर पर्वत

[१५] [१] प्र०—कहि ण भंते ! जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे मंदरे णामं पव्वए पण्णत्ते ?

उ०—गोअमा ! उत्तरकुराए दक्खिणेणं,

देवकुराए उत्तरेण,

पुव्वविदेहस्स वासस्स पच्चत्थिमेणं,

अवरविदेहस्स वासस्स पुरच्छिमेणं,

जबुद्दीवस्स बहुमज्झदेसभाए,

एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे मंदरे णामं पव्वए पण्णत्ते ।

णवणउति जोअणसहस्साइं उद्धं उच्चत्तेण,[१]

एग जोअणसहस्स उव्वेहेणं,

मूले दसजोअणसहस्साइ णवइ च जोअणाइ दस य एगारसभाए जोअणस्स विक्खभेणं,

धरणिअले दस जोअणसहस्साइं विक्खभेण,[२]

तयणतर च ण मायाए २ परिहायमाणे-परिहायमाणे उवरितले एगं जोअणसहस्सं विक्खभेणं,[३]

मूले एक्कतीसं जोअणसहस्साइं णव य दसुत्तरे जोअणसए तिण्णि अ एगारसभाए जोअणस्स परिक्खेवेण

धरणियले एकत्तीसं जोअणसहस्साइं छच्च तेवीसे जोअणसए परिक्खेवेणं,[४]

उवरितले तिण्णि जोअणसहस्साइं एग च बावट्ठं जोअणसयं किंचिविसेसाहिअं परिक्खेवेणं,

मूले वित्थिण्णे, मज्झे संखित्ते, उवरि तणुए,

गोपुच्छसठाणसंठिए, सव्वरयणामए, अच्छे, सण्हेत्ति ।[५]

से ण एगाए पउमवरवेइयाए एगेण य वणसडेण

सव्वओ समता सपरिक्खित्ते, वण्णओ त्ति ।

१—(क) सम. ९९, सूत्र १
(ख) सम. ८५ सूत्र, २
(ग) ठा, १० सूत्र ७२१ पृ ४५३
(घ) सम. ८४, सूत्र ६

२—(क) सम. १०, सूत्र ३
(ख) सम. सूत्र १२३
(ग) ठा. १०, सूत्र ७१९ पृ० ४५३

३—मदरे ण पव्वए धरणितलाओ सिहरतले एक्कारसभागपरिहीणे उच्चत्तेणं पण्णत्ते । सम. ११ सू. ७

४—सम. ३१, सूत्र २

५—मंदरस्स णं पव्वयस्स चउदिसिं पि पणयालीसं २ जोयणसहस्साइ अबाहाए अंतरे पण्णत्ते । —सम. ४५, सूत्र ६
—मंदरस्स ण पव्वयस्स पच्चत्थिमिल्लाओ चरिमताओ विजयदारस्स पच्चत्थिमिल्ले चरमंते एस णं पणपन्नजोयण-सहस्साइ अबाहाए अंतरे पण्णत्ते ।
—एव चउद्दिसिपि वेजयत-जयंत-अपराजियं ति । —सम. ५५, २-३

[१५] [१] प्र०—भगवन्! जम्बूद्वीपस्थित महाविदेह वर्ष मे मेरु (मन्दर) नामक पर्वत कहा है ?

उ०—गौतम! उत्तर कुरु से दक्षिण मे, देव कुरु से उत्तर मे, पूर्व महाविदेह से पश्चिम मे एव अपरविदेह से पूर्व मे, जम्बूद्वीप के ठीक मध्य मे जम्बूद्वीपस्थित मदर नामक पर्वत है। यह ९९००० योजन ऊचा, १००० योजन गहरा, मूल मे १००९०$\frac{१०}{११}$ योजन विस्तार वाला तथा पृथ्वी-तल पर १०००० योजन विस्तृत है। तदनन्तर धीरे-धीरे कम होते-होते उपरितल पर १००० योजन विस्तार वाला रह गया है। इसकी परिधि मूल मे ३१९१०$\frac{३}{११}$ योजन की, पृथ्वीतल पर ३१६२३ योजन की तथा उपरितल पर ३१६२ योजन से कुछ अधिक की है। यह मूल मे विस्तीर्ण, मध्य मे सक्षिप्त, ऊपर पतला, गोपुच्छ के आकार का, सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ और चिकना है।

यह चारो ओर से एक पद्मवरवेदिका और एक वनखण्ड से घिरा है। इनका वर्णन यहाँ समझ लेना चाहिए।

भद्रशालवन

[१६] [१] प्र०—मदरे ण भते! पव्वए कइ वणा पण्णत्ता[1] ?

प्र०—गोयमा! चत्तारि वणा पण्णत्ता, तजहा—
भद्दसालवणे १, णंदणवणे २, सोमणसवणे ३, पडगवणे ४।

[२] प्र०—कहि ण भते! मदरे पव्वए भद्दसालवणे णाम वणे पण्णत्ते ?

उ०—गोअमा! धरणिअले एत्थ ण मदरे पव्वए भद्दसालवणे णाम वणे पण्णत्ते—
पाईण-पडीणायए, उदीण-दाहिणवित्थिन्ने,
सोमणस-विज्जुप्पह-गधमायण-मालवतेहिं वक्खारपव्वएहिं सीआ-सीओआहिं अ महाणईहिं अट्ठभागपविभत्ते।
मदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिम-पच्चत्थिमेण बावीस बावीस जोअणसहस्साइ आयामेण,
उत्तर-दाहिणेण अड्ढाइज्जाइ अड्ढाइज्जाइ जोअणसयाइ विक्खमेणति।
से ण एगाए पउमवरवेइयाए एगेण य वणसडेण सव्वओ समता सपरिक्खित्ते।
दुण्हवि वण्णओ भाणिअव्वो।
किण्हे किण्होभासे-जाव-देवा आसयति सयति।

[१६] [१] प्र०—भगवन्! मेरु पर्वत पर कितने वन हैं ?

उ०—गौतम! चार वन हैं, यथा-भद्रशाल वन, नन्दन वन, सौमनस वन और पडक वन।

प्र०—भगवन्! मेरु पर्वत पर भद्रशाल नामक वन कहा है ?

उ०—गौतम! मेरु पर्वत के पृथ्वीतल पर भद्रशाल नामक वन है। यह पूर्व-पश्चिम मे लम्बा और उत्तर-दक्षिण मे चौडा है। सौमनस, विद्युत्प्रभ, गधमादन और माल्यवन्त नामक वक्षस्कार पर्वतों और सीता तया सीतोदा महानदियो के कारण आठ भागो मे विभक्त हो गया है।

यह मेरु पर्वत से पूर्व-पश्चिम की ओर २२००० योजन लम्वा है और उत्तर-दक्षिण मे २५० योजन चौडा है। इसके चारो ओर एक पद्मवरवेदिका और एक वनखण्ड है। यहा इन दोनो का वर्णन कह लेना चाहिए।

यह (भद्रशाल वन) कृष्ण व कृष्णावभास है-यावत्-यहा देव (क्रीडा करते एव) बैठते सोते हैं।

---

१. ठा ४ उ २ सूत्र ३०२ पृ २१२

सिद्धायतनवर्णन

[१७] मंदरस्स ण पव्वयस्स पुरत्थिमेणं भद्दसालवणं पण्णासं जोअणाइं ओगाहित्ता एत्थ णं महं एगे सिद्धाययणे पण्णत्ते,
पण्णास जोअणाइं आयामेणं,
पणवीस जोयणाइ विक्खमेणं,
छत्तीसं जोयणाइ उड्ढ उच्चत्तेण,
अणेगखभसयसण्णिविट्ठे, वण्णओ ।
तस्स ण सिद्धाययणस्स तिदिसिं तओ दारा पण्णत्ता,
ते ण दारा अट्ठ जोअणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं,
चत्तारि जोअणाइ विक्खमेण,
तावइय चेव पवेसेणं ।
सेया वरकणगथूभिआगा-जाव-वणमालाओ,
भूमिभागो य भाणिअव्वो ।
तस्स णं बहुमज्झदेसभाए एत्थ ण मह एगा मणिपेढिया पण्णत्ता,
अट्ठजोअणाइं आयाम-विक्खमेण,
चत्तारि जोअणाइं बाहल्लेणं,
सव्वरयणामई, अच्छा,
तीसे णं मणिपेढिआए उवरि देवच्छदए,
अट्ठ जोयणाइ आयाम-विक्खमेण,
साइरेगाइं अट्ठ जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं,
—जाव—जिणपडिमावण्णओ ।
देवच्छदगस्स-जाव-धूवकडुच्छुआणं इति ।
मदरस्स ण पव्वयस्स दाहिणेण भद्दसालवणं पण्णासं ······
एवं चउद्दिसिं पि मंदरस्स भद्दसालवणे चत्तारि सिद्धाययणा भाणिअव्वा ।

[१७] मेरु पर्वत से पूर्व की ओर भद्रशाल वन को पचास योजन अतिक्रमण करने पर एक विशाल सिद्धायतन कहा गया है । यह पचास योजन लम्बा, पच्चीस योजन चौडा, छत्तीस योजन ऊँचा और कई सौ स्तभो से सन्निविष्ट है । इसका वर्णन कह लेना चाहिए ।

इस सिद्धायतन के तीन दिशाओ मे तीन द्वार हैं । ये द्वार आठ योजन ऊचे, चार योजन चौडे एवं उतने ही प्रवेश वाले है । ये श्वेतवर्ण तथा श्रेष्ठ स्वर्ण की स्तूपिकाओ वाले हैं—यावत्—वनमालाएँ हैं । यहाँ की भूमि का भी वर्णन कर लेना चाहिए ।

इस (सिद्धायतन) के मध्य भाग मे एक विशाल मणिपीठिका है । यह आठ योजन लम्बी-चौडी, चार योजन मोटी, सर्वरत्नमय व स्वच्छ है । इस मणिपीठिका पर एक देवच्छद है । यह आठ योजन लम्बा-चौडा, सातिरेक आठ योजन ऊँचा—यावत्—जिनप्रतिमा से युक्त है । देवच्छदक से लगाकर धूपकडुच्छुक (धूपदानी) पर्यन्त समस्त वर्णन पूर्ववत् कर लेना चाहिए ।

मेरु पर्वत से दक्षिण की ओर भद्रशाल वन को पचास योजन अतिक्रमण करने पर एक विशाल सिद्धायतन है ।

इस प्रकार मेरु की चारो दिशाओ मे भद्रशाल वन मे चार सिद्धायतन हैं ।

पुष्करिणीवर्णन

[१८] मदरस्स ण पव्वयस्स उत्तर-पुरत्थिमेण भद्दसालवण पण्णास जोअणाइ ओगाहित्ता
एत्थ ण चत्तारि णदापुक्खरिणीओ पण्णत्ताओ, तजहा–
'पउमा १, पउमप्पभा २, चेव, कुमुदा ३, कुमुदप्पभा ४ ।'
ताओ ण पुक्खरिणीओ पण्णास जोअणाइ आयामेण,
पणवीस जोअणाइ विक्खभेण,
दस जोयणाइ उव्वेहेण, वण्णओ ।
वेइया-वणसडाण भाणिअव्वो ।
चउद्दिसि तोरणा-जाद-तासि ण पुक्खरिणीण बहुमज्भदेसभाए एत्थ ण मह एगे ईसाणस्स देविंदस्स
देवरण्णो पासायवडिसए पण्णत्ते–
पंच जोअणसयाइ उड्ढ उच्चत्तेण,
अड्ढाइज्जाइ जोअणसयाइ विक्खभेण,
अब्भुग्गयमूसिय
एव सपरिवारो पासायवडिसओ भाणिअव्वो ।
मदरस्स ण एव दाहिणपुरत्थिमेण पुक्खरिणीओ उप्पलगुम्मा १ णलिणा २ उप्पला ३ उप्पलुज्जला ४ ।
त चेव पमाण । मज्भे पासायवडिसओ सक्कस्स सपरिवारो ।
तेण चेव पमाणेण ।
दाहिण-पच्चत्थिमेण वि पुक्खरिणीओ–
'भिगा १ भिगनिभा २ चेव, अजणा ३ अजणप्पमा ४ ।'
पासायवडिसओ, सक्कस्स सीहासण सपरिवार ।
उत्तरपुरत्थिमेण पुक्खरिणीओ—
'सिरिकता १ सिरिचदा २ सिरिमहिता ३ चेव सिरिणिलया ४ ।'
पासायवडिसओ, ईसाणस्स सीहासण सपरिवारति ।

[१८] मेरु पर्वत से उत्तर-पूर्व की ओर भद्रशाल वन मे पचास योजन जाने पर चार नन्दा पुष्करिणिया (वापिकाए) आती हैं, यथा-पद्मा, पद्मप्रभा, कुमुदा, कुमुदप्रभा ।

ये पुष्करिणिया पचास योजन लम्बी, पच्चीस योजन चौडी एव दस योजन गहरी हैं ।

इनका वर्णन समझ लेना चाहिए-यावत्-इनके चारो ओर पद्मवरवेदिकाए और वनखण्ड हैं। इन की चारो दिशाओं मे (चार) तोरण हैं–यावत्–इन पुष्करिणियो के मध्य मे ईशान-देवेन्द्र देवराज का एक विशाल उत्तम प्रासाद है—यह पाच सौ योजन ऊचा, अढाई सौ योजन चौडा एव उन्नत शिखर वाला है । *यहा सपरिवार प्रासादावतसक का वर्णन समझ लेना चाहिए ।*

इसी प्रकार मेरु से दक्षिण-पूर्व मे (चार) पुष्करिणिया हैं–उत्पलगुल्मा, नलिना, उत्पला और उत्पलोज्ज्वला । इनका प्रमाण भी वही (पूर्वोक्त) है । इनके मध्य मे शक्र (देवेन्द्र देवराज) का सपरिवार प्रासादावतसक है । इसका प्रमाण भी वही है ।

दक्षिण-पश्चिम मे भी (चार) पुष्करिणिया हैं—भृ गा, भृगनिभा, अजना और अजनप्रभा । (इनके मध्य मे) प्रासादावतसक एव शक्र का सपरिवार सिंहासन है ।

उत्तर-पूर्व मे (चार) पुष्करिणिया हैं—श्रीकान्ता, श्रीचन्द्रा, श्रीमहिता और श्रीनिलया । (इनके मध्य मे) प्रासादावतसक व ईशानेन्द्र का सपरिवार सिंहासन है ।

दिशाहस्तिकूट

[१६][१] प्र०—मदरे ण भते ! पव्वए भद्दसालवणे कइ दिसाहत्थिकूडा पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! अट्ठ दिसाहत्थिकूडा पण्णत्ता,[1] तजहा—

गाहा—पउमुत्तरे णीलवते सुहत्थी अजणागिरी ।
कुमुदे अ पलासे अ वडिंसे रोअणागिरी ।।१।।

[२] प्र०—कहि ण भते मदरे पव्वए भद्दसालवणे पउमुत्तरे णाम दिसाहत्थिकूडे पण्णत्ते ?

उ०—गोअमा ! मदरस्स पव्वयस्स उत्तरपुरत्थिमेण पुरत्थिमिल्लाए सीआए उत्तरेणं,
एत्थ ण पउमुत्तरे णाम दिसाहत्थिकूडे पण्णत्ते,
पंच जोयणसयाइ उड्ढ उच्चत्तेण,
पंच गाउअसयाइ उव्वेहेण,
एवं विक्खभ-परिक्खेवो भाणियव्वो चुल्लहिमवतसरिसो ।
पासायाण य त चेव,
पउमुत्तरो देवो, रायहाणी उत्तरपुरत्थिमेण (१)
एवं णीलवतदिसाहत्थिकूडे,
मदरस्स दाहिणपुरत्थिमेणं पुरत्थिमिल्लाए सीआए दक्खिणेणं ।
एअस्स वि नीलवतो देवो, रायहाणी दाहिणपुरत्थिमेण (२)
एवं सुहत्थिदिसाहत्थिकूडे,
मदरस्स दाहिणपुरत्थिमेण दक्खिणिल्लाए सीओआए पुरत्थिमेणं ।
एअस्सवि सुहत्थी देवो, रायहाणी दाहिणपुरत्थिमेण (३)
एवं चेव अंजणागिरिदिसाहत्थिकूडे,
मदरस्स दाहिण-पच्चत्थिमेणं दक्खिणिल्लाए सीओआए पच्चत्थिमेण ।
एअस्स वि अंजणागिरी देवो, रायहाणी दाहिणपच्चत्थिमेण (४)
एवं कुमुदे विदिसाहत्थिकूडे
मदरस्स दाहिण-पच्चत्थिमेण पच्चत्थिमिल्लाए सीओआए दक्खिणेण ।
एअस्स वि कुमुदो देवो, रायहाणी दाहिण-पच्चत्थिमेण (५)
एव पलासे विदिसाहत्थिकूडे
मंदरस्स उत्तर-पच्चत्थिमेणं, पच्चत्थिमिल्लाए सीओआए उत्तरेणं,
एअस्स वि पलासो देवो, रायहाणी उत्तर-पच्चत्थिमेणं (६)
एवं वडेंसे विदिसाहत्थिकूडे
मदरस्स उत्तर-पच्चत्थिमेणं, उत्तरिल्लाए सीआए महाणईए पच्चत्थिमेणं,
एअस्स वि वडेंसो देवो, रायहाणी उत्तर-पच्चत्थिमेण (७)
एव रोअणागिरी दिसाहत्थिकूडे
मदरस्स उत्तर पुरत्थिमेणं, उत्तरिल्लाए सीआए पुरत्थिमेण,
एयस्स वि रोअणागिरी देवो, रायहाणी उत्तर-पुरत्थिमेण (८)

—जम्बू वक्ष ४ सूत्र १०३ पृ. ३६०

[१६][१] प्र०—भगवन् ! मेरु पर्वत के भद्रशालवन मे कितने दिक्हस्तिकूट (हाथी के आकार के कूट) हैं ?

उ०—गौतम ! आठ दिक्हस्तिकूट हैं, यथा—

गाथार्थ—(१) पद्मोत्तर (२) नीलवन्त (३) सुहस्ती (४) अजनगिरि (५) कुमुद (६) पलास (७) अवतसक (८) रोचनगिरि।

---

१ ठा० ८ सूत्र ६४२ पृ० ४१३

[२] प्र०—भगवन् ! मेरु पर्वत के भद्रशालवन मे पद्मोत्तर नामक दिक्हस्तिकूट कहाँ है ?

उ०—मेरु पर्वत के उत्तर-पूर्व मे एव पूर्वी शीता (महानदी) के उत्तर मे पद्मोत्तर नामक दिक्हस्तिकूट है। यह पाच सौ योजन ऊँचा एव पाच सौ योजन गहरा है। इसकी चौडाई एव परिधि चुल्ल-हिमवत के समान है। प्रासाद आदि भी वैसे ही हैं। यहाँ पद्मोत्तर देव है। इसकी राजधानी उत्तर-पूर्व मे हैं। इसी प्रकार नीलवन्त दिक्हस्तिकूट मेरु के दक्षिण-पूर्व मे तथा पूर्वी शीता नदी के दक्षिण मे है। इसका देव नीलवन्त है और राजधानी दक्षिण-पूर्व मे है।

इसी प्रकार सुहस्ती दिक्हस्तिकूट मेरु के दक्षिण-पूर्व मे तथा दक्षिणी शीतोदा नदी के पूर्व मे है। यहा सुहस्ती देव है। राजधानी दक्षिण-पूर्व मे है।

इसी प्रकार अजनगिरि दिक्हस्तिकूट मेरु के दक्षिण-पश्चिम मे तथा दक्षिणी शीतोदा के पश्चिम मे है। यहाँ अजनगिरि देव है व राजधानी दक्षिण-पश्चिम मे है।

इसी प्रकार कुमुद विदिक्हस्तिकूट मेरु के दक्षिण-पश्चिम मे तथा पश्चिमी शीतोदा नदी के उत्तर मे है। यहाँ कुमुद देव है। राजधानी दक्षिण-पश्चिम मे है।

इसी प्रकार पलास विदिक्हस्तिकूट मेरु के उत्तर-पश्चिम मे तथा शीतोदा नदी के उत्तर मे है। यहाँ पलास देव है। राजधानी उत्तर-पश्चिम मे है।

इसी प्रकार अवतमक विदिक्हस्तिकूट मेरु के उत्तर-पश्चिम मे तथा शीता महानदी के मे है। यहाँ अवतसक देव है और उत्तर-पश्चिम मे राजधानी है।

इसी प्रकार रोचनगिरि दिक्हस्तिकूट मेरु के उत्तर-पूर्व मे तथा शीता महानदी के पूर्व मे है। यहाँ रोचनगिरि देव है। राजधानी उत्तर-पूर्व मे है।*

नन्दनवन

[२०][१] प्र०—कहि ण भते ! मदरे पव्वए णदणवणे णाम वणे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! भद्दसालवणस्स बहुसम-रमणिज्जाओ भूमिभागाओ पचजोयणसयाइ उड्ढ उप्पइत्ता एत्थ ण मदरे पव्वए णदणवणे णाम वणे पण्णत्ते[1]।

पचजोयणसयाइ चक्कवालविक्खमेण वट्टे वलयाकारसठाणसठिए,

जे ण मदर पव्वय सव्वओ समता सपरिक्खित्ताण चिट्ठइ त्ति।

णवजोयणसयाइ णव य चउप्पण्णे जोअणसए छच्चेगारसभाए जोअणस्स बाहिं गिरिविक्खभो,

एगत्तीस जोयणसहस्साइ चत्तारि अ अउणासीए जोअणसए किंचि विसेसाहिए बाहिं गिरिपरिरएण,

अट्ठ जोअणसहस्साइ णव य चउप्पण्णे जोअणसए छच्चेगारसभाए जोअणस्स अतो गिरिविक्खभो,

अट्ठावीस जोअणसहस्साइ तिण्णि य सोलसुत्तरे जोअणसए अट्ठ य इक्कारसभाए जोअणस्स अंतो गिरिपरिरएण।

सेण एगाए पउमवरवेइआए एगेण य वणसडेण सव्वओ समता सपरिक्खित्ते।

वण्णओ-जाव-देवा आसयति।

मदरस्स ण पव्वयस्स पुरत्थिमेण

---

* मूल पाठ मे, आठ मे से पाच को दिक्हस्तिकूट और तीन को विदिक्हस्तिकूट कहा गया है, जबकि विदिक्हस्तिकूट चार होने चाहिए। सभवत प्रथमकूट पद्मोत्तर भी विदिक्हस्तिकूट है, जैसा कि टीकाकार के इस उल्लेख से ज्ञात होता है—'पद्मोत्तरऽत्र देव, तस्य राजधानी उत्तरपूर्वस्या उक्तविदिग्वर्त्तिकूटाधिपत्वादस्येति।'

१ नदणवणस्स णं हेट्ठिल्लाओ चरमताओ सोगंधियस्स कडस्स हेट्ठिल्ले चरमते एस ण पचासीइ जोयणसहस्साइं अबाहाए अतरे पण्णत्ते। —सम० ८५, सूत्र ४.
—नदणवणस्स ण उवरिल्लाओ चरमताओ पडुयवणस्स हेट्ठिल्ले चरमते एस ण अट्ठाणउइ जोयणसहस्साइ अबाहाए अतरे पण्णत्ते। —सम० ९८ सूत्र १
—नदणवणस्स ण पुरच्छिमिल्लाओ चरमताओ पच्चत्थिमिल्ले चरमते एस ण नवनउइ जोयणसयाइ अबाहाए अतरे पण्णत्ते। —सम० ९९ सूत्र २

एव चउद्दिसि चत्तारि सिद्धाययणा,
विदिसासु पुक्खरिणीओ
त चेव पमाण सिद्धाययणाण पुक्खरिणीण च ।
पासायवडिसगा तह चेव सक्केसाणाण, तेण चेव पमाणेणं ।

[२०][१] प्र०—भगवन् ! मेरु पर्वत पर नन्दन नामक वन कहा है ?

उ०—गौतम ! भद्रशाल वन के अत्यन्त सम और रमणीय भूमिभाग से पाच सौ योजन ऊँचा जाने पर मेरु पर्वत पर नन्दन नामक वन आता है। यह पाँच सौ योजन चक्राकार विस्तार वाला, वर्तुल एव वलयाकार है। इसने मेरु पर्वत को सभी ओर से घेरा हुआ है। बाहर का गिरिविष्कम (मेरु पर्वत की चौडाई) ९९५४ $\frac{६}{११}$ योजन है। बाहर की गिरिपरिधि ३१४७९ योजन से किंचित् अधिक है। अन्दर का गिरिविष्कम ८९५४ $\frac{६}{११}$ योजन है अन्दर की गिरिपरिधि २८३१६ $\frac{८}{११}$ योजन है। इस (नन्दनवन) के चारो ओर एक पद्मवरवेदिका और एक वनखण्ड है। यहाँ इनका वर्णन समझ लेना चाहिए-यावत्-यहाँ देव बैठते है। मेरु पर्वत के पूर्व मे एक विशाल सिद्धायतन है, इसी प्रकार चारो दिशाओ मे चार सिद्धायतन हैं। विदिशाओ मे पुष्करिणिया हैं। सिद्धायतनो, पुष्करिणियो एव शक्र-ईशान के प्रासादावतसको का प्रमाण पूर्ववत् ही है।

नन्दनवन के कूट

[२१][१] प्र०—णंदणवणे ण भते ! कइ कूडा पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! णव[1] कूडा पण्णत्ता, तजहा—णंदणवणकूडे १, मदरकूडे २, णिसहकूडे ३, हिमवय-कूडे ४, रययकूडे ५, रुअगकूडे ६, सागरचित्तकूडे ७, वइरकूडे ८, बलकूडे[2] ९।

[२] प्र०—कहि ण भते ! णंदणवणे णंदणवणकूडे णाम कूडे पण्णत्ते ?

उ०—गोअमा ! मदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमिल्लसिद्धाययणस्स उत्तरेणं,
उत्तर-पुरत्थिमिल्लस्स पासायवडेंसयस्स दक्खिणेण,
एत्थ ण णदणवणे णदणवणे णाम कूडे पण्णत्ते।
पंचसइआ कूडा पुव्ववण्णिआ भाणिअव्वा।
देवी मेहकरा,
रायहाणी विदिसाए त्ति १।
एआहि चेव पुव्वाभिलावेण णेअव्वा
इमे कूडा इमाहि दिसाहि
पुरत्थिमिल्लस्स भवणस्स दाहिणेणं,
दाहिण—पुरत्थिमिल्लस्स पासायवडेंसगस्स उत्तरेणं,
मंदरे कूडे, मेहवई देवी, रायहाणी पुव्वेणं २।
दक्खिणिल्लस्स भवणस्स पुरत्थिमेण,
दाहिण-पुरत्थिमिल्लस्स पासायवडेंसगस्स पच्चत्थिमेण,
णिसहे कूडे, सुमेहा देवी, रायहाणी दक्खिणेणं ३।
दक्खिणिल्लस्स भवणस्स पच्चत्थिमेणं,
दक्खिण-पच्चत्थिमिल्लस्स पासायवडेंसगस्स पुरत्थिमेणं,
हेमवए कूडे, हेममालिनी देवी, रायहाणी दक्खिणेण ४।
एत्थ ण महं एगे सिद्धाययणे पण्णत्ते।

---

१. ठा० ९, सूत्र ६८९ प्र० ४३०।
२. सम ११३, सूत्र ६

पच्चत्थिमिल्लस्स भवणस्स दक्खिणेण,
दाहिण-पच्चत्थिमिल्लस्स पासायवडेंसगस्स उत्तरेण,
रयए कूडे, सुवच्छा देवी, रायहाणी पच्चत्थिमेण ५।
पच्चत्थिमिल्लस्स भवणस्स उत्तरेण
उत्तरपच्चत्थिमिल्लस्स पासायवडेंसगस्स दक्खिणेण,
रुअगे कूडे, वच्छमित्ता देवी, रायहाणी पच्चत्थिमेण ६।
उत्तरिल्लस्स भवणस्स पच्चत्थिमेण
उत्तरपच्चत्थिमिल्लस्स पासायवडेंसगस्स पुरत्थिमेण
सागरचित्ते कूडे, वइरसेना देवी, रायहाणी उत्तरेण ७।
उत्तरिल्लस्स भवणस्स पुरत्थिमेण
उत्तरपुरत्थिमिल्लस्स पासायवडेंसगस्स पच्चत्थिमेण
वइरकूडे, वलाहया देवी, रायहाणी उत्तरेणत्ति ८।

[३] प्र०—कहि ण भते ! णदणवणे वलकूडे णाम कूडे पण्णत्ते ?
उ०—गोअमा ! मदरस्स पव्वयस्स उत्तरपुरत्थिमेण
एत्थ ण णदणवणे बलकूडे णाम कूडे पण्णत्ते।
एव ज चेव हरिस्सहकूडस्स पमाण रायहाणी अ त चेव वलकूडस्स वि।
णवर वलो देवो, रायहाणी उत्तरपुरत्थिमेणत्ति।

—जम्बू. वक्ष ४ सूत्र१०४ पृ १६६–७

[२१][१] प्र०—भगवन् ! नन्दनवन मे कितने कूट हैं ?
उ०—गौतम ! नौ कूट हैं, यथा—(१) नन्दनवनकूट (२) मन्दरकूट (३) निषधकूट (४) हिमवतकूट (५) रजतकूट (६) रुचककूट (७) सागरचित्तकूट (८) वज्रकूट और (९) वलकूट।

[२] प्र०—भगवन् ! नन्दनवन मे नन्दनवनकूट कहाँ है ?
उ०—गौतम ! मन्दर पर्वत के पूर्वीय सिद्धायतन के उत्तर मे तथा उत्तरपूर्वीय प्रासादावतसक के दक्षिण मे नन्दनवन नामक कूट है। यहा पाच सौ कूट पूर्ववर्णित (विदिक्-हस्तिकूट प्रकरण मे कथित) कह लेने चाहिए। यहा की देवी मेघकरा है। राजधानी विदिशा (उत्तर-पूर्व) मे है। इस पूर्वोक्त कथन के साथ आगे कहे जाने वाले कूट इन आगे कही जाने वाली दिशाओ मे समझ लेना चाहिए।

पूर्वीय भवन के दक्षिण मे तथा दक्षिणपूर्वीय प्रासादावतसक के उत्तर मे मदर कूट है। यहा की देवी मेघवती है। इसकी राजधानी पूर्व मे है।

दक्षिणी भवन के पूर्व मे तथा दक्षिण-पूर्व के प्रासादावतसक के पश्चिम मे निषधकूट है। देवी सुमेघा है और राजधानी दक्षिण मे है।

दक्षिणी भवन के पश्चिम मे तथा दक्षिण-पश्चिम के प्रासादावतसक के पूर्व मे हैमवतकूट है। देवी हेममालिनी है। उसकी राजधानी दक्षिण मे है।

पश्चिम के भवन के दक्षिण मे तथा दक्षिण-पश्चिम के प्रासादावतसक के उत्तर मे रजतकूट है। सुवत्सा देवी है। राजधानी पश्चिम मे है।

पश्चिमी भवन के उत्तर मे तथा उत्तर-पश्चिम के प्रासादावतसक के दक्षिण में रुचककूट है। वत्स-मित्रा देवी है। राजधानी पश्चिम मे है।

उत्तरीय भवन के पश्चिम मे तथा उत्तर-पश्चिम के प्रासादावतसक के पूर्व मे सागरचित्तकूट है। वज्रसेना देवी है। राजधानी उत्तर मे है।

उत्तरीय भवन के पूर्व मे तथा उत्तर-पूर्वीय प्रासादावतसक के पश्चिम मे वज्रकूट है। वलाहका देवी है। राजधानी उत्तर मे है।

[३] प्र०—भगवन् ! नन्दनवन मे बलकूट नामक कूट कहा है ?

उ०—गौतम ! मन्दर पर्वत से उत्तर-पूर्व मे नन्दनवन मे बलकूट नामक कूट है ।
हरिस्सहकूट का जो प्रमाण और राजधानी है वही बलकूट का प्रमाण और राजधानी समझना चाहिए । विशेषता यह है कि बलकूट मे देव बल नामक है और राजधानी उतर-पूर्व मे है ।

सौमनस वन

[२२][१] प्र०—कहि णं भते ! मदरए पव्वए सोमणसवणे णाम वणे पण्णत्ते ?

उ०—गोअमा ! णदणवणस्स बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ अद्धतेवट्ठिं जोअणसहस्साइं उड्ढं उप्पइत्ता
एत्थ ण मदरे पव्वए सोमणसवणे णाम वणे पण्णत्ते ।
पच जोयणसयाइ चक्कवालविक्खमेण
वट्टे वलयागारसठाणसठिए
जे ण मदरं पव्वय सव्वओ समता सपरिक्खित्ताणं चिट्ठइ ।
चत्तारि जोयणसहस्साइ दुण्णि य बावत्तरे जोअणसए अट्ठ य इक्कारसभाए जोअणस्स
बाहिं गिरिविक्खभेण ।
तेरस जोअणसहस्साइं पंच य एक्कारे जोअणसए छच्च इक्कारसभाए जोअणस्स बाहिं गिरिपरिरएणं ।
तिण्णि जोअणसहस्साइ दुण्णि अ बावत्तरे जोअणसए अट्ठ य इक्कारसभाए जोयणस्स अंतो गिरिविक्खंभेण ।
दस जोअणसहस्साइ तिण्णि य अउणापण्णे जोअणसए तिण्णि अ इक्कारसभाए जोअणस्स
अंतो गिरिपरिरएणति ।
से ण एगाए पउमवरवेइयाए एगेण य वणसंडेण सव्वओ समता सपरिक्खित्ते ।
वण्णओ । किण्हे किण्होभासे—जाव—आसयंति ।
एव कूडवज्जा सच्चेव णदणवणवत्तव्वया भाणियव्वा ।
तं चेव ओगाहिऊण—जाव—पासायवडेंसगा सक्कीसाणाणंति ।

—जम्बू वक्ष ४ सूत्र १०५ पृ ३६९

[२२][१] प्र०—भगवन् ! मेरु पर्वत पर सौमनस वन नामक वन कहा है ?

उ०—गौतम ! नन्दनवन के अति सम एव रमणीय भूमिभाग से ६२५०० योजन ऊपर जाने पर मेरु पर्वत पर सौमनस नामक वन आता है । यह ५०० योजन चक्राकार चौडा, वर्तुल, वलयाकार एवं मेरु पर्वत को चारो ओर से घेरे हुए है । इसके बाहर का गिरिविष्कभ ४२७२ $\frac{८}{११}$ योजन है । गिरिपरिधि १३५११ $\frac{६}{११}$ योजन है । अदर का गिरि-विष्कभ ३२७२ $\frac{८}{११}$ योजन है । अदर की गिरि-परिधि १०३४९ $\frac{३}{११}$ योजन है । सौमनस वन के सब ओर एक पद्मवरवेदिका और एक वनखण्ड है । यहा उनका वर्णन समझ लेना चाहिए । यह कृष्ण और कृष्णावभास है—यावत्—(यहा देव क्रीडा करते और) बैठते है ।

इस प्रकार कूटो को छोडकर शेष वर्णन नन्दनवन के समान कर लेना चाहिए । उतनी ही दूरी पर यावत्—शक्र-ईशानेन्द्र के प्रासादावतसक हैं ।

पंडकवन

[२३][१] प्र०—कहि ण भते ! मदरपव्वए पडगवणे णाम वणे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! सोमणसवणस्स वहुसम-रमणिज्जाओ भूमिभागाओ छत्तीस जोअणसहस्साइ उड्ढ उप्पइत्ता
एत्थ ण मदरे पव्वए सिहरतले पडगवणे णाम वणे पण्णत्ते ।
चत्तारि चउणउए जोयणसए चक्कवालविक्खभेण
वट्टे वलयाकारसठिए ।
जे ण मदरचूलिअ सव्वओ समता सपरिविखत्ताण चिट्ठइ ।
तिण्णि जोअणसहस्साइ एग च वावट्ठ जोअणसय किंचिविसेसाहिअ परिक्खेवेण ।
से ण एगाए पउमवरवेइयाए, एगेण य वणसडेण—जाव—किण्हे, देवा आसयति ।
पडगवणस्स वहुमज्झदेसभाए
एत्थ ण मदरचूलिआ णाम चूलिआ पण्णत्ता,
चत्तालीस जोयणाइ उड्ढ उच्चत्तेण,[1]
मूले वारस जोअणाइ विक्खभेण,[2]
मज्झे अट्ठ जोअणाइ विक्खभेण,[3]
उप्पि चत्तारि जोअणाइ विक्खभेण ।
मूले साइरेगाइ सत्तत्तीस जोयणाइ परिक्खेवेण,
मज्झे साइरेगाइ पणवीस जोयणाइ परिक्खेवेण,
उप्पि साइरेगाइ वारस जोयणाइ परिक्खेवेण ।
मूले विच्छिन्ना, मज्झे सखित्ता, उप्पि तणुआ ।
गोपुच्छसठाणसठिआ, सव्ववेरुलिआमई, अच्छा ।
सा ण एगाए पउमवरवेइयाए—जाव—सपरिविखत्ता इति ।
उप्पि वहुसमरमणिज्जे भूमिभागे—जाव—सिद्धाययण ।
वहुमज्झदेसभाए कोस आयामेण, अद्धकोस विक्खभेण, देसूणग कोस उड्ढ उच्चत्तेणं ।
अणेगखभसय—जाव—धूवकडुच्छुगा ।
मदरचूलिआए ण पुरत्थिमेण पडगवण पण्णास जोअणाइ ओगाहित्ता
एत्थ ण मह एगे भवणे पण्णत्ते ।
एव जच्चेव सोमणसे पुव्ववण्णिओ गमो
भवणाण पुक्खरिणीण पासायवडेंसगाण य सो चेव णेअव्वो
—जाव—सक्कीसाणवडेंसगा तेण चेव परिमाणेण ।

—जम्बू वक्ष ४ सूत्र १०६ पृ ३७०

[२३][१] प्र०—भगवन् ! मेरु पर्वत पर पडक नामक वन कहाँ है ?

उ०—गौतम ! सौमनस वन के अति सम एव रमणीय भूमिभाग से छत्तीस हजार योजन ऊपर जाने पर मेरुपर्वत के शिखरतल पर पडक नामक वन है । यह ४९४ योजन चक्राकार चौडा, वर्तुल, वलयाकार एव मेरुचूलिका को सभी ओर से घेरे हुए है । इसकी परिधि ३१६२ योजन से कुछ अधिक है । यह एक पद्मवरवेदिका से और एक वनखण्ड से (सब ओर घिरा है)—यावत्—कृष्ण है । देव यहा बैठते हैं ।

१—सम. ४०, सूत्र २
२— „ १२, सूत्र ६
३—ठा. ८, उ. ३ सूत्र ६४० पृ. ४१३

पडकवन के मध्य मे मदरचूलिका नामक चूलिका है। यह चालीस योजन ऊँची, मूल मे बारह योजन चौडी, मध्य मे आठ योजन चौडी, ऊपर चार योजन चौडी, मूल मे साधिक सैंतीस योजन की परिधि वाली, मध्य मे साधिक पच्चीस योजन की परिधि वाली, ऊपर साधिक बारह योजन की परिधि वाली, मूल मे विस्तीर्ण, मध्य मे सक्षिप्त, ऊपर पतली, गोपुच्छाकार, सर्ववैडूर्यमय एव स्वच्छ है। यह एक पद्मवरवेदिका से—यावत्—घिरी है। इस पर अति सम और रमणीय भूमि-भाग है—यावत्—मध्य मे सिद्धायतन है। यह एक कोस लबा, आधा कोश चौडा, कुछ कम एक कोस ऊँचा, सैंकडो स्तम्भो (से सन्निविष्ट)—यावत्—धूपदानियो से युक्त है।

मदरचूलिका से पूर्व मे पडकवन को पचास योजन पार करने पर एक विशाल भवन आता है। इस प्रकार जो वर्णन सौमनसवन के प्रकरण मे किया गया है, वह सब यहा के भवनो, पुष्करणियो एव प्रासादावतसको के विषय मे समझ लेना चाहिए—यावत्—शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र के अवतसक उसी परिमाण के हैं।

अभिषेक शिलाएं

पाण्डुशिला

[२४][१] प्र०—पण्डकवणे णं भंते ! कइ अभिसेअसिलाओ पण्णत्ताओ ?

उ०—गोयमा ! चत्तारि अभिसेअसिलाओ पण्णत्ताओ[1], तंजहा—
पंडुसिला, पंडुकंबलसिला, रत्तसिला, रत्तकंबलसिलेत्ति ।

[२] प्र०—कहि ण भते ! पंडगवणे पंडुसिला णामं सिला पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! मंदरचूलिआए पुरत्थिमेण पडगवणपुरत्थिमपेरंते
एत्थ णं पडगवणे पंडुसिला णाम सिला पण्णत्ता ।
उत्तर-दाहिणायया, पाईण-पडीणविच्छि(त्थि)ण्णा,
अद्धचदसठाणसठिया ।
पंचजोअणसयाइं आयामेणं,
अड्ढाइज्जाइ जोअणसयाइं विक्खंभेण,
चत्तारि जोअणाइं बाहल्लेणं,
सव्वकणगामई अच्छा ।
वेइआ-वणसंडेण सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता वण्णओ ।
तीसे णं पंडुसिलाए चउद्दिसिं चत्तारि तिसोवाणपडिरूवगा पण्णत्ता-जाव-तोरणा । वण्णओ ।
तीसे णं पंडुसिलाए उप्पिं बहुसम-रमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते-जाव-देवा आसयति ।
तस्स णं बहुसम-रमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए उत्तर-दाहिणेणं
एत्थ णं दुवे सीहासणा पण्णत्ता,
पंचधणुसयाइं आयाम-विक्खंभेण,
अड्ढाइज्जाइं धणुसयाइं बाहल्लेण ।
सीहासणवण्णओ भाणिअव्वो विजयदूसवज्जो त्ति ।
तत्थ ण जे से उत्तरिल्ले सीहासणे

१. ठा० ४ उ० २ सूत्र० ३०२ पृ० २१२

तत्थ ण बहूहिं भवणवइ-वाणमतर-जोइसिय-वेमाणिएहिं देवेहिं देवीहि अ कच्छाइया तित्थयरा अभिसिच्चति ।

तत्थ ण जे से दाहिणिल्ले सीहासणे

तत्थ ण बहूहि भवण-जाव वेमाणिएहिं देवेहिं देवीहि अ वच्छाईया तित्थयरा अभिसिच्चति ।

[२४][१] प्र०—भगवन् ! पडकवन मे अभिषेक-शिलाए कितनी हैं ?

उ०—गौतम ! चार अभिषेक-शिलाए हैं, यथा—

(१) पाण्डुशिला (२) पाण्डुकवलशिला (३) रक्तशिला (४) रक्तकवलशिला ।

[२] प्र०—भगवन् ! पडकवन मे पाण्डुशिला कहाँ है ?

उ०—गौतम ! मदरचूला से पूर्व मे और पडकवन के पूर्वान्त मे पडकवनस्थित पाडुशिला है। यह उत्तर-दक्षिण मे लम्बी, पूर्व-पश्चिम मे चौडी, अर्द्धचन्द्राकार, पांच सौ योजन लम्बी, अढाई सौ योजन चौडी, चार योजन मोटी, सर्वकनकमयी, स्वच्छ एव वेदिका तथा वनखण्ड से सब ओर से घिरी हुई है ।

इस पाडुशिला की चारो दिशाओ मे चार प्रतिरूप त्रिसोपान (पक्तियाँ) है,—यावत्-तोरण पर्यन्त सब वर्णन समझ लेना चाहिए ।

इस पाण्डुशिला पर अतिशय सम और रमणीय भूभाग है जहाँ देव बैठते हैं, आदि ।

इस सम एव रमणीय भूमाग के बीच मे उत्तर-दक्षिण की ओर दो सिंहासन हैं । ये पाँच सौ धनुप लम्बे-चौडे और अढाई सौ धनुप मोटे है । यहाँ सिंहासन का वर्णन कह लेना चाहिए किन्तु विजयदूष्य का कथन नही करना चाहिए ।

इनमे से जो उत्तर की ओर का सिंहासन है वहा अनेक भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देव-देवियाँ कच्छ आदि (आठ विजयो) के तीर्थकरो का अभिषेक करते हैं ।

इनमे जो दक्षिण की ओर का सिंहासन है वहाँ भवनपति-यावत्-वैमानिक देव वत्स आदि (आठ विजयो) के तीर्थकरो का अभिषेक करते हैं ।

पाण्डुकंबलशिला

[२५][१] प्र०—कहि ण भते ! पडगवणे पडुकवलासिलाणाम सिला पण्णत्ता ?

उ०—गोअमा ! मदरचूलिआए दक्खिणेण, पडगवणदाहिणपेरते

एत्थ ण पडगवणे पडुकवलसिलाणाम सिला पण्णत्ता ।

पाईण-पडीणाययया, उत्तर-दाहिणवित्यिन्ना ।

एव त चेव पमाण वत्तव्वया य भाणिअव्वा—जाव—तस्स ण बहुसम-रमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए

एत्थ ण मह एगे सीहासणे पण्णत्ते ।

त चेव सीहासणप्पमाण ।

तत्थ ण बहूहि भवण—जाव—भारहगा तित्थयरा अहिसिच्चति ।

[२५][१] प्र०—भगवन् ! पडकवन मे पाण्डुकम्बल नामक शिला कहा है ?

उ०—गौतम ! मेरु पर्वत के दक्षिण मे एव पण्डक वन के दक्षिणी चरमान्त मे पडकवनस्थित पाण्डुकवल नामक शिला है । यह पूर्व-पश्चिम मे लम्बी और उत्तर-दक्षिण मे चौडी है । इसका सम्पूर्ण प्रमाण पूर्ववत् समझना चाहिए—यावत्—इसके समतल रमणीय भूमिभाग के बीचो बीच एक विशाल सिंहासन है । इस सिंहासन का प्रमाण वही (पूर्वोक्त) है । यहा अनेक भवनपति—यावत्—भरत क्षेत्र के तीर्थंकरो का अभिषेक करते हैं ।

रक्तशिला

[२६][१] प्र०—कहि णं भंते ! पंडगवणे रत्तसिलाणामं सिला पण्णत्ता ?

उ०—गोअमा ! मदरचूलिआए पच्चत्थिमेण पंडगवणपच्चत्थिमपेरंते
एत्थ णं पडगवणे रत्तसिलाणाम सिला पण्णत्ता ।
उत्तर-दाहिणायया, पाईण-पडीणविच्छिन्ना—जाव—
त चेव पमाणं, सव्वतवणिज्जमई, अच्छा,
उत्तर-दाहिणेण एत्थ ण दुवे सीहासणा पण्णत्ता ।
तत्थ ण जे से दाहिणिल्ले सीहासणे
तत्थ ण बहूहिं भवण—जाव— पम्हाइआ तित्थयरा अहिसिच्चंति ।
तत्थ ण जे से उत्तरिल्ले सीहासणे
तत्थ ण बहूहिं भवण—जाव—वप्पाइआ तित्थयरा अहिसिच्चंति ।

[२६][१] प्र०—भगवन् ! पडकवन मे रक्तशिला कहा है ?

उ०—गौतम ! मेरु पर्वत के पश्चिम मे एव पडकवन के पश्चिमी चरमान्त मे पडकवनस्थित रक्तशिला नामक शिला है । यह उत्तर-दक्षिण की ओर लम्बी और पूर्व-पश्चिम मे चौडी है ।—यावत्—इसका प्रमाण भी वही है । यह सर्वात्मना तपनीय स्वर्णमयी और स्वच्छ है ।
इसके उत्तर-दक्षिण मे दो सिहासन हैं । इनमे से जो दक्षिण का सिंहासन है वहा अनेक भवनपति आदि पद्मादि (आठ विजयो) के तीर्थंकरो का अभिषेक करते हैं । इनमे जो उत्तर का सिंहासन है वहा अनेक भवनपति आदि वप्र आदि (आठ विजयो) के तीर्थंकरो का अभिषेक करते है ।

रक्तकंबलशिला

[२७][१] प्र०—कहि ण भंते ! पंडगवणे रत्तकंबलसिला णाम सिला पण्णत्ता ?

उ०—गोअमा ! मदरचूलिआए उत्तरेणं, पडगवणउत्तरचरिमते एत्थ णं पडगवणे रत्तकंबलसिला णाम सिला पण्णत्ता ।
पाईण-पडीणायया, उदीण-दाहिणविच्छिन्ना,
सव्वतवणिज्जमई, अच्छा—जाव—
मज्झदेसभाए सीहासणं ।
तत्थ णं बहूहिं भवणवइ—जाव—देवेहिं देवीहि य एरावयगा तित्थयरा अहिसिच्चंति ।

—जम्बू वक्ष ४ सूत्र १०७ पृ ३७२

[२७][१] प्र०—भगवन् ! पडकवन मे रक्तकबल नामक शिला कहा है ?

उ०—गौतम ! मेरु पर्वत के उत्तर मे एव पडकवन के उत्तरीय चरमान्त मे पडकवन स्थित रक्तकंवल-शिला नामक शिला है । यह पूर्व-पश्चिम मे लम्बी, उत्तर-दक्षिण मे चौडी, सर्वसुवर्णमय एव स्वच्छ है,—यावत्—इसके मध्य मे सिंहासन है । यहा अनेक भवनपति आदि देव-देविया ऐरावत (वर्ष) के तीर्थंकरो का अभिषेक करते हैं ।

मंदर पर्वत के काण्ड

[२८][१] प्र०—मंदरस्स णं भंते ! पव्वयस्स कइ कंडा पण्णत्ता ?

उ०—गोअमा ! तओ कंडा पण्णत्ता, तंजहा—
हिट्ठिल्ले कडे, मज्झिल्ले कंडे, उवरिल्ले कडे ।

[२] प्र०—मंदरस्स ण भंते ! पव्वयस्स हिट्ठिल्ले कंडे कतिविहे पण्णत्ते ?
उ०—गोअमा ! चउव्विहे पण्णत्ते, तंजहा—पुढवी १, उवले २, वइरे ३, सक्करा ४।

[३] प्र०—मज्झिमिल्ले ण भंते ! कंडे कतिविहे पण्णत्ते ?
उ०—गोअमा ! चउव्विहे पण्णत्ते, तंजहा—
अंके १, फलिहे २, जायरूवे ३, रयए ४।

